फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 33 प्रभात जयपुर, मंगलवार 3 सितम्बर, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



"They are a nasty, stinking, dirty race and..."

Minnie Wood wrote to her mother from Rawalpindi that she could not find a decent ayah because her last ayah left and went around telling people that Minnie had flogged her.

Incredible Monsoon Safari Experiences

# 'हम सरकार के वरिष्ठ पार्टनर हैं'

## भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव (2025) के पहले यह सत्य स्थापित कर देना चाहती है

-श्रीनंद झा-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। जद(यू) के प्रवक्ता पद से के.सी. त्यागी का हटना या कहें कि स्वेच्छा से हटने की पृष्ठभूमि में कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम हैं। इनमें से एक है बिहार के नए मुख्य सचिव के पद पर कोयला सचिव अमृतलाल मीणा की नियुक्ति की उम्मीदें थी कि, वरिष्ठ अधिकारी प्रत्यात अमृत जिन्हें नीतीश का करीबी माना जाता था, को मुख्य सचिव बनाया जाएगा पर जब यह नहीं हुआ तो अमृत निजी कारणों से एक महीने की छुट्टी पर घर चले गए।

समझा जाता है कि कुछ दिन पहले, एन्फोर्समेन्ट डायरेक्ट्रेट (ई.डी.) के अधिकारियों ने उन्हें बुलाया था तथा सड़क-निर्माण एवं अन्य मामलों में हुई डील के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण माँगे थे, हालाँकि इन मामलों में कोई विधिवत रेड नहीं डाली गई थी। नौकरशाही में एक और महत्वपूर्ण नियुक्ति हुई है, जिसके अन्तर्गत, आलोक राज बिहार के नये डी.जी.पी. बनाये गये हैं। कुछ वर्ष पहले, जब जे.डी.यू. और आर.जे.डी. मिलकर राज्य की गठबन्धन सरकार चला रहे थे, इस पद के लिए आलोक राज के नाम पर विचार हुआ था। उस समय, उनकी उम्मीदवारी इस आधार

- एक-एक करके केन्द्रीय सरकार के सहयोग से मु.मंत्री नीतीश कुमार पर हावी होती जा रही भाजपा बिहार में।
- इस रणनीति का पहला संकेत था केन्द्रीय सरकार में कोल सचिव अमृत लाल मीणा को बिहार का मु.सचिव बनाना। नीतीश कुमार अपने नज़दीकी प्रत्याता अमृत को सी.एस. नियुक्त करने के लिए दबाव बना रहे थे।
- यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रत्याता अमृत से ई.डी. ने कुछ समय पूर्व पूछताछ की थी, सड़क निर्माण के कुछ बड़े टेण्डरों के बारे में।
- भाजपा की घेराबंदी का दूसरा संकेत था, आलोक राज की बिहार के नये डी.जी.पी. के रूप में नियुक्ति।
- आलोक राज को डी.जी.पी. बनाने की बात जे.डी.यू. व आर.जे.डी. गठबंधन की सरकार के दौरान भी चली थी, पर, भाजपा से उनकी नज़दीकी देखते हुए उन्हें डी.जी.पी. नहीं बनाया गया था।
- अब बिहार के रहने वाले, आई.आर.एस. अफसर राहुल नवीन भी ई.डी. के नये निदेशक नियुक्त हुए हैं।
- मु.मंत्री के दो करीबी अफसर, उनके सचिव दीपक कुमार व संजीव हंस से भी ई.डी. ने पूछताछ की व हंस के ठिकानों पर तो छापा भी मारा है।

पर खारिज कर दी गई थी कि वे कथित रूप से भाजपा के नजदीक हैं।

इसलिये प्रश्न यह है जब केन्द्र सरकार जे.डी.यू. के समर्थन पर अत्यधिक निर्भर है तो फिर नीतीश कुमार शीर्ष नौकरशाहों की नियुक्ति स्वतन्त्रतापूर्वक क्यों नहीं कर पा रहे हैं?

दरअसल, केन्द्र सरकार तथा भाजपा उनकी गर्दन पर अपनी पकड़ बढ़ाती जा रही प्रतीत हो रही हैं। कुछ महीने पहले, ऐसी अफवाह थी कि ई.डी. ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार के बेटे से पूछताछ की है। इससे पहले, ई.डी. ने बिहार केडर के आई.ए.एस. अधिकारी संजीव हंस के खिलाफ पूरे लवाजमे के साथ विधिवत छापा मारा था। उन पर आरोप था कि उन्होंने आर.जे.डी. के पूर्व विधाकयक गुलाब यादव के साथ मिलकर करोड़ों रुपये कमाए हैं। संयोगवश, दीपक कुमार तथा संजीव हंस - दोनों ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी माने जाते रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि ये घटनाएं, तथा इनके साथ ही राहुल नवीन (बिहार-निवासी आई.आर.एस. अधिकारी) को पदोन्नत कर नया ई.डी. निदेशक बनाया जना, किसी खास चीज की तरफ संकेत कर रहे हैं। बिहार में ये अटकलें जोरों पर हैं कि भाजपा नेतृत्व या केन्द्र सरकार ने अब दृढ़ निश्चय कर लिया है कि वह अगले साल होने वाले राज्य के विधानसभा चुनावों के पहले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# लोक अभियोजकों की नियुक्ति पर रोक

जयपुर, 2 सितंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने विधि विभाग की ओर से गत 26 जून को जिला कलेक्टरों को वकीलों का अतिरिक्त पैनल तैयार करने के लिए भेजे गये पत्र के आधार पर बनाए नए पैनल से लोक अभियोजकों की नियुक्ति पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य सरकार, विधि विभाग और अजमेर कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब

- राजस्थान हाई कोर्ट ने नए पैनल से निचली अदालतों में लोक अभियोजकों की नियुक्ति पर रोक लगाई है। हाई कोर्ट ने यह कदम वकीलों द्वारा कलैक्टर को भेजे गए पत्र के आधार पर उठाया, जिसमें अतिरिक्त पैनल बनाने की मांग की गई है।

तलब किया है। जस्टिस अनिल उपमन की एकलपीठ ने यह आदेश विवेक पाराशर की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। हालांकि अदालत ने राज्य सरकार को छूट दी है कि वह चाहे तो पूर्व के पैनल से लोक अभियोजकों की नियुक्ति कर सकती है।

याचिका में कहा गया कि विधि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दूसरे स्वतंत्रता संग्राम से गुज़र रहा है पश्चिम बंगाल

## पहले स्वतंत्रता संग्राम की तरह आंदोलनकारी सड़कों पर देशभक्ति और अन्याय विरोधी गाने गा रहे हैं और नारे लगा रहे हैं

-अंजन रॉय-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। लोकप्रिय बॉलीवुड सिंगर अरिजीत सिंह ने शोषण तथा तानाशाहीपूर्ण कार्रवाई के बारे में गाने लिखकर बंगाल में धूम मचा दी है। सिंह ने एक गीत लिखा है जिसकी थीम है "यह अन्याय अब और नहीं।"

स्ट्राइक कर रहे राज्य के जूनियर डॉक्टरों ने आज एस्प्लनाड क्षेत्र की बैनटिंक स्ट्रीट और फियर्स लेन के पास एक सिटी सैंटर में धरना दिया। भारी संख्या में एकत्रित छात्र मांग कर रहे थे कि कमिश्नर ऑफ पुलिस को याचिका सौंपने के लिए उन्हें पुलिस मुख्यालय के अंदर जाने दिया जाए। ये लोग कमिश्नर ऑफ पुलिस के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। तथापि, इन लोगों को टोका गया था एस्प्लनाड एरिया के आगे नहीं जाने दिया गया। छात्र, अरिजीत सिंह लिखित गाना गा रहे हैं। गाने में "अभया" या निडर को न्याय दिलाने का आह्वान किया गया है।

रविवार को बंगाल सिविल सोसायटी द्वारा राज्य सरकार और विशेष रूप से मुख्यमंत्री के विरूद्ध कई प्रदर्शन हुए।

- इन दिनों विख्यात गायक अरिजीत सिंह का एक गीत बहुत लोकप्रिय हो रहा ''आर कौबे'' अर्थात् ''अभी नहीं तो कब''। गीत में महिला डॉक्टर पीड़िता के परिवार के लिए न्याय की मांग की गई है। गीत में सवाल किया है कि और कब आँखें खोलोगे।
- इसके अलावा आंदोलनकारी ''स्वदेशी गान'' भी गा रहे हैं। स्वदेशी गान में कई देश भक्ति गीत हैं जिन्हें पहले स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वतंत्रता सेनानी गाते थे।
- आंदोलनकारी, रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा और विवेकानंद की बड़ी-बड़ी तस्वीरें भी लिए हुए हैं, जो बंगाली जनमानस में बेहद पवित्र और पूजनीय हैं।
- इन सब बातों से तृणमूल, खासकर ममता बनर्जी तिलमिलाई हुई हैं। पर, जनता पीछे हटने को तैयार नहीं है। इसमें आए दिन प्रतिष्ठित हस्तियाँ व आमजन जुड़ते जा रहे हैं।

ऐसे ही एक जुलूस में रामकृष्ण मिशन के पूर्व छात्रों ने मार्च निकाला, जिसमें उन्होंने यही नारा दोहराते हुए रेप तथा हत्या की पीड़िता अभया के लिए न्याय की मांग की। रामकृष्ण स्कूलों के भूतपूर्व छात्रों ने भी ममता बनर्जी द्वारा रामकृष्ण की लोकप्रिय उक्तियों के दुरुपयोग पर आक्रोश जताया।

ममता ने, प्रदर्शनकारियों तथा जूनियर डॉक्टरों के विरूद्ध प्रतिशोध के लिए अपने समर्थकों को भड़काने के लिए भी रामकृष्ण के कथनों का दुरुपयोग किया। पूर्व छात्रों ने विरोध मार्च के दौरान श्री रामकृष्ण, माँ शारदामाई एवं स्वामी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# श्री शुभम लॉजिस्टिक कंपनी के करोड़ों रुपये के घोटाले को गंभीरता से नहीं ले रहा विधि विभाग?

## सुप्रीम कोर्ट में उचित पैरवी के लिए मुख्य सचिव को आश्वासन देने के बावजूद विधि विभाग बैकफुट पर आया

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 2 सितम्बर। मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने 16 मई को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर श्री शुभम लॉजिस्टिक कंपनी और भंडारण निगम के बीच अनुबंध की आड़ में करोड़ों रुपये के घोटाले का जो आरोप लगाया था, उस पर मुख्य सचिव ने गत 21 मई को ही संबंधित विभागों से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी थी। इस मामले में भंडारण निगम व कृषि विभाग ने जवाब में अपनी-अपनी रिपोर्ट भेजी है।

इन रिपोर्ट्स में कहा गया है कि मुख्य सचिव ने इस पूरे मामले पर विधि प्रमुख सचिव के साथ 24 जुलाई को एक बैठक ली थी, जिसमें विधि प्रमुख सचिव ने मुख्य सचिव को बताया कि, इस मामले की पैरवी फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। मामला अत्यन्त गंभीर है, इससे जुड़ी तमाम तमाम जानकारियां "सॉलिसिटर जनरल", तुषार मेहता और अतिरिक्त महाधिवक्ता

- ज्ञात रहे कि मुख्य सचिव ने पिछले दिनों भंडारण निगम और कृषि विभाग से इस प्रकरण की रिपोर्ट मांगी थी, जिसके जवाब में विधि विभाग का ढुलमुल रवैया उजागर हुआ है।
- मुख्य सचिव को पिछले दिनों विधि प्रमुख सचिव ने आश्वस्त किया था कि सुप्रीम कोर्ट में इस प्रकरण की उचित पैरवी के लिए ''सॉलिसिटर जनरल'' और अतिरिक्त महाधिवक्ता को तमाम जानकारियां दी जाएंगी।
- इस मामले में मुख्य सचिव द्वारा मांगी गई रिपोर्ट में सामने आया है कि 1 अगस्त को विधि विभाग के जूनियर अफसरों ने इस मामले में यहां तक कह दिया कि विधि विभाग ने इस स्तर पर अपेक्षित कार्यवाही नहीं की है।

को दी जायेंगी। हैरानी की बात है कि मुख्य सचिव को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि विधि विभाग द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद इस मामले की पैरवी के लिए सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता एक भी बार पैरवी के लिए उपस्थित नहीं हुए हैं। दूसरी ओर अतिरिक्त महाधिवक्ता ने श्री शुभम लॉजिस्टिक द्वारा अनुबंध की शर्तों, जैसे कि गोदामों में रखी 3000 करोड़ की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आर.पी.एस.सी. का पूर्व सदस्य रामूराम राईका रिमांड पर

जयपुर, 2 सितंबर (का.सं.)। मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट, महानगर द्वितीय की लिंक कोर्ट अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-5 ने एस.आई. भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में आर.पी.एस.सी. के पूर्व सदस्य रामू राम राईका को 7 सितंबर पर पुलिस रिमांड

- पेशी के दौरान राईका द्वारा कथित रूप से वकील को थप्पड़ मारने की बात पर वकीलों ने कोर्ट रूम की घेराबंदी कर दी, बाद में राईका ने माफी भी मांगी।

पर एस.ओ.जी. को सौंप दिया है। वहीं, पेशी के दौरान राईका द्वारा कथित रूप से एक वकील को थप्पड़ मारने की बात सामने आई। इस पर वकीलों ने नाराजगी जताते हुए कोर्ट कक्ष के बाहर घेराबंदी कर दी और राईका को बाहर निकालने की मांग करने लगे। आखिर में बार पदाधिकारियों ने वकीलों की समझाइश की। वहीं बताया जा रहा है कि राईका ने भी बाद में माफी मांग ली।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सेबी चेयरमैन माधवी बुच के खिलाफ हितों के टकराव के नए चौंकाने वाले तथ्य सामने आए

## कांग्रेस ने कहा, सेबी चेयरमैन जब आई.सी.आई.सी.आई. बैंक की जांच कर रही थीं, फैसले दे रही थीं, उसी समय उससे भारी वेतन भी ले रही थीं

-डॉ. सतीश मिश्रा-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। विपक्षी कांग्रेस एस.ई.बी.आई. (सेबी) प्रमुख माधवी पुरी बुच पर, नये तथ्यों के साथ दबाव बढ़ाती जा रही है। कांग्रेस ने उनसे कहा है कि वे, उनके कथित हित-संघर्ष (कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इन्ट्रैस्ट) के चलते इस्तीफा दें।

बुच पर प्रहार करते हुये, कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा, "वर्तमान सेबी अध्यक्ष ने 2017 में जब से अपना पद संभाला है, वे न केवल सेबी से वेतन ले रही हैं, बल्कि आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में भी "लाभ का पद" (ऑफिस ऑफ प्रॉफिट) संभाले हुये हैं तथा आज तक उस बैंक से धनराशि लेती आ रही हैं। 2017 से 2021 के बीच वे सेबी की पूर्णकालिक सदस्य के रूप में रहीं तथा वर्तमान सेबी अध्यक्ष ने आई.सी.आई.सी.आई. बैंक से 12.63 करोड़ रूपए प्राप्त किये हैं।"

उन्होंने कहा, "ऐसे कई हित-संघर्ष हैं, जिनमें सेबी अध्यक्ष लिप्त हैं। अब

- कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि सेबी प्रमुख ने 2017-2021 के बीच आई.सी.आई.सी.आई. से वेतन के रूप में 12.63 करोड़ रूपए लिए थे और 2021-23 में आई.सी.आई. प्रुडैंशियल से 22.41 लाख रूपए लिए थे।
- खेड़ा ने कहा कि माधवी बुच ने सेबी में रहते हुए सरकार से वेतन के रूप में 3.30 करोड़ रूपए लिए, जबकि इस दौरान आई.सी.आई.सी.आई. से इससे 5.09 गुना अधिक, 16.80 करोड़ रूपए प्राप्त किए।
- खेड़ा ने पूछा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली अपॉइन्टमैंट कमेटी ने माधवी बुच को नियुक्त किया, क्या उन्हें इसके बारे में जानकारी नहीं थी।

तक, अडानी-प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही जाँच के हित-संघर्ष पर पहले ही चर्चा हो चुकी है। इससे भी ऊपर, ऐसे अन्य कई हित-संघर्ष हैं, जो एक संस्था के रूप में सेबी को घोर संदेह के घेरे में ला रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले महीने उनके खिलाफ आई हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के बाद से ही कांग्रेस बुच के इस्तीफे की माँग कर रही है। अमेरिका की शॉर्ट-सैलर (हिंडनबर्ग) ने आरोप लगाया था कि बुच और उनके पति धवल बुच के ऐसी अज्ञात विदेशी कंपनियों में शेयर हैं, जिनका उपयोग अडानी के मनी-लॉन्डरिंग के घोटालों में किया जाता है।

यहाँ पार्टी मुख्यालय पर एक प्रैस कॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुये, खेड़ा ने कहा, "द सिक्योरिटीज एण्ड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (एस.ई.बी.आई.-सेबी) के पास भारतीय मध्यम वर्ग के पसीने की कमाई को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी है। सर्वविदित है कि मध्यम वर्ग के लोग दुख-सुख उठाकर एक-एक पैसा बचाते हैं तथा अपने भविष्य को सुरक्षित करने की आशा में इसका निवेश करते हैं। फिर भी, जहाँ लोग सेबी पर भरोसा करते हैं क्योंकि उसके अध्यक्ष की नियुक्ति सीधे प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) करते हैं, वहीं, सेबी हम सबको मूर्ख समझती एवं बनाती प्रतीत होती है।"

उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि उन्होंने आई.सी.आई.सी.आई. प्रुडेंशियल से 22.41 लाख रूपए प्राप्त किये हैं। यह भी सेबी (एम्प्लॉयीज सर्विस) रेग्यूलेशंस, 2001 की धारा 54 तथा सेबी'ज कोड ऑफ कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इन्ट्रैस्ट्स फॉर बोर्ड ऑफ मैम्बर्स (2008) की धारा 5 का उल्लंघन है।"

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मु.मंत्री रेड्डी को "कैश फॉर वोट" मामले में सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली, 2 सितंबर (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना में 2015 के कथित कैश फॉर वोट घोटाला मामले

- रेवंत रेड्डी को विधान परिषद चुनावों में पार्टी उम्मीदवार वेम नरेंद्र रेड्डी का समर्थन करने के लिए मनोनीत विधायक एल्विस स्टीफैन्सन को 50 लाख रुपये की रिश्वत देते हुए ए.सी.बी. ने 31 मई 2015 को गिरफ्तार किया था।

में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को सार्वजनिक बयान देने में कुछ संयम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सुप्रीम कोर्ट ने बहुत सख्त टिप्पणियाँ कीं बुलडोज़र "न्याय" के खिलाफ

## बहस इतनी गर्मा गरम थी कि सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा, ताकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व वरिष्ठ अधिवक्ता, दुष्यंत दवे के बीच बहसबाजी "डर्टी" (असभ्य) न हो जाये

-डॉ. सतीश मिश्रा-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने आज एक सुनवाई के दौरान बुलडोज़र न्याय पर कड़ा सवाल उठाया कि कोई भी घर कैसे तोड़ा जा सकता है सिर्फ इसलिए कि वह किसी आरोपी का है या फिर क्रिमिनल केस में दोषी व्यक्ति का है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से भाजपा शासित कुछ राज्यों की राजनीति प्रभावित हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने घर तोड़े जाने के सम्बंध में अखिल भारतीय गाइडलाइन्स बनाने का प्रस्ताव रखा और कहा कि कोई भी इमारत सिर्फ इसलिए नहीं तोड़ी जा सकती है कि वह किसी आरोपी की है।

याचिकाकर्ता की तरफ से पैरवी करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने कोर्ट से पूरे देश में बुलडोज़र न्याय का चलन ना हो जाए इसके लिए निर्देश दिए जाए।

जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की बैंच को संबोधित करते हुए सॉलिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने कहा कि किसी की भी अचल सम्पत्ति को इसलिए नहीं तोड़ा जा सकता कि क्योंकि वह किसी अपराधिक केस में शामिल व्यक्ति या दोषी से जुड़ी है ऐसा तब ही होता है जब वह सम्पत्ति गैर कानूनी हो।

जस्टिस गवई ने कहा तो आप मान रहे हैं कि फिर हम इसके आधार पर दिशा-निर्देश जारी करेंगे, किसी के आरोपी होने पर ही उसकी सम्पत्ति कैसे ठहराई जा सकती है।

बैंच ने कहा अगर इमारत गैर कानूनी है तो ठीक है पर प्रक्रिया तो होनी

- सुप्रीम कोर्ट का कहना था कि किसी भी व्यक्ति का मकान केवल इसलिये नहीं तोड़ा जा सकता क्योंकि वह आरोपी है। अगर वह दोषी करार भी दिया जाए तो एक व्यक्ति की गलती या जुर्म का खामियाज़ा परिवार के अन्य लोगों को देना पड़े, यह भी न्यायसंगत नहीं है।
- तुषार मेहता ने कहा कि मकान तभी तोड़ा जाता है, जबकि न्यायपालिका के नियमों की अवहेलना करते हुए मकान का निर्माण हुआ हो।
- सुप्रीम कोर्ट ने जोर दिया कि गाइडलाइन्स होनी चाहिए, जिनकी अनुपालना हो, कोई निर्माण ध्वस्त करने से पहले।

चाहिए। ऐसे मामले ना हो इसलिए निर्देश क्यों नहीं पास किए जा सकते। पहले नोटिस दीजीए, जवाब देने का कानूनी उपाय करने का समय दिया जाए फिर विध्वंस की कार्यवाही की जाए।

बैंच ने कहा, हम सड़क की राह में आ रहे अवैध निर्माण चाहे वह मंदिर ही क्यों ना हो को नहीं बचा रहे हैं, पर विध्वंस की कोई गाइडलाइन तो होनी ही चाहिए।

सीनियर एडवोकेट दुष्यंत दवे और सी.यू. सिंह जो याचिकाकर्ताओं की तरफ से पैरवी कर रहे थे दिल्ली की जहांगीरपुरी केस का हवाला दिया। वकीलों ने कहा कि कई मामलों में तो किराए पर ली गई सम्पत्ति तोड़ दी गई। सिंह ने कहा उन्होंने 50-60 साल पुराने घर तोड़ दिए क्योंकि किराएदार का लड़का किसी मामले में आरोपी था।

राजस्थान के उदयपुर का मामला भी सामने आया जिसमें एक छात्र द्वारा दूसरे छात्र को चाकू मार देने का मामला था। विश्वनाथन ने कहा, अगर किसी व्यक्ति का पुत्र उद्दण्ड है तो उसके घर को तोड़ देना सही नहीं है। कोर्ट ने मामले में 17 सितम्बर की तारीख दी है।

जस्टिस गवई ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का हलफनामा कहता है कि अचल सम्पत्ति को कानूनी प्रक्रिया के तहत ही हटाया जा सकता है। हम देश भर के लिए कुछ गाइडलाइन्स बनाए जाने का प्रस्ताव रखते हैं। ताकि इस मामले को उठा रही चिंताओं का समाधान हो सके हम यू.पी. सरकार के रुख का समर्थन करते है।

कोर्ट में एक बार तो मेहता व दवे के बीच तीखी बहस हुई मेहता ने कहा किसी जमाल ने याचिका की है जिसका घर टूटा वो तो आए ही नहीं फिर उन्होंने दवे की ओर उन्मुख होकर कहा अगर वो उसे "डटी" तो दवे ने गुस्से में कहा कि, "डटी" मत कहिए, आप हमेशा "बिलो द बैल्ट" प्रहार करते है आप सॉलिसिटर जनरल ऐसे काम करते हैं।

इस पर जस्टिस गवई को हस्तक्षेप करना पड़ा।

# राहुल ने बुलडोज़र नीति पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का स्वागत किया

नयी दिल्ली, 2 सितंबर (वार्ता)। लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की बुलडोजर नीति जन विरोधी है और इस पर उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी

- राहुल गांधी ने कहा कि बेलगाम सत्ता का प्रतीक बन चुके बुलडोज़र ने नागरिक अधिकारों को कुचल कर कानून को निरंतर अहंकार भरी चुनौती दी है।

का वह स्वागत करते हैं। राहुल गांधी ने कहा, भाजपा की असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण "बुलडोज़र नीति" पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी स्वागत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

## विचार बिन्दु

**क्षमा से क्रोध को जीतो, भलाई से बुराई को जीतो, दरिद्रता को दान से जीतो और सत्य से असत्यवादी को जीतो। –महात्मा बुद्ध**

# 'बुलडोजर न्याय' या सरकारी आतंक

बुलडोजर एक ऐसी मशीन है जिसका उपयोग जमीन खोदने में, निर्माण कार्यों में एवं उद्योगों में किया जाता है। 2017 में जब से योगी आदित्यनाथ की सरकार उत्तर प्रदेश में पहली बार सत्ता में आई, इसका एक अलग ही उपयोग चर्चा में अधिक रहा है। आपराधिक पृष्ठ भूमि के व्यक्तियों, माफिया, सांप्रदायिक हिंसा फैलाने के आरोपी आदि के विरुद्ध, योगी आदित्यनाथ सरकार के द्वारा बुलडोजर का उपयोग प्रारंभ हुआ। ऐसे तथाकथित अपराधियों के भवनों, चाहे वे आवासीय हों या व्यावसायिक, को कुछ ही घंटों में ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्यवाही को सरकार और मीडिया द्वारा 'तत्काल न्याय' का नाम दिया गया। यहां तक कि इसे 'बुलडोजर न्याय' और योगी आदित्यनाथ को 'बुलडोजर बाबा' के नाम से जाना जाने लगा।

लोक सभा चुनाव 2024 के चुनाव प्रचार की सभाओं में भाजपा समर्थक कार्यकर्ता बुलडोजर पर बैठ कर आने लगे। भाजपा और मुख्यमंत्री योगी जी ने यह सोचा था कि इस कार्यवाही से उन्हें चुनाव में भारी सफलता मिलेगी। लेकिन परिणाम इसके ठीक विपरीत आए और भाजपा की सीटें 62 से घटकर केवल 33 रह गईं।

बुलडोजर से मकान तोड़ने की प्रक्रिया को किसी भी रूप से कानून में मान्यता प्राप्त नहीं है। उत्तर प्रदेश में इसका उपयोग प्रारंभ में केवल जघन्य अपराध के आरोपियों जैसे विकास दुबे, मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद जैसे लोगों के विरुद्ध ही किया गया, जिससे इसे स्वाभाविक रूप से व्यापक जन समर्थन भी मिला।

यह उल्लेखनीय है कि निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई अधिकांशतया भारतीय जनता पार्टी शासित प्रदेशों में हुई किंतु गैर भाजपा शासित प्रदेश भी इसमें पीछे नहीं रहे। धीरे-धीरे, इसका उपयोग अपराधियों के साथ ही समुदाय विशेष के लोगों और राजनैतिक विरोधियों को सबक सिखाने के लिए किया जाने लगा।इसे प्रभावी शासन का एक हथियार मान लिया गया।

इसका उपयोग कितना अधिक प्रचलित हो गया, यह जानने के लिए केवल अप्रैल, 2022 के कुछ उदाहरण देने उपयुक्त होंगे। 10 अप्रैल 2022 को मध्यप्रदेश के खरगोन में, 11 अप्रैल 2022 को गुजरात के खंभात में और 16 अप्रैल 2022 को दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में मकानों को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया गया।

जहांगीरपुरी में तो सुप्रीम कोर्ट के द्वारा स्थगन आदेश के पश्चात भी एक-दो घंटे तक यह कार्रवाई चलती रही, तो न्यायालय को दोबारा आदेश जारी करना पड़ा। कांग्रेस की राजस्थान सरकार ने भी हनुमान जयंती के अवसर पर निकाले गए जुलूस में सांप्रदायिक हिंसा करने वाले आरोपियों के विरुद्ध बुलडोजर कार्रवाई की चेतावनी दी।

हाल ही में भारत सरकार द्वारा भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता और अपराध प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू की गई है। न्यायिक व्यवस्था का कार्य होता है कि वह किसी भी आरोपी पर अपराध सिद्ध होने के बाद उसे कानून के अनुसार निर्धारित सजा दे। इसके लिए आवश्यक होता है कि किसी भी आरोपी के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज हो, उसका अन्वेषण हो और न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार दोष सिद्ध हो। इसके उपरांत भी, मकान तोड़ने का कोई प्रावधान, सामान्यतः कानून में नहीं है। बुलडोजर के माध्यम से तत्काल न्याय करते समय आरोपी को किसी प्रकार का उपयुक्त नोटिस समय तक नहीं दिया जाता है। औपचारिकता वश एक नोटिस घर पर चिपका दिया जाता है और संपत्ति को दो-चार घंटे में ही सरकारी जेसीबी मशीन जाकर गिरा देती है।

इस संदर्भ में, हाल ही के दो उदाहरण देना उपयुक्त होगा। एक कट्टरपंथी साधु राम गिरी महाराज द्वारा मुसलमानों के विरुद्ध एक आपत्तिजनक बयान महाराष्ट्र में दिया गया जिसके आक्रोशित होकर हजारों मुसलमानों ने छतरपुर थाने पर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व स्थानीय छतरपुर जिले के कांग्रेस उपाध्यक्ष शहजाद अली कर रहे थे। आंदोलनकारियों की मांग थी कि रामगिरी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए एवं उन्हें गिरफ्तार किया जाए। प्रदर्शन के दौरान कुछ उपद्रवियों ने थाने पर पथराव कर दिया। इसके पश्चात पुलिस एवं प्रशासन द्वारा शहजाद अली के घर को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। इसका कारण यह बताया गया कि यह घर अवैध था। प्राप्त जानकारी के अनुसार न केवल यह, बल्कि इसी प्रकार के कई मकान उस क्षेत्र में अवैध रूप से बने हुए थे, जिन पर कोई कार्रवाई अभी तक नहीं की गई थी। क्या इस प्रकार की घटना की प्रतीक्षा की जा रही थी ताकि शहजाद अली के मकान को तोड़ा जाकर उसे सबक सिखाया जा सके?

**प्रत्येक प्रकार के अपराध के लिए पहले एफ आई आर दर्ज करनी होती है, फिर पुलिस जांच होती है और फिर न्यायालय में सुनवाई के बाद ही किसी न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया जाता है। किसी का घर तोड़ने का आदेश देने का अधिकार न्यायालय को भी नहीं है। यह विडंबना ही है कि एक ओर सरकार जहां बेघर लोगों को घर देने का काम कर रही है, वहीं दूसरी और कुछ तथाकथित अपराधी लोगों के घरों को तोड़ने का काम करके उन्हें बेघर कर रही है।**

उदयपुर में 16 अगस्त 2024 को एक सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले 15 वर्षीय मुस्लिम छात्र में अपने सहपाठी हिंदू छात्र को कुछ कहा सुनी के बाद चाकू मार कर घायल कर दिया, जिसकी बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इससे पूरे क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुस्लिम छात्र का परिवार जिस घर में रह रहा था, उसे बुलडोजर चला कर तोड़ दिया। इस घर में छात्र का संयुक्त परिवार रहता था एवं सब किराएदार थे। यह प्रश्न अवश्य उठता है कि क्या सजा केवल आरोपी को ही मिलनी चाहिए थी या उसके घर के सभी अन्य सदस्यों को भी एवं उस मकान के मालिक को भी, जिसके वह किराएदार थे? किसी भी व्यक्ति के लिए अपने सामने किसी घर को टूटते देखना अत्यंत पीड़ा जनक होता है। शायद सरकार का उद्देश्य ही यह है कि जिस समुदाय के व्यक्ति का घर तोड़ा जा रहा है, उसे देखकर, उस समुदाय का अन्य कोई व्यक्ति प्रशासन या सरकार के विरुद्ध आवाज उठाने का कोई प्रयास न करे।

यहां भी सरकार द्वारा यह सिद्ध करने का प्रयास किया गया कि यह निर्माण अवैध था। प्रश्न यह उठता है कि यदि यह निर्माण अवैध होने के कारण तोड़ा गया तो अन्य हजारों अवैध निर्माणों को अब तक क्यों नहीं तोड़ा गया? वास्तविकता तो यह है कि किसी भी शहर में लगभग 15 से 20 प्रतिशत जनसंख्या अवैध अथवा अनधिकृत मकानों में निवास करती है। यह प्रश्न भी पूछा जाना चाहिए कि अवैध एवं अनधिकृत मकान में लोगों को रहने के लिए बाध्य ही क्यों होना पड़ता है? यदि सरकार अपनी ओर से जरूरतमंद लोगों को मकान बना कर दे देती तो अवैध मकानों में रहने की उन्हें आवश्यकता ही नहीं पड़ती। यहां प्रश्न मकान के वैध या अवैध होने का नहीं है अपितु किसी किसी विशेष समुदाय को सबक सिखाने की दृष्टि से ऐसा किया जाता है।

अवैध मकान को तोड़ने के लिए भी एक प्रक्रिया निर्धारित है, जिसे अपना कर ही ऐसी कार्रवाई की जा सकती है। बिना किसी अदालत के आदेश के, इस प्रकार, किसी के घर को तोड़ देने की कार्रवाई, सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकती। इसे सरकार और मीडिया का एक वर्ग भले ही 'तत्काल न्याय' और बुलडोजर न्याय की संज्ञा दे, किंतु वास्तव में यह किसी 'सरकारी आतंक' से कम ही नहीं है। इसका उद्देश्य केवल और केवल एक समुदाय में डर उत्पन्न करना ही होता है।

क्या एक लोकतांत्रिक देश में किसी एक समुदाय में डर उत्पन्न करके, सरकार चलाना सही कहा जा सकता है? इस प्रश्न पर समाज के प्रबुद्ध लोगों को एवं नेतृत्व करने वालों को विचार करना ही होगा।

प्रत्येक प्रकार के अपराध के लिए पहले एफ आई आर दर्ज करनी होती है, फिर पुलिस जांच होती है और फिर न्यायालय में सुनवाई के बाद ही किसी न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया जाता है। किसी का घर तोड़ने का आदेश देने का अधिकार न्यायालय को भी नहीं है। यह विडंबना ही है कि एक ओर सरकार जहां बेघर लोगों को घर देने का काम कर रही है, वहीं दूसरी और कुछ तथाकथित अपराधी लोगों के घरों को तोड़ने का काम करके उन्हें बेघर कर रही है।

बुलडोजर से जब किसी का घर तोड़ा जाता है तो केवल आरोपी ही बेघर नहीं होता, बल्कि उसका पूरा परिवार और कई बार तो उसके मकान मालिक को भी अपने घर से वंचित हो जाना पड़ता है। कल्पना कीजिए, यदि न्यायालय में अभियुक्त बरी हो गया, तो क्या प्रशासन उसका घर उसे पुनः बनवाकर देगा? यह उल्लेखनीय है की अदालत में चलने वाले प्रकरणों में से लगभग 40 प्रतिशत में अभियुक्त बरी हो जाते हैं।

मध्य प्रदेश के छतरपुर में शहजाद अली के घर को तोड़ने का प्रकरण अब जमीयत उलेमा-ए-हिंद द्वारा सुप्रीम कोर्ट में ले जाया गया है। इस पर सुनवाई 2 सितंबर, 2024 को हुई जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा कि वे दोनों पक्षों को सुनने के बाद समुचित दिशा निर्देश जारी करेंगे जो पूरे देश में लागू होंगे।

भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिक को गरिमा से जीने का अधिकार प्रदत्त है। इस अधिकार के अंतर्गत सबसे पहले रहने का घर आता है। यदि आप किसी के घर को तोड़ रहे हैं और वह भी बिना उपयुक्त न्यायिक प्रक्रिया अपनाए, तो उसे, उसके जीने के अधिकार से वंचित करने के समान ही माना जाना चाहिए। इस पर माननीय उच्चतम न्यायालय में बहस होगी और देखना यह है कि इसका निर्णय क्या होता है?

हम तो यही अपेक्षा कर सकते हैं कि उत्तर प्रदेश के चुनाव परिणाम से सीख लेकर सरकारें, चाहे वे किसी भी दल की क्यों न हों, बुलडोजर न्याय के नाम पर सरकारी आतंक मचाने से बचेंगी और नागरिकों के गरिमा के जीवन जीने के अधिकार की रक्षा करेंगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# स्वस्थ जीवन और लंबी उम्र संभव है



**डॉ. रामावतार शर्मा**

यह सर्वविदित तथ्य है कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने संक्रामक, संचारित और सघन रोगों के नियंत्रण पर बड़ी सफलता पाई है जिसके फलस्वरूप वैश्विक स्तर पर लोगों के जीवन की रक्षा संभव हो सकी है। एक जमाना था जब कस्बे या शहर में खसरा या चेचक के प्रकोप के बाद कहा जाता था कि आबादी के बच्चों की गिनती कर पता करो कि कितने जिंदा बचे हैं। आज ये रोग या तो समाप्त हो गए हैं या फिर अति साधारण रोग बन कर रह गए हैं। बैक्टीरिया, वायरस एवम् परजीवी रोगों के बारे में हमारी समझ में बड़ा विस्तार हुआ है जिसमें इनके बचाव के विभिन्न उपाय संभव हुए हैं। इस सब के विपरीत दीर्घकालिक रोगों के विरुद्ध आधुनिक चिकित्सा को कोई विशेष सफलता नहीं मिली है। हृदय एवम् रक्त संचार तंत्र, डायबिटीज जैसे मेटाबोलिक रोग, कैंसर और मस्तिष्क संबंधित बीमारियों के इलाज में कोई बड़ी सफलता नहीं मिल पाई है। यहां पर शोध में धन भी काफी खर्च हुआ है पर अपेक्षित परिणाम दूर दूर तक नजर नहीं आ रहे हैं।

दीर्घकालिक यानि क्रॉनिक रोगों पर विजय में असफलता का प्रभाव अब त्वरित यानि एक्यूट रोगों पर हमारी सफलता पर भी पड़ने लगा है। उदाहरण के तौर पर उपचार कर रहा चिकित्सक निमोनिया या हैजे के एक रोगी के जीवन को तो सुरक्षित कर लेता है पर संभव है कि चंद दिनों बाद यह रोगी हार्ट अटैक द्वारा अपना जीवन खो दे या फिर उसके शरीर में किसी प्रकार के कैंसर का पता लग जाए। इस प्रकार निरोग अवस्था को प्राप्त करने के बावजूद यह व्यक्ति स्वस्थ नहीं रह पाया तो त्वरित रोगों पर सफलता उस रोगी के लिए महत्वहीन हो जाती है। इस सब के परिपेक्ष्य में हमें दीर्घकालिक रोगों के बारे में अपनी स्थापित मान्यताओं पर प्रश्न चिह्न लगाने पड़ेंगे ताकि नव विचारों का प्रदुर्भाव हो सके और क्रॉनिक बीमारियों के बारे में हमारी रणनीति में आमूलचूल परिवर्तनों को कोई दिशा और प्रेरणा मिले।

दीर्घकालिक रोग का प्रारंभ उस समय से कितने ही पहले प्रारंभ हो चुका होता है जब रोग सामने आता है। क्या आप सोचते हैं कि हार्ट अटैक कोई अचानक हुआ हमला है? यदि आपका जवाब हां में है तो आप ग़लत हैं। माता पिता के सपनों से दबा बालक जब सुबह पांच बजे जगा कर तनाव और भागदौड़ के माहौल में स्कूल भगाया जाता है उसी समय उसके शरीर में हृदय रोग, डायबिटीज और अल्जाइमर का बीजारोपण कर दिया जाता है। कभी समय था जब स्कूल 10 बजे प्रारंभ होते थे, होमवर्क न के बराबर मिलता था, 2 महीने की छुट्टियां शत प्रतिशत छुट्टियां होती थी, शाम को मुहल्ले के बच्चे खेलते और मौज मस्ती करते थे। क्या वे बच्चे बड़े विचारक, दार्शनिक, वैज्ञानिक, चिकित्सक, इंजीनियर्स, नोबेल पुरस्कार विजेता या विख्यात प्रोफेसर्स नहीं बने थे? क्या उन्होंने क्रांतिकारी और जीवन को परिवर्तित करने वाली खोज नहीं की थी? क्या पहले लखपति, करोड़पति लोग नहीं होते थे? आज नव युवकों में हार्ट अटैक इसलिए हो रहे हैं क्योंकि हमने अपनी भौतिक वासनाओं के चलते बच्चों के शरीर में बुढ़ापा मिश्रित कर दिया है।

युवकों के क्रोमोसोम्स पर लगे टेलोमीर छोटे होते जा रहे हैं। हमारे शरीर में लॉन्ग जीन (लंबी जीन) होती हैं जो बड़ी प्रोटीन श्रृंखला बनाने में अहम भूमिका अदा करती हैं। यह प्रोटीन श्रृंखला हमारे न्यूरॉन्स को निर्मित करती है, उनकी देखभाल और मरम्मत का कार्य करती है। अब यदि ये लॉन्ग जीन क्षतिग्रस्त हो जाएं तो यह विशिष्ट प्रोटीन श्रृंखला निर्मित नहीं हो सकती। ऐसा होने पर हमारा शरीर मृत्यु की तरफ अग्रसर होने लगता है। कमजोर कोशिकाओं में कैंसर की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। मानसिक तनाव, शारीरिक तनाव, भोजन के बारे में अज्ञान का विस्तार, जिद्दी स्वभाव, हिंसा और घृणा का माहौल आदि के साथ पानी, हवा, खाद्य पदार्थों तथा शोर का प्रदूषण आदि शरीर को लगातार मृत्यु की तरफ धकेलने का कार्य कर रहे हैं।

अब सवाल उठता है किया क्या जाए? लंबी उम्र और बेहतर स्वास्थ्य की रणनीति में कुछ साधारण कदम ही उठाने पड़ते हैं। शरीर के ऑक्सीडेटिव तनाव को कम रखिए। मौसमी फल और सब्जी का भरपूर सेवन कीजिए। बच्चों से उनका बचपन मत छीनिए। याद रखिए मोटा ;पैकेज; तभी तक महत्वपूर्ण है जब तक हम जिंदा हैं। खुद पूरा सोइए और अपने बच्चों को सोने दीजिए। आईआईटी, आईआईएम के बिना भी नाम, धन और प्रतिष्ठा कमाना संभव है। बड़े धन से सुविधा मिलती है, स्वास्थ्य या संतुष्टि मिले यह आवश्यक नहीं है। अपने कार्य खुद करिए चाहे कसरत हो या घरेलू कार्य। कमीज पुरानी पहनिए पर फल, सब्जी और अनाज ताजा खरीदिए। तंबाकू बंद, शराब नियंत्रित, प्रोसेस्ड खाना और चीनी का सेवन अतिनियंत्रित रखिए।

धार्मिक हिंसा, नफरत और लड़ाइयां हजार साल पहले भी थी, आज भी हैं और आगे भी रहेंगी। ऐसी भावनाएं शरीर में प्रज्वलन पैदा करती हैं। प्रज्वलन से डायबिटीज, कैंसर, हार्ट के रोग और अल्जाइमर्स एवम् पार्किंसन रोग हो सकते हैं। जीवन उत्सव है। उत्सव मनाइए और शतायु होने का लक्ष्य निर्धारित कीजिए।

**कबीरा तेरी झोंपड़ी, गल कटियन के पास**
**करेगा सो भरेगा, तू क्यों भयो उदास ॥**

**–डॉ रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने और संशोधन के लिए घर-घर सर्वे कर रहे हैं बीएलओ

**जयपुर,** (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजस्थान में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम 2025 के तहत मतदाता सूचियों में नए नाम जोड़ने, संशोधन कराने तथा विसंगतियां दूर करने के लिए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) द्वारा घर-घर सर्वे का कार्य जारी है।

अभियान के दौरान मतदाता सूचियों एवं पहचान पत्रों (एपिक कार्ड) में त्रुटियों के संशोधन की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही, नाम, पते आदि के आधार पर मतदाता सूचियों में दोहरी प्रविष्टियों को हटाया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस विषय में निर्वाचन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों और जिला निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक की। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुई बैठक में महाजन ने घर-घर सर्वे के माध्यम से सूचियों के सत्यापन के कार्य में तेजी लाते हुए सभी जिलों में इसे 20 सितम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य में सर्वाधिक गति वाले जिलों नागौर, चित्तौड़गढ़, पाली, जयपुर, अलवर,डूंगरपुर और सिरोही के अधिकारियों की प्रशंसा की।



**मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिए।**

महाजन ने कहा कि इस अवधि में जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा में हाई-राइज और ग्रुप हाउसिंग सोसायटीसहित अन्य शहरी क्षेत्रों में कच्ची बस्तियों आदि में नए मतदान केन्द्रों के गठन के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए सुविधाओं आदि के भौतिक सत्यापन करवाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि आगामी निर्वाचनों को और अधिक सहभागी बनाने के उद्देश्य से एसएसआर-2025 के दौरान युवाओं, महिलाओं, विशेष योग्यजनएवं थर्ड जेंडर, जन जातीय समूहों, अत्यंत पिछड़े समूहों, प्रदेश के डी-नोटिफाइड समूहों, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू समूहों और पीवीटीजी समुदायों पर फोकस किया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ऐसे समुदायों और समूहों के मतदाताओं के नाम सूचियों में आवश्यक रूप से जोड़ने जा सकें। साथ ही, इसके लिए अभियान की अवधि में मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ऐसे आयोजन 18 अक्टूबर तक होंगे। अभियान के दौरान 1 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवा इस अवधि के दौरान वोटर हेल्पलाइन एप (वीएचए) के माध्यम से अपने नाम मतदाता के रूप में दर्ज करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। बैठक में उच्च शिक्षण संस्थाओं के जरिए इस एप को प्रचारित करने पर जोर दिया गया। नव मतदाता घर-घर सर्वे के दौरान बीएलओ से भी सम्पर्क कर सकते हैं। आम मतदाता भी अपने पहचान-

**■ मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह कार्य 20 सितंबर तक पूरा करवाने को कहा**

पत्र और सूची में विसंगति को दूर करवाने के लिए बीएलओ अथवा एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

घोषित कार्यक्रम के अनुसार, मतदाता सूचियों के लिए घर-घर सर्वे आदि कार्य 20 सितम्बर तक पूरे कर लिए जाएंगे। इसके आधार पर मतदाता सूचियों के शुद्धीकरण के बाद 29 अक्टूबर को मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इन प्रारूप सूचियों पर दावे और आपत्तियां 28 नवम्बर तक प्राप्त की जाएंगी। इनके आधार पर विसंगतियों को दूर करते हुए मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी, 2025 को होगा।

# फुलेरा में निराश्रित गौवंश व आवारा पशुओं का जमावड़ा, राहगीर परेशान

**फुलेरा,** (निसं)। पिछले कई दिनों से कस्बे के मुख्य बजार में निराश्रित गौवंश व आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता ही जा रहा है। उक्त समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधी एवं प्रशासन बेखबर होकर और मौन साधे बैठे हुए है।

कस्बे के मुख्य बाजारों की सडकों व वार्डों की गलियों में घूम रहे आवारा एवं निराश्रित गौवंश कारों, मोटरसाइकिलों, बस आदि से टकराकर दुर्घटनाओं को जन्म देते है। इसके चलते

**■ प्रशासन और जनप्रतिनिधी बेखबर**

हर रोज कई बेकसूर जिन्दगीयां मौत के मुंह में जाते-जाते बच जाती है। इसका मुख्य कारण यह है कि वाहन चालकों द्वारा वाहन चलाने के दौरान सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं को बचाने के चक्कर में किसी दूसरे वाहन या व्यक्ति से जाकर टकरा जाते है। कई बार तो टक्कर इतनी तेज होती है कि इस दौरान सड़क दुर्घटना में किसी ना किसी की मृत्यु हो जाती है। इस कारण भरे पूरे परिवार में मातम छा जाता है। कभी-कभी तो वाहन दुर्घटना में स्वयं आवारा पशु भी मौत के घाट उतर जाते है। इसके साथ ही जान व माल दोनों को ही नुकसान पहुंचता है। फुलेरा क्षेत्र में आवारा मवेशियों की यह समस्या किसी एक व्यक्ति की ही नहीं है, बल्कि इनकी वजह से कई व्यक्ति और वाहन शिकार



**फुलेरा में आम रास्तों पर आवारा गौवंश के जमावड़े से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है।**

हो चुके हैं।

कस्बे की यह एक जटिल समस्या पिछले कई वर्षों से चली आ रही है। जिसका अभी तक कोई समुचित समाधान नहीं हुआ है। हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि बाजार में घूम रहे निराश्रित गौवंश पैदल चलने वाले राहगीरों को हर रोज सींग से मारकर घायल कर देते है।

इन निराश्रित पशुओं में अधिकतर बूढ़ी बीमार तथा दूध नहीं देने वाली गाय तथा नन्दी (सांड) होते हैं। जो कि खेती बाडी के भी काबिल नहीं होते हैं। यहां मशीनीकरण के कारण बैल को रेहडी खींचने व भार ढोने तथा खेत में हल जोतने जैसे अन्य कार्यों के लिए भी इनका इस्तेमाल नहीं किया जाता है। अतः इनका उपयोग नहीं होने के कारण इन्हें खुला छोड़ दिया जाता है। यह अपना पेट भरने के लिए लोगों के द्वारा डाली गई हरी घास, सूखी रोटियां, गलियों तथा बाजारों में पडे गन्दे लिफाफे पोलिथिन सहित वस्तुओं को मजबूरी के कारण खा जाते है। इतना ही नहीं कई बार तो फल-सब्जी की दुकानों से फल और सब्जियां खाने के साथ ही फैला देते है। इसके चलते दुकानदार इन पशुओं से बचने के लिए मजबूरीवश लकडीयां बरसा देते है। इसके अलावा किराणा आदि की दुकानों को भी यह निराश्रित गौवंश फैला देते है। मुख्य बाजार में तो हर 10 कदम की दूरी पर आवारा सांडों का जमघट लग रहता है। क्षेत्र की उपरोक्त जटिल समस्या को लेकर फुलेरा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मनोज आहूजा, कंज्यूमर एक्शन एण्ड प्रोटेक्शन सोसाइटी के अध्यक्ष विजेन्द्र प्रकाश हलचल एवं शिक्षाविद और समाजसेवी शक्ति सिंह, भंवर लाल कुमावत ने संयुक्त रूप से पालिका प्रशासन से मांग की है कि उक्त गौवंशों को किसी गौशाला अथवा नन्दीशाला में भिजवाकर इस गंभीर समस्या से क्षेत्र की आम जनता एवं व्यापारी वर्ग सहित बाजार में पैदल चलने वाले राहगीरों को राहत प्रदान करें।

# तीर्थराज लोहार्गल सूर्यकुंड में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डूबकी



**24 कोसीय परिक्रमा पूर्ण करने के बाद श्रद्धालुओं ने डूबकी लगाई।**

**नवलगढ़,** (निसं)। मालकेतु की 24 कोसीय परिक्रमा पूर्ण करके लाखों की संख्या में परिक्रमार्थी व अन्य श्रद्धालुओं ने तीर्थराज लोहार्गल धाम सूर्यकुंड में सोमवती अमावस्या पर आस्था की डूबकी लगाई। इसी के साथ लोहार्गल में सोमवार को दो दिवसीय लक्खी मेला शुरू हुआ जो मंगलवार तक चलेगा।


सूर्यकुंड में स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने प्राचीन सूर्य मंदिर व शिव मंदिर में गौमुख का पवित्र जल अर्पित कर पूजा अर्चना की। इसके बाद परिक्रमार्थी श्रद्धालु अपने घरों की ओर लौटते नजर आए। महिलाओं ने लक्खी मेले में खिलौने, कॉस्मेटिक सामान, अचार व घरेलु सामान की जमकर खरीदारी की। गोल्याणा चौराहे से लेकर लोहार्गल सूर्य कुंड तक पुलिस व प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्थाएं रही। इस बार सोमवार व मंगलवार दो दिन अमावस्या रहने के कारण मंगलवार को भी मेला चलेगा व श्रद्धालु सूर्य

**■ दो दिन तक अमावस्या होने के कारण श्रद्धालु आज भी करेंगे कुंड में पवित्र स्नान**

कुंड में अमावस्या का पवित्र स्नान करेंगे।

इस बार मालकेतु की 24 कोसीय परिक्रमा में पिछले वर्ष की तुलना में श्रद्धालुओं की संख्या काफी ज्यादा रही। समय पर हुई बरसात से लोगों के खेतों में लहलहाती फसल व 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग के पहाड़ी क्षेत्रों में छाई हरियाली ने भी श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। साथ ही परिक्रमा के समय लगातार बादलों की आवाजाही व बीच-बीच में हुई बरसात के कारण धूप से भी परिक्रमार्थी श्रद्धालुओं को राहत मिली। परिक्रमा में शामिल रहे अनेक बुजूर्ग श्रद्धालुओं ने बताया कि पिछले 15-20 साल में भी इस बार जितनी भीड़ नहीं देखी।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**मंगलवार 3 सितम्बर, 2024**


भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 3:10 तक, सिद्ध योग सांय 7:05 तक, नाग करण प्रातः 7:25 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मिथुन, बुध-कर्क, गुरू-वृष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज देव पितृकार्य अमावस्या है। आज अमावस्या तिथि में वृद्धि हुई है। आज शहादते इमान हसन (मु.) है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:19 से 10:52 तक, लाभ-अमृत 10:52 से 2:00 तक, शुभ 3:34 से 5:08 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:11, सूर्यास्त 6:42




**मेष**

परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**वृष**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।




**मिथुन**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।



**कर्क**

व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त कार्य करना पड़ सकता है।




**सिंह**

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।




**कन्या**

आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी।




**तुला**

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।




**वृश्चिक**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




**धनु**

धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।




**मकर**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**कुंभ**

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में योजना बनेगी। कारोबारी योजना का क्रियान्वयन होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



**मीन**

व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर अभियान का आगाज किया

**जयपुर।** भाजपा के सदस्यता अभियान का आगाज सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदस्यता ग्रहण कर किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश के प्रधान सेवक को पार्टी की सदस्यता दिलवाई। सदस्यता अभियान शुभारंभ कार्यक्रम देशभर में सीधा प्रसारण किया गया। देश के प्रत्येक भाजपा शासित राज्यों, जिला, मंडल और बूथ स्तर पर कार्यक्रम लाइव किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यालय में अभियान के प्रदेश प्रभारी डॉ अरूण चतुर्वेदी के नेतृत्व में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। वहीं दूसरी ओर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ मुख्यमंत्री निवास पर अभियान का सीधा प्रसारण देखा।

- **भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और सीएम भजनलाल शर्मा ग्रहण करेंगे पार्टी की सदस्यता : अरूण चतुर्वेदी**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में शहर सांसद मंजू शर्मा, विधायक देवी सिंह शेखावत, भागचंद टाकड़ा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीआर चौधरी, नारायण पंचारिया, मोतीलाल मीणा, प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल, पूर्व राज्यसभा सांसद रामकुमार वर्मा, प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया, भूपेंद्र सैनी, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, आईटी संयोजक अविनाश जोशी, सोशल मीडिया संयोजक हिरेन्द्र कौशिक, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा विभिन्न मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभागों के संयोजक-सह संयोजक, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अभियान के प्रदेश प्रभारी डॉ अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर राष्ट्रीय स्तर अभियान का आगाज कर दिया। अब मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सुबह 12 बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इसके बाद 4 सितंबर को प्रदेश के प्रत्येक जिले में भाजपा के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि प्रेस वार्ता के माध्यम से अभियान को लॉन्च करेंगे।

अभियान के प्रदेश सह संयोजक मोतीलाल मीणा ने बताया कि भाजपा प्रदेश में सवा करोड़ सदस्यों को पार्टी परिवार का सदस्य बनाएंगी। इसके लिए राजस्थान के 51 हजार 700 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता को 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत मिस्ड कॉल, नमो ऐप, वेबसाइट और क्यूआर कोड स्कैन करके कोई भी व्यक्ति सदस्य बन सकता है। अभियान दो चरणों में चलेगा। पहला चरण 25 सितंबर तक और दूसरा चरण 1 से 15 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने पुनः सदस्य बनाकर सोमवार को नई दिल्ली में संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 की शुरूआत की। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मुख्यमंत्री निवास में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को देखा। उन्होंने प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष, गृहमंत्री एवं रक्षा मंत्री सहित विभिन्न नेताओं का उद्बोधन भी सुना।**

## यू.डी.एच. मंत्री खर्रा से मिला प्रतिनिधि मंडल

**जयपुर।** बगरू विधायक डॉक्टर कैलाश वर्मा के नेतृत्व में यू.डी.एच. मंत्री झाबर सिंह खर्रा से सिरोली आवासन मंडल निस्तारण संघर्ष समिति के लोगों ने मुलाकात की। इस अवसर पर समिति सदस्य आशा शर्मा (भाजपा बगरू पूरब मंडल अध्यक्ष), रामलाल मीणा (सरपंच ग्राम पंचायत सिरोली), रमेश प्रजापत (पूर्व सरपंच) वरिष्ठ भा.ज.पा. कार्यकर्ता प्रसाद शर्मा, कल्याण सहाय चौधरी, लादूराम शर्मा, नानगराम मीणा, रामस्वरूप मीणा, जगदीश नारायण मीणा, भगवान सहाय शर्मा ने सिरोली आवासन मंडल भूमि के निस्तारण को लेकर मंत्री के निवास स्थान भगत सिंह मार्ग सी-स्कीम पर मुलाकात कर ज्ञापन दिया।

इस विषय को संज्ञान मे लेते हुए मंत्री ने 3 दिवस के अंदर विभागीय जानकारी प्राप्त कर पुनः बैठक का समय निर्धारित करने को कहा। समिति के मुद्दे को गंभीरतापूर्वक लेते हुए मंत्री ने अधिकारियों को इस विषय पर जानकारी प्राप्त कर रिपोर्ट पेश करने को कहा। इससे पूर्व में भी 20 जुलाई को समिति के सदस्यों ने मुख्यमन्त्री भजनलाल शर्मा को सिरोली बस स्टैंड पर निस्तारण हेतु ज्ञापन दिया था।

## भार्गव को जिला संयोजक बनाया

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जयपुर शहर के पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेंद्र भार्गव को अभियान का जयपुर शहर जिला संयोजक बनाया है।

# जयपुर में नूर का बांध टूटा, लाशें बहने लगी

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर में आज सुबह खो-नागोरियान स्थित नूर का बांध टूट गया। बांध टूटने से पानी कब्रिस्तान तक चला गया। इससे 5 शव कब्र से बाहर निकल आए और पानी में बहने लगे। सूचना मिलने पर खो-नागोरियान पुलिस मौके पर पहुंची। बांध के पास तुरंत पुलिस बल तैनात किया गया, जो अभी तक मौजूद था।

स्थानीय पुलिस के अनुसार तेज बारिश के कारण सोमवार सुबह नूर का बांध की दीवार टूट गई। दीवार टूटने से बांध का पानी कब्रिस्तान में आ गया। कब्रिस्तान में भरे पानी में लाशों को देखकर लोगों ने रस्सी से लाशों को पानी से बाहर निकाला।

- **लोगों ने पानी में उतरकर पांच शवों को निकाला**

प्राप्त जानकारी के अनुसार झालाना की पहाड़ियों के पीछे स्थित बांध की भराव क्षमता करीब 25 फीट है। अच्छी बारिश के चलते बांध पूरा भर गया था। रविवार रात को तेज बारिश होने के कारण दीवार के ऊपर से पानी निकलने गया। दीवार का एक हिस्सा टूट गया। इससे 300 मीटर दूरी पर कब्रिस्तान की चारदीवारी का हिस्सा पानी से ढह गया और पानी अंदर चला गया। इससे कब्र से 5 लाशें बाहर आ गई और पानी में बहते हुए नाले तक पहुंच गई। लोगों ने देखा तो लाशों को बाहर निकाला।



**जयपुर में सोमवार को सुबह नूर का बांध की दीवार टूटने से कब्रिस्तान में भरे पानी में लाशों को देखकर लोगों ने रस्सी से लाशों को पानी से बाहर निकाला।**

# 'संस्कृति को आत्मसात् करने के लिए संस्कृत जरूरी'

## राज्य स्तरीय विद्वत सम्मान समारोह में संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिभाएं-संस्थाएं सम्मानित

**जयपुर, (का.सं.)।** संस्कृत दिवस अन्तर्गत राज्य स्तरीय विद्वत सम्मान समारोह सोमवार को कोटा यूआईटी ऑडिटोरियम में मंत्रोच्चारों, संस्कृत गायन, वाचन के सुसंस्कृत वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य एवं अकादमिक क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मुख्य अतिथि थे। ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर अध्यक्ष, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा विशिष्ट अतिथि, सारस्वत अतिथि अध्यक्ष, भारतीय भाषा-समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार पद्मश्री चमूकृष्ण शास्त्री एवं संस्कृत विद्वानों के सानिध्य में आयोजन हुआ।

- **संस्कृत से संस्कारवान मनुष्य सही राह पर चलते हैं जबकि संस्कृत और संस्कृति विहीन पशुत्व की ओर जाते हैं : मदन दिलावर**
- **संस्कृत केवल भाषा ही नहीं बल्कि संस्कृति की संवाहक है : हीरालाल नागर**

मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि अपनी संस्कृति को आत्मसात् करने के लिए संस्कृत का ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संस्कृत से संस्कारवान मनुष्य सही राह पर चलते हैं जबकि संस्कृत और संस्कृति विहीन पशुत्व की ओर जाते हैं। उन्होंने शिक्षकों का आव्हान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी विद्यार्थियों को दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के स्तर पर संस्कृत के विस्तार और इसे जन भाषा बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने इस अवसर पर जन समूह का आव्हान किया कि पर्यावरण और गौवंश के संरक्षण के लिए पोलिथीन के उपयोग को वर्जित करें। साथ ही, गोपालन कर पंचगव्यों को अपनाएं।

अध्यक्षता कर रहे ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा ही नहीं बल्कि संस्कृति की संवाहक है। इसके विस्तार की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का हमारा संकल्प और भारत की पुनः विश्व गुरू के रूप में प्रतिष्ठापना संस्कृत के सानिध्य से ही संभव है। विशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने संस्कृत और संस्कृति के संबंध को रेखांकित करते हुए संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन का आव्हान किया।

सारस्वत अतिथि अध्यक्ष, भारतीय भाषा-समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार पद्मश्री चमूकृष्ण शास्त्री ने अपने उद्बोधन में संस्कृत की मौजूदा स्थिति और भविष्य की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प साकार करने के लिए संस्कृत शिक्षा का विस्तार करना होगा। संस्कृत के प्रयोग क्षेत्र को बढ़ाना होगा। संस्कृत को न्याय, विज्ञान, तकनीक, उद्योग, वाणिज्य सभी क्षेत्रों की भाषा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि संस्कृत शिक्षा को आंकाक्षी और रोजगारदायिनी तथा कौशल संवर्धन का जरिया भी बनाया जाए, इंटर्नशिप की भी व्यवस्था हो ताकि नई पीढ़ी इससे जुड सके। रामदास महाराज लटूरी वाले ने संस्कृत की महिमा का बखान करते हुए नई पीढ़ी से जुड़ाव की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर आयुक्त संस्कृत शिक्षा विजयपाल सिंह, संयुक्त शासन सचिव कैलाश चंद यादव, संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया एवं अन्य लोग समारोह में उपस्थित रहे।

संस्कृत साधना शिखर सम्मान अटरू बारां के बाबा निरंजन नाथ मान्यागढ़ को राशि एक लाख से सम्मानित किया गया। संस्कृत साधना सम्मान 51 हजार रुपये से प्रो. गणेश लाल सुथार जोधपुर तथा प्रो. कृष्ण शर्मा जयपुर को नवाजा गया। संस्कृत विद्वत सम्मान 31 हजार की राशि से माणक चन्द सोनी चेचट डॉ. कैलाश चन्द बुनकर जयपुर, डॉ. छाजूराम गुर्जर जयपुर, बहादुर सिंह गुर्जर सवाईमाधोपुर, डॉ. भगवती शंकर व्यास उदयपुर, डॉ. बाबूलाल मीना भरतपुर को सम्मानित किया गया। संस्कृत युवा प्रतिभा पुरस्कार राशि 21 हजार से उर्मिला बैरवा, डॉ. कृष्णा शर्मा, डॉ. जितेन्द्र कुमार गौतम, डॉ. दिनेश यादव, डॉ. नानूराम जाट, बुद्धीप्रकाश जांगिड़, डॉ. राकेश कुमार जैन, डॉ. रामेश्वर दयाल शर्मा, डॉ. शशि कुमार शर्मा, डॉ. सुभाष चन्द मीणा, डॉ. घनश्याम हरदेनीया, प्रशांत शर्मा, मंत्रालयिक सेवा सम्मान 11 हजार रूपये राशि से गणपत लाल तथा गीता भम्भाणी को सम्मानित किया गया।

विशिष्ट सम्मान महंत अंजन कुमार गोस्वामी गोविंद देव जी मंदिर जयपुर, कुमार तोषनीवाल पुष्कनारायण तोषनीवाल चेरीटेबल ट्रस्ट, चन्द्रशेखर शारदा, देवनारायण जैमन, प्रियव्रत चारण, कुल सचिव ज.रा. राजस्थान संस्कृत विश्व विद्यालय जयपुर, डॉ. ज्योत्सना सिखवाल, निदेशक विश्व भारती महा विद्यालय सीकर, ओमप्रकाश गुप्ता अध्यक्ष केशव विद्यापीठ जयपुर, शिवा सरस्वती, डॉ. हेमा सरस्वती, सनातन पुरी थेगड़ा धाम, रामदास महाराज सांगोद, घनश्याम शर्मा कोटा, नरोत्तम पुजारी सालासर बालाजी धाम को सम्मानित किया गया।

# हाईकोर्ट परिसर की कैंटीन और दुकानों पर खाद्य सुरक्षा टीम की छापेमारी

**जयपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट परिसर की कैंटीनों और दुकानों पर निरीक्षण कर जांच की। जहां जांच के दौरान टीम को कैंटीन में सड़े गले आलू- प्याज, एक्सपायरी डेट के मसाले, जंग लगे हुए मसाला दानी, बेसन में पड़ी हुई इल्लियां, दीवारों पर जबरदस्त गंदगी मिली।

अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि राजस्थान बार काउंसिल के अध्यक्ष भुवनेश शर्मा की ओर से हाईकोर्ट परिसर में चल रही कैंटीनों की जांच के लिए लिखा था। इसके बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने सोमवार को हाई कोर्ट परिसर में स्थित सभी कैंटीन का निरीक्षण किया। सभी कैंटीन बिना फूड लाइसेंस के संचालित पाई गई जिसमें मुख्य रूप से मेसर्स गिरधर गोपाल एंटरप्राइजेज ई ब्लॉक में स्थित रसोई घर में भारी मात्रा में गंदगी पाई गई। सभी के फ्रिज में खतरनाक ब्लैक फंगस लगी हुई थी। मसाले के पैकेट एक्सपायरी पाए गए। इसके अतिरिक्त जंग लगे हुए डिब्बे भी पाए गए। जिनमें मसाला अन्य सामग्री रखी हुई थी। मसालदानी भयंकर गंदी और जंग लगी मिली, जंग लगे पीपे तथा हाइजीन और सेनिटेशन की स्थिति बहुत ही दयनीय पाई गई। सरकारी कर्मचारी कैंटीन पर भी फूड लाइसेंस नहीं पाया गया यहां पर भी जंग लगे हुए डिब्बे पाए गए जिनमें रखे हुए बेसन और आटे पर ईलिया चल रही थी।

यहां फूड कलर के डिब्बे पाए गए जो की चटनी में डाले जाते हैं जिन्हें मौके पर ही नष्ट करवाया गया।



**जयपुर के मोती डूंगरी मंदिर में नौ दिवसीय गणेशोत्सव के तहत सोमवार को कत्थक नृत्य की प्रस्तुतियां हुईं। महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि मंगलवार को भी कथक नृत्य की प्रस्तुति दी जायेंगी। बुधवार को मोदकों की भव्य झांकी सजाई जायेगी।**

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संजय लालवानी जिसका मो. न. 9636517511 है,अगर उपरोक्त व्यक्ति हमारी फर्म अनमोल इंडिया कलेक्शन का नाम लेकर किसी भी व्यक्ति या संस्था से व्यक्तिगत व्यापारिक अन्य किसी भी प्रकार की लेनदेन करता या करती है तो इसमे हमारी फर्म अनमोल इंडिया कलेक्शन की कोई जिमेदारी नही होगी।

**कार्यालय उपायुक्त, (विद्याधर जोन)**
**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(अम्बाबाडी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)
क्रमांकः एफ.55 () वि. जोन / न.नि.ज. (ग्रे)/2024/1467
**सार्वजनिक सूचना** दिनांक : 29/8/24
भूखण्ड सं. 197,198 श्रीरामनगर विस्तार, झोटवाड़ा, जयपुर (भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री कृष्ण गोपाल रस्तोगी पुत्र श्री रतन लाल रस्तोगी के पक्ष में क्षेत्रफल 283.32 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। मूल आवंटी की मृत्यु उपरान्त पंजीकृत हकत्याग के आधर पर श्री संजीव रस्तोगी पुत्र श्री कृष्ण गोपाल रस्तोगी ने भूखण्ड सं. 197,198, श्रीरामनगर विस्तार, झोटवाड़ा, जयपुर (भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति) का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त विद्याधर नगर जोन नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य मोहम्मद शब्बीर कुरैशी पुत्र श्री नुर मोहम्मद, आयु 59 वर्ष, जाति मुसलमान, निवासी-244-बी (14), शहीद अब्दुल हमीद नगर, पाँच बत्ती, एम.आई. रोड, जयपुर, राजस्थान का निवासी है कि ओर से हर आम व खस को सूचित किया जाता है कि आज दिवस के पश्चात से अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति एवं कारबार एवं समस्त प्रकार से अपने पुत्र मोहम्मद जावेद व पुत्रवधु श्रीमती इरफाना पुत्री मोहम्मद रमजान हाल निवासी-धन्नादास की बगीची,मोती डुंगरी रोड, आदर्श नगर, जयपुर को बेदखल करता है। आज के बाद उक्त पुत्र-पुत्रवधु से किये गये किसी भी संव्यहार चा अन्य किसी व्यवहार व कृत्य के लिए मेरा अभिभाष्य किसी भी प्रकार से जिम्मेदार व जवाब देह नहीं है।
जयपुर (प्रशान्त शर्मा) एडवोकेट
दिनांक-2/9/2024 मो.-9414238008

**NAME CHANGE**

I army no 14224294 Ex SIGMN banwari lal moond S/O ganpat ram R/O 109- 4C jamnapuri murlipura scheme Jaipur that I have changed my name From BANWARI LAL MOOND TO BANWARI LAL (As per my aadhar card & other documents) vide affidavit dated 31 aug 2024 before district notary Jaipur

I Navy no 149659K Ex MER balbir singh S/ O prahlad singh R/O 546 ram Marg Hanuman Nagar vistar sirsi road khatipura jaipur that have changed my name From BALBIR SINGH To BALBIR SINGH DHAYAL vide affidavit dated 2 sept 2024 before district notary Jaipur

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक : 3613 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 28.08.2024
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 29/D-487 (EWS), (एरिया 30.092 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री सुभाष चन्द सिंघल पुत्र श्री शिवचरण लाल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 10388 दिनांक 16.02.2006 को जारी किया गया। श्री सुभाष चन्द सिंघल के पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 18.04.2013 को सब रजिस्ट्रार-जयपुर-पंचम, के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्री सुभाष चन्द सिंघल द्वारा उक्त आवास/फ्लैट को दिनांक 18.04.2013 के द्वारा श्रीकृष्ण कुमार यादव पुत्र श्री प्रताप सिंह यादव को विक्रय कर सब रजिस्ट्रार-जयपुर-पंचम, के यहां विक्रय पत्र का पंजकृत करवाया गया। श्री कृष्ण कुमार यादव द्वारा उक्त आवास/फ्लैट को दिनांक 24.01.2023 के द्वारा श्रीमती धन्नी देवी पत्नी श्री सुगन चन्द रैगर को विक्रय कर उप पंजीयक द्वितीय, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत कराया गया। अतः उक्त आवास/फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती धन्नी देवी पत्नी श्री सुगन चन्द रैगर का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
सम्पदा प्रबंधक- वृत-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

**खोया पाया**

मेरे प्लॉट नं. बी-57, प्रेम नगर, झोटवाड़ा जयपुर (श्री जनता कॉपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि.) का मूल पट्टा, रसीद साइट प्लान खो गया है मिलने पर सूचित करें प्रेम सिंह पुत्र स्व. श्री गणपत सिंह 9414883952

मेरे मकान संख्या-4/94 मानसरोवर का नोड्यूज प्रमाण पत्र संख्या-92-93/615 जारी दिनांक-24/7/1993 गिर गया है। मिलने पर सूचित करें-9116970905

मेरे प्लाट नं. 910 भगीरथ/गंगोत्री गोनेर रोड जगतपुरा जयपुर के मूल कागज आवंटन पत्र, साइट प्लान एवं रसीद दी राजहंस को ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड से जारी मूल कागज रास्ते में कहीं गुम हो गए है। मिलने पर सूचित करें। श्रीमति चंद्रावती चतुर्वेदी मो.9460895180

मेरा Flat No. 28/E/1013, उत्सव अपार्टमेन्ट प्रताप नगर, जयपुर का मूल आवंटन पत्र व जमा रसीदे कहीं गुम हो गयी है। मिलने पर सम्पर्क करें-यशोदा सैनी-9928863923

मेरा मकान नं. 86/173 प्रताप नगर, सांगानेर का मूल आवंटन पत्र कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें- चंद्र प्रकाश जैन 9829750511

# जे.जे.एस. आयोजन समिति के सदस्यों ने पौधारोपण किया




**जयपुर ज्वैलरी शो की आयोजन कमेटी के सदस्यों ने राजस्थान यूनिवर्सिटी परिसर में पौधारोपण किया।**

**जयपुर।** पर्यावरण सस्टेनेबिलिटी की दिशा में एक पहल के रूप में जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) के आयोजन समीति के सदस्यों ने राजस्थान यूनिवर्सिटी परिसर और यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा के आवास पर पौधारोपण किया। कुलपति ने टीम जेजेएस के इस कदम का स्वागत किया। यह आयोजन जेजेएस द्वारा सृष्टि फाउंडेशन के सहयोग से किया गया था। इस अवसर पर जेजेएस आयोजन समिति के चेयरमैन, विमल चंद सुराणा, जेजेएस के मानद सचिव, राजीव जैन, जेजेएस, उपाध्यक्ष, दिनेश खटोरिया, सृष्टि फाउंडेशन के संस्थापक, विवेक शर्मा सहित जेजेएस आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

राजीव जैन ने बताया कि जेजेएस हमेशा से पर्यावरण की रक्षा और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में यह पौधारोपण अभियान शुरू किया गया है। इसके पहले चरण में 200 पौधे लगाए गए। हमारी योजना जेजेएस 2024 में कुल बूथों की संख्या जितने यानी 1200 पौधे लगाने की है।

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# भीलवाड़ा और पाली नगर परिषद् बनीं नगर निगम

## स्वायत्त शासन विभाग ने जारी की अधिसूचना

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । राज्य सरकार ने भीलवाड़ा और पाली नगर परिषद् को नगर निगम घोषित किया है। इसके साथ ही 3 नए नगर परिषद, 4 नगर पालिकाओं को क्रमोन्नत किया गया है। जबकि 7 ग्राम पंचायतों को नगर पालिका घोषित किया गया है।

- **इसी प्रकार नगर पालिका पुष्कर, नगर पालिका लालसोट और नगर पालिका शाहपुरा (जयपुर) को नगर परिषद् घोषित किया है।**
- **इसके अलावा दौसा की महवा, चूरू की तारानगर, सीकर की लोसल और दौसा की बांदीकुई नगर पालिका को क्रमोन्नत किया गया है**
- **इसके अलावा 7 ग्राम पंचायतों को नगर पालिका घोषित किया**

स्वायत्त शासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार भीलवाड़ा नगर परिषद और पाली नगर परिषद को नगर निगम घोषित किया गया है। इसी प्रकार नगर पालिका पुष्कर, नगर पालिका लालसोट और नगर पालिका शाहपुरा (जयपुर) को नगर परिषद घोषित किया है। साथ ही दौसा की महवा, चूरू की तारानगर, सीकर की लोसल और दौसा की बांदीकुई नगर पालिका को क्रमोन्नत किया गया है।

अधिसूचना के अनुसार अब जोधपुर की ग्राम पंचायत कुडी भगतासनी और तिंवरी, जयपुर की ग्राम पंचायत जमवारामगढ़, झुंझुनूं की ग्राम पंचायत डूंडलोद, सुलताना और जाखल के अलावा जालोर की ग्राम पंचायत सायला को चतुर्थ श्रेणी नगर पालिका घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत कुड़ी भगतासनी के सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए विद्यमान सीमाएं ही नवगठित नगर पालिका की स्थानीय सीमाएं रहेंगी। जबकि निर्वाचित सरपंच, उपसरपंच और वार्ड पंच नवगठित नगर पालिका में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और वार्ड सदस्य होंगे।

**इन्वेस्टर एजूकेशन एण्ड प्रोटेक्शन फंड अथोरिटी, नई दिल्ली में जन सम्पर्क अधिकारी और सहायक प्रबन्धक की नियुक्ति**

दी इन्वेस्टर एजूकेशर एण्ड प्रोटेक्शन फंड अथोरिटी, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, कम्पनीज एक्ट 2013 के सैक्शन 125 तहत वैधानिक संस्था, दी इन्वेस्टर कारपोरेट एण्ड फंड प्रोटेक्शन अथोरिटी में प्रतिनियुक्ति के आधार पर जनसम्पर्क अधिकारी (लेवल-10) के एक (01) पद तथा सहायक प्रबन्धक (लेवल-8) के तीन (03) पदों के लिये आवेदन आमंत्रित करता है। उक्त पद दिल्ली में स्थापित है।

2. निर्धारित प्रारूप में सब तरह से पूरे किये गये आवेदन, दो प्रतिलिपियों में, उचित माध्यम से विज्ञापन प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, महा प्रबन्धक, आईईपीएफ अथोरिटी, ग्राउन्ड फ्लोर, जीवन विहार, बिल्डिंग, 3, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 को प्रस्तुत की जानी चाहिये।
3. आवेदन प्रारूप, पात्रता की शर्तों, आवश्यक योग्यताओं व अन्य विवरण, सेवा के नियम व शर्तों के लिये कृपया करपोरेट कार्य मंत्रालय की वेबसाइट www.mca.gov.in अथवा www.iepf.gov.in पर लाग आन करें।

- ऊपर वर्णित रिक्तियाँ उन्तरिम है। नियुक्ति के समय ये बदल सकती है।

CBC 07110/12/0012/2425

# जिसे खेत जोतने को दिया था उसी ने साथियों के साथ मिलकर की हत्या

## होमगार्ड भगवानाराम शर्मा के हत्यारे गिरफ्तार

**तारानगर, (निसं)।** तारानगर में चर्चित होमगार्ड भगवानाराम हत्याकाण्ड को लेकर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, उसमें आरोपी महिला अभी फरार है।

पुलिस के अनुसार होम गार्ड भगवानाराम शर्मा पुत्र कान्ता प्रसाद 3 अगस्त को शाम के समय अपने खेत को देखने के लिये गया था, भगवानाराम ने अपना खेत तारानगर के ही गोविन्दराम पुत्र ऋषी कुमार को हिस्से पर दिया हुआ था। गोविन्दराम के पास पहले से ही कुछ लड़के भी बैठे हुए थे। आपस की कहा सुनी होने के कारण गोविन्दराम ने अपने साथियों के साथ तार, लाठी व सरियों से हमला कर उसकी हत्या कर दी। तारानगर पुलिस थाने में हुई पत्रकार वार्ता में चूरू एस पी जय यादव ने उक्त हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मिखाला की रोही में एक डेड बॉडी मिली है जिसकी पहचान होमगार्ड भगवानाराम के रूप में हुई। ब्लाइंड मर्डर का केस था, हमने एक पुलिस टीम का गठन किया जिसकी अगुवाई डीवाईएसपी मिनाक्षी व तारानगर थानाधिकारी गौरव खिड़िया ने की। टीम ने विभिन्न प्रकार जानकारियां जुटाकर उक्त हत्याकाण्ड के आरोपी गोविन्दराम, राकेश कुमार व सुरेश कुमार को गिरफ्तार किया।



तारानगर पुलिस ने होमगार्ड भगवानाराम की हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, महिला आरोपी अभी भी फरार

पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी गोविन्दराम के साथ एक महिला भी आरोपी है जो मुख्य आरोपी गोविन्दराम के साथ लिवइन में रहती है उसको भी अतिशीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा। एसपी चूरू ने बताया कि हत्या के आरोपी गोविन्दराम पर हरियाणा में अवैध हथियार रखने का एक मामला भी चल रहा है।

# एसीबी ने 12 हजार की रिश्वत के साथ सीएचओ को दबोचा

## संलिप्तता के आधार पर बीसीएमओ भी गिरफ्तार

**दौसा, (निसं)।** एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की दौसा इकाई ने सोमवार को दबिश देकर उपस्वास्थ्य केन्द्र पापडदा के संविदाकर्मी सीएचओ विजय मीणा को परिवादी से 12 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों तथा संलिप्तता के आधार पर चिकित्सा अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नांगल राजावतान के बीसीएमओ डॉ. रामजीलाल मीणा को गिरफ्तार किया है। इधर एसीबी की इस कार्यवाही के बाद पूरे महकमें में हड़कम्प मच गया है।


एसीबी की दौसा इकाई ने संविदाकर्मी सीएचओ विजय मीणा व बीसीएमओ डॉ. रामजीलाल मीणा को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की दौसा इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी बकाया इन्सेंटिव राशि का भुगतान करने की एवज में आरोपी डॉ. रामजीलाल मीना चिकित्साधिकारी (एम.ओ.आई.सी.) अतिरिक्त चार्ज बी.सी.एम.ओ. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नांगल राजावतान, जिला दौसा द्वारा विजय मीना सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सी.एच.ओ.) संविदाकर्मी, डागोलाई उप स्वास्थ्य केन्द्र पापडदा, ब्लॉक नांगल राजावतान, जिला दौसा के माध्यम से प्रतिमाह 1 हजार रुपये कमीशन के हिसाब से 12 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरविजन में एसीबी की दौसा इकाई के उप अधीक्षक पुलिस नवल किशोर मीणा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी विजय मीना सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सी.एच.ओ.) संविदाकर्मी, डागोलाई उप स्वास्थ्य केन्द्र पापड़दा, ब्लॉक नांगल राजावतान, जिला दौसा को परिवादी से 12 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपी डॉ. रामजीलाल मीना चिकित्साधिकारी (एम.ओ.आई.सी.) अतिरिक्त चार्ज बी.सी.एम.ओ. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नांगल राजावतान, जिला दौसा को भी संलिप्तता के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## डमी अभ्यर्थी मामले में एजेंट पटवारी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** डमी अभ्यर्थी बिठाकर अध्यापक पात्रता परीक्षा में चयन करवाने के आरोपी एजेंट पटवारी चंद्रशेखर उर्फ शेखर बारिया निवासी काकनवानी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

ध्यान रहे कि जिला शिक्षा अधिकारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गीता पत्नी राकेश निवासी मुन्नी पाड़ा ने रीट परीक्षा 2022 के उपरांत तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 में परीक्षा केंद्र पर अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी बिठाकर परीक्षा उत्तीर्ण की और हाल में वह तृतीय श्रेणी अध्यापक पद पर राउप्रावि पण्डवाल उकार में पद स्थापित है।

इस रिपोर्ट पर भारतीय दंड संहिता, आईटी एक्ट व अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामले की गभीरता को देखते हुए आईजीपी एस परिमला ने विशेष निर्देश दिए जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अठावाल के निर्देशन में टीम गठित कर आरोपी एजेंट चंद्रशेखर उर्फ शेखर बारिया पुत्र जयमल सिंह पटवारी तहसील कार्यालय पिंडवाड़ा जिला सिरोही को गिरफ्तार किया।

# मासूम से दुष्कर्म के आरोपी का मकान बुलडोजर से तोड़ा

## रिश्ते में नाना ने की थी दरिंदगी, सरकारी जमीन पर कर रखा था अतिक्रमण

**सूरतगढ़, (निसं)।** 4 साल की मासूम से दुष्कर्म के आरोपी नाना का घर पुलिस ने बुलडोजर से गिरा दिया। घटना के करीब 10 दिन बाद पुलिस टीम नगरपालिका प्रशासन की जेसीबी के साथ सरकारी जमीन पर बने आरोपी के घर पहुंची और मकान को तोड़ दिया। मामला श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ कस्बे का है।

सिटी थाना के कार्यवाहक दिलीप सिंह ने बताया कि 22 अगस्त की रात सूरतगढ़ में 4 साल की मासूम से रिश्ते में नाना ने दरिंदगी की थी। इसे लेकर पोक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया था, जिसकी जांच श्रीगंगानगर के महिला अपराध शाखा के डीएसपी रामकरण सिंह को सौंपी गई थी। इस मामले में आरोपी को तुरंत ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

जांच के दौरान यह सामने आया कि दुष्कर्म के आरोपी व्यक्ति ने शहर में नगर पालिका की सरकारी जमीन पर कब्जा कर अपना घर बना रखा था। इस बारे में जांच अधिकारी ने एसपी गौरव यादव को रिपोर्ट पेश की थी। इसके बाद एसपी ने सरकारी भूमि पर कब्जा कर बनाए गए मकान को तोड़ने के आदेश दिए थे। पुलिस की टीम सोमवार दोपहर करीब 12 बजे आरोपी के सरकारी जमीन पर बनाए मकान पर पहुंची और जेसीबी से ध्वस्त कर दिया।

स्थानीय पुलिस सोमवार को नगर पालिका की टीम के साथ आरोपी के मकान पर पहुंची और जेसीबी की मदद से अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को जमींदोज कर दिया। पुलिस ने इस कार्रवाई से पहले आरोपी के मकान में रखा सारा सामान बाहर निकालकर नगर पालिका को सौंप दिया था। बच्ची की मां लोगों के घरों में खाना बनाने का काम करती है। 22 अगस्त की शाम को भी वो काम पर गई हुई थी। घर पर उसकी 4 साल और 2 साल की बेटियां थीं। इसी बीच आरोपी घर पहुंचा और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। मां रात 9 बजे घर लौटी तो बड़ी बेटी रो रही थी और उसके कपड़ों पर खून लगा हुआ था। जमीन और बिस्तर पर भी खून था।

जब मां ने बेटी से पूछा तो उसने बताया कि नाना आए थे उन्होंने ये सब किया। इसके बाद महिला रात करीब 11 बजे अपनी बेटी को लेकर अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टर्स के मुताबिक बच्ची के आंतरिक अंगों पर गहरी चोट पहुंची थी। घटना की सूचना मिलने पर सिटी थाना पुलिस मौके पर पंहुची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। एफएसएल टीम ने मौके से सबूत जुटाए थे।

## आरपीएससी ने जारी किए विभिन्न भर्तियों के विज्ञापन

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सोमवार को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं भर्ती-2024 के अन्तर्गत राज्य सेवाएं के 346 एवं अधीनस्थ सेवाएं के 387 कुल 733 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया। इसके अतिरिक्त आयोग द्वारा सहायक मत्स्य विकास अधिकारी के कुल 8 पद एवं समूह अनुदेशक/सर्वेयर/सहायक शिक्षुता सलाहकार ग्रेड-II के 68 पदों के लिए भी विज्ञापन जारी किए गए हैं। शैक्षिणक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचनाऐं आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि सहायक मत्स्य विकास अधिकारी के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 11 सितंबर से 10 अक्टूबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक एवं समूह अनुदेशक/सर्वेयर/सहायक शिक्षुता सलाहकार ग्रेड-II के पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन 17 सितंबर से 16 अक्टूबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं के पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन 19 सितंबर 2024 से 18 अक्टूबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे।

# रिश्वत लेते एसीबी के हत्थे चढ़ा हैड कांस्टेबल

**अजमेर, (कासं)।** आदर्श नगर थाने का हैड कांस्टेबल दस हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अजमेर की टीम के हत्थे चढ़ गया। एसीबी टीम ने आरोपी हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया। है। आरोपी ने परिवाद में राजीनामा करवाने के नाम पर शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपए रिश्वत राशि की मांग की थी। अजमेर एसीबी टीम ने शिकायतकर्ता के सत्यापन के बाद कार्रवाई को अंजाम दिया। एसीबी की टीम आरोपी से मामले में पूछताछ में जुटी है। टीम ने आरोपी के घर पर भी तलाशी ली है।

- परिवाद में राजीनामे के लिए मांगी 10 हजार की रिश्वत


रिश्वतखोर हैड कांस्टेबल।

एसीबी के एडिशनल एसपी भागचंद मीणा ने बताया कि जयपुर मुख्यालय पर शिकायतकर्ता द्वारा एक शिकायत दी गई थी, जिसमें बताया कि आदर्श नगर थाने का हेड कांस्टेबल सुरेश चंद द्वारा एक परिवाद में राजीनामा करवाने के नाम पर 10 हजार की रिश्वत राशि मांग कर परेशान कर रहा है। एसीबी के अधिकारियों ने शिकायतकर्ता की शिकायत का मामले में पहले भौतिक सत्यापन किया और उसके पश्चात सोमवार को कार्वाही करते हुए टीम ने आदर्श नगर थाने के हेड कांस्टेबल सुरेश चंद को 10 हजार की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीटी की टीम मामले में हेड कांस्टेबल से पूछताछ में जुटी है, टीम ने आरोपी के घर पर तलाशी ली है।

## पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**झालावाड़, (निसं)।** ए.सी.बी. की कोटा इकाई ने सोमवार को रायपुर में कार्यवाही करते हुये पटवारी पटवार हल्का कड़ौदिया झालावाड़ के पटवारी प्रहलाद कुमार गोस्वामी को परिवादी से 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी की कोटा इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि ए.सी.बी. की कोटा इकाई को परिवादी ने शिकायत दी कि हकत्याग तथा नामान्तरकरण करने की एवज में आरोपी पटवारी प्रहलाद कुमार गोस्वामी 20 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान कर रहा है।

शिकायत पर एसीबी कोटा इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्वर्णकार के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर सोमवार पुलिस निरीक्षक चन्द्रकंवर ने मय टीम के रायपुर, झालावाड़ में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी पटवारी प्रहलाद कुमार गोस्वामी को परिवादी से 15 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

# 51 किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## आंध्र प्रदेश से कार में तस्करी के लिए लाया जा रहा था अवैध रूप से गांजा

**सादुलपुर, (निसं)।** हमीरवास थाना पुलिस ने आंध्र प्रदेश से कार से तस्करी कर लाये जा रहे अवैध गांजा सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार से पुलिस ने अवैध 51 किलो 680 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने जप्त गांजे की अनुमानित कीमत 25 लाख 84 हजार रुपए आंकी है।

थाना अधिकारी मदन लाल बिश्नोई ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव के निर्देशानुसार अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए तथा अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने वालों पर अंकुश लगाने व निगरानी करने के अभियान अंतर्गत एडिशनल एसपी किशोरी लाल तथा आईपीएस अधिकारी प्रशांत के सुपरविजन में एस.आई. फरमान खान ने पुलिस दल के साथ सादुलपुर पिलानी सड़क पर स्थित गांव नीमां और हमीरवास के बीच नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान पिलानी की ओर से एक कार आती हुई दिखाई दी। जिसके चालक को पुलिस ने कार को रोकने का संकेत दिया तो कार चालक कार को सड़क पर ही घुमाकर हमीरवास जाने वाले कच्चे रास्ते पर भगा ले गया।

पुलिस ने कार का पीछा किया तथा थोडी ही देर बाद कार को रोक कर चालक से पूछताछ की तो वह घबरा गया। पुलिस ने कार की तलाशी तथा कार में प्लास्टिक के कट्टों में भरा हुआ अवैध गांजा होना पाया गया। जिस पर पुलिस ने मौके से ही अवैध रूप से तस्करी कर ले जाए जा रहे 51 किलो 680 ग्राम गांजा बरामद कर आरोपी राजेंद्र उर्फ मांदी पुत्र श्योराम मेघवाल उम्र 22 साल निवासी गुगलवा पुलिस थाना हमीरवास तथा प्रवेश पुत्र सतवीर प्रजापत उम्र पर 32 साल निवासी ताजपुर पुलिस थाना बापौली जिला पानीपत हरियाणा को गिरफ्तार कर कार को जप्त करने की कार्रवाई की है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बीकानेर में 13 साल की लड़की से गैंगरेप

**बीकानेर, (कासं)।** जिले के श्रीडूंगरगढ़ में 13 साल की मासूम के साथ गैंगरेप का मामला सामना आया है। चार युवक पीड़ित को किडनैप कर लेकर गए थे। इसके बाद अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगे। वारदात के बारे में किसी को बताने पर उसकी मां और भाई को जान से मारने की धमकी दी। घटना 15 अगस्त की जा रही है। मामला अब दर्ज हुआ है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस को दी रिपोर्ट में परिजनों ने बताया- श्रीडूंगरगढ़ के एक गांव में 13 साल की लड़की को चार युवक परेशान कर रहे थे। पीड़ित के स्कूल आते-जाते समय युवक उसके छेड़छाड कर अश्लील फब्तियां कस रहे थे। ऐसा करीब एक महीने से चल रहा था। 15 अगस्त को युवक पिकअप में डालकर किडनैप कर ले गए और गैंगरेप किया।

- मां-भाई को मारने की धमकी देकर किया ब्लैकमेल

आरोपियों ने पीड़ित के अश्लील फोटो और वीडियो बनाए। वारदात के बारे में किसी को बताने पर पीड़ित की मां व भाई को जान से मार देने की धमकी दी। आरोपियों ने पीड़ित को जरबन एक फोन भी दिया और बुलाने पर नहीं आने पर उसके फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी दी।

इससे पीड़िता डर गई और आरोपी आए दिन उसे गाड़ी में डालकर छेड़छाड करने लगे। परेशान लड़की ने रविवार को अपने घर में बताया। इसके बाद चारों युवकों मोमाराम, आशाराम, गोपाल व डूंगरराम के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, जिसकी जांच सीओ श्रीडूंगरगढ़ करेंगे।

## चाकू मारकर युवक की हत्या

**कोटा, (निसं)।** भीमगंजमंडी थाना इलाके की खेड़ली फाटक में 21 वर्षीय युवक की हत्या का मामला सामने आया है। यहां पर उसके ही दोस्तों ने चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना के समय युवक के अन्य दोस्तों ने बीच बचाव करने की कोशिश की लेकिन वह उसे बचा नहीं सके। मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। भीमगंजमंडी थाना अधिकारी रामकिशन गोदारा का कहना है कि घटनाक्रम रविवार रात 12 बजे के आसपास की है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी लेकिन आरोपी तब तक मौके से फरार हो गए थे। घटना में खेड़ली फाटक बालाजी टॉउन निवासी 21 वर्षीय निखिल अग्रवाल की मौत हो गई है। मृतक के परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर अमन, मुकेश केवट, मोनू नागर सहित 5 युवकों के खिलाफ हत्या का नामजद प्रकरण दर्ज किया गया है।

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :-न.प.सु/स्टोर शाखा/2024/3076 दिनांक :- 31.08.2024
**-: ई-निविदा सूचना-2024-25 :-**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगर परिषद द्वारा 01 कार्य की निविदा आईडी नम्बर (DLB2425WSRC07027) आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.gov.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ़ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखा जा सकता है।
आयुक्त
राज.संवाद/सी/24/4561 नगर परिषद सुजानगढ

**SKN COLLEGE OF AGRICULTURE**
(Sri Karan Narendra Agriculture University) JOBNER- 303329 Distt. Jaipur (Raj.)
Phone: 01425-254022 (O), E-mail: dean.skncoa@sknau.ac.in, Website: https://skncoa.sknau.ac.in
No. F.( )/CS/SKNCOA/2024/1253 Date : 30/08/2024
**NIB for Publication in Newspaper**
Bids are invited up to 05:00 P.M. of 18.09.2024 for Video Wall, Sound System, Tower AC, Online UPS etc. The details are available in the Bidding Documents which can be accessed or downloaded from State Procurement Portal website "sppp.raj.nic.in" or "https://eproc.rajasthan.gov.in" or website "www.sknau.ac.in". The bidding document after filling up properly can be uploaded on website "https://eproc.rajasthan.gov.in" along with payment of Rs.1000/- through banker's cheque/demand draft in favour of Dean, SKN College of Agriculture, Jobner-303329.
UBN: SKN2425GLOB00131
Raj.Samwad/C/24/4545 DEAN

**राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्**
भू- तल, ब्लॉक-6, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर,
फोन नं: 0141-2700459, E-Mail:- RAJSMSA.CIVIL@RAJASTHAN.GOV.IN
क्रमांक :- F-5(1)(260)RCSCE/Civil/SMSA/NIT 05 2024-25/2024/Vol-2/D-3638 दिनांक :- 30/08/2024
**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 05 (सिविल)/2024-25**
**(राजकीय विद्यालय/केजीबीवी/नेताजी सुभाष चन्द्र बोस हॉस्टल के निर्माण कार्यों हेतु)**
राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत संवेदकों से समग्र शिक्षा एवं डी.एम.एफ.टी योजनान्तर्गत स्वीकृत 15 राजकीय विद्यालय/केजीबीवी/नेताजी सुभाष चन्द्र बोस हॉस्टल के निर्माण कार्यों हेतु राशि रू. 5104.34 लाख (प्रति कार्य की राशि रूपये 203.57 लाख से 412.25 लाख के मध्य) बाबत् कार्यवार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से अल्पकालीन ई-निविदाऐं 02/09/2024 प्रातः 10:00 बजे से 09/09/2024 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।
UBN :- RSE2425WSOB01041
- निविदा से सम्बधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट http://rajsmsa.nic.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा से सम्बन्धित प्रक्रिया जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा कार्यालय सम्बन्धित जिला के स्तर से की जावेगी।

राज.संवाद/सी/24/4543 राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा

**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**
क्र.-सं. संक्षिप्त वि.सं. 11-13/ Exam/AFDO-Fishries Dept., G.I.- DTE & R.A.S.-R.T.S./2024-25
दिनांकः 02.09.2024
आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के लिए 03 विज्ञापनों के तहत् ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उक्त विज्ञापनों के तहत् विज्ञापित पदों की शैक्षिणक योग्यता, विभागवार पदों की संख्या, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया, आयु सीमा व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध पृथक-पृथक विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। इन विज्ञापनों के तहत् विज्ञापित पदों हेतु विभाग का नाम, पद नाम, विज्ञापन संख्या, पदों की संख्या, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पद का नाम | विज्ञापन संख्या | पदों की संख्या | आवेदन अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मत्स्य विभाग | सहायक मत्स्य विकास अधिकारी | 11/ 2024-25 | 08 | 11.9.2024 से 10.10.2024 |
| 2 | कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय | समूह अनुदेश/ सर्वेयर/सहायक शिक्षुता सलाहकार ग्रेड-।। | 12/ 2024-25 | 68 | 17.9.2024 से 16.10.2024 |
| 3 | कार्मिक (क-4/2) विभाग | राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं | 13/ 2024-25 | 733 | 19.9.2024 से 18.10.2024 |

**अन्य बिन्दु व सूचनाः** एकबारीय पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों से संबंधित सूचना एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम एवं संशोधित परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश तथा सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त उक्त परीक्षाओं के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन / सूचना/स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं.-0145-2635212 एवं 2635200 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोन्धिक किया जाए।
(रामनिवास मेहता) सचिव

# सुमेल बांध में डूबे युवक का शव 40 घंटे बाद निकाला

## एसडीआरएफ टीम व प्रशासन की कड़ी मशक्त के बाद मिली सफलता

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** अमरगढ चौकी के पास स्थित सुमेल बांध में नहाते समय पैर फिसलने से डूबे युवक का शव 40घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम ने निकाल लिया। टीम को सोमवार सुबह करीब साढे 6 बजे यह सफलता मिली। बाद में शव को अमरगढ चौकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया और मेडिकल टीम से पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

सपोटरा तहसील के खिदरपुर निवासी ज्ञान सिंह उर्फ लालू पुत्र पहलवान सिंह उर्फ भंवर सिंह जादौन रक्षाबंधन के त्योहार पर मच्छीपुरा में अपनी बहन के यहां पर आया था और तभी से वह अपनी बहन के पास में रुका हुआ था। शनिवार शाम को वह कुछ दोस्तों के साथ अमरगढ चौकी के पास सुमेल बांध में नहाने के लिए गया था। इसी दौरान ज्ञान सिंह का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया।


बांध के पानी से युवक का शव निकालती एसडीआरएफ टीम।

आस पास के लोगों ने ज्ञान सिंह को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। लोगों ने फिर ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना पर सरपंच लाल अमरगढ भी मौके पर पहुंचे। लाला अमरगढ और अन्य ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। सूचना के बाद सदर थाना पुलिस और तलवाडा तहसीलदार मौके पर पहुंचे। साथ ही गंगापुर सिटी से सिविल डिफेंस की टीम भी मौके पर पहुंची।

- दो दिन पहले सुमेल बांध में पांव फिसलने से बह गया था युवक

प्रशासन की सूचना पर भरतपुर से एसडीआरएफ की टीम भी आ गई और टीम ने रेस्क्यू का काम किया शुरू किया, लेकिन अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू का काम रोकना पडा। रविवार सुबह तहसीलदार तलवाडा और सदर थाना अधिकारी पन्नालाल के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम ने एक बार फिर रेस्क्यू अभियान शुरू किया, लेकिन पूरे दिन रेस्क्यू टीम के द्वारा काफी छानबीन करने के बाद देर शाम तक भी कोई सुराग नहीं लग पाया। एक बार फिर रात होने के कारण और अंधेरा होने से रेस्क्यू में हो रही परेशानी के बाद रेस्क्यू टीम के द्वारा खोजबीन अभियान रोकना पडा।

सोमवार सुबह करीब साढे 6 बजे टीम कमांडर हेड कॉन्स्टेबल कंवरपाल के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम के द्वारा एक बार फिर रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। इस दौरान पौन घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम को ज्ञान सिंह के डूबने के स्थान से करीब 400 से 500 मीटर दूर पानी में युवक का शव दिखाई दिया। बाद में टीम ने मिट्टी में धंसे ज्ञान सिंह के शव को बाहर निकाला और रबर वोट के जरिए सुरक्षित निकालकर बाहर लेकर आई। ज्ञान सिंह का शव करीब 40 घंटे तक पानी में रहने के कारण पूरी तरह से अकड गया था और शरीर फूल गया था। बाद में पुलिस शव को लेकर अमरगढ चौकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और यहां पर मेडिकल टीम से पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# विद्याधर नगर सैटेलाइट हॉस्पिटल का काम तत्काल शुरु करें : दिया कुमारी

## आई.पी.डी. टॉवर में अतिरिक्त कार्यों व सेवाओं के लिए तुरंत राशि उपलब्ध करवाने के निर्देश

- झोटवाडा पंचायत समिति भवन की भूमि पर बनाया जायेगा अस्पताल
- अगले एक माह मे बनेगी 100 बैड वाले इस अस्पताल की डीपीआर, जून 2026 तक निर्माण कार्य पूरा करने का दावा



उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को शासन सचिवालय में चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह की मौजूदगी में अधिकारियों की बैठक ली।

**जयपुर** (कासं)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में बनने वाले सेटेलाइट अस्पताल का निर्माण कार्य तत्काल शुरू करवाकर समय पर काम पूरा करवाने के निर्देश चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिए। शासन सचिवालय में चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह की मौजूदगी में आयोजित बैठक में उन्होंने यह निर्देश दिए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नए बनने वाले 100 बैड के सेटेलाइट अस्पताल की डीपीआर का कार्य अगले एक माह में पूरा हो जाएगा और अस्पताल का निर्माण कार्य जून 2026 तक पूरा करवा दिया जाएगा। झोटवाडा पंचायत समिति भवन की भूमि के स्थान पर यह निर्माण किया जाएगा। पंचायत समिति भवन के लिए भूमि आवंटित कर भवन निर्माण के लिए 5 करोड़ रूपये की राशि भी पंचायतीराज विभाग को आवंटित की जा चुकी है। गौरतलब है कि अस्पताल के लिए 100 पदों एवं मैन विद मशीन की स्वीकृति भी जारी की जा चुकी है।

उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेटेलाइट अस्पताल के भवन का निर्माण होने तक यदि इसे किसी किराये के भवन में चलाया जा सकता है तो इसका परीक्षण करवाकर तत्काल शुरू करवाएं ताकि लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाए उपलब्ध हो सके।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बैठक में आईपीडी टॉवर में अतिरिक्त सिविल कार्यों एवं अन्य कार्यों के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान किए जाने की मांग उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। इस पर उप मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग के अधिकारियों को तत्काल राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र प्रायोजित विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य योजनाओं के लिए 100 करोड़ एवं आईपीडी टॉवर में पॉर्किंग एवं अन्य अतिरिक्त सिविल कार्यों के लिए 37 करोड़ रूपये की राशि तत्काल स्वीकृत कर दी जाएगी।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने हरमाड़ा, नींदड़ पीएससी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चरण नदी द्वितीय को सीएचसी में क्रमोन्नत किए जाने की कार्यवाही तत्काल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कांवटिया अस्पताल को अपग्रेड करवाने के भी निर्देश दिए। चिकित्सा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्याधर नगर एसएमएस हॉस्पिटल से ज्यादा दूर है और वहां बड़ी संख्या में आबादी निवास करती है ऐसे में उस क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए एक विशेष प्लान तैयार किया जाए। सीकर रोड़ व अन्य क्षेत्रों में भी बड़े चिकित्सा संस्थान खोलने के लिए तत्काल प्लान पर काम करें ताकि लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सके।

## आरना और आरवि ने जीता स्वर्ण पदक



**जयपुर**। नेशनल कराटे फेडरेशन ऑफ़ इंडिया राष्ट्रीय कराटे चैंपियन कोटा 2024-25 को नेशनल कराटे फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की ओर से पिछले दिनों कोटा में आयोजित की गई। इसमें आरना वर्मा 10 वर्ष की आयु में कुमते स्वर्ण पदक एवं आरवि वर्मा ने 5 वर्ष की छोटी आयु में कुमते में रजत पदक एवं कोटा में स्वर्ण पदक विजेता रही। इस अवसर पर दोनों बहनों ने बताया कि उनके कोच बबलू सिंह के मार्गदर्शन में उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है और अब विश्व स्तर पर समाज गांव एवं देश का नाम रोशन करना चाहती है। साथ ही बताया कि हम दोनों बहिनें काफी कम आयु से ही आत्मरक्षा का प्रशिक्षण ले रही है और सभी लड़कियों से आग्रह करती है कि वह भी अपनी आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण लें, जिससे वह अपने आत्मविश्वास को बढ़ा पाएं। इस अवसर पर पिता हेमराज ने बताया कि मेरी दोनों बिटिया ही काफी होनहार हैं, जो आज मेरा और मेरे परिवार का नाम रोशन कर रही हैं।

## जलदाय विभाग को निगम बनाने से रोकने की मांग

**जयपुर**। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा ने सिविल लाईन्स सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने विधायक को ज्ञापन देकर जलदाय विभाग को निगम बनाने से रोकने के लिए मांग रखी। महेन्द्र शर्मा ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यो एवं राजसेवकों की सेवायें राजस्थान जल प्रदाय एवं सीवरेज निगम को हस्तांतरित किये जाना आमजन के साथ-साथ कर्मचारी हित में भी नही होने के कारण शासन सचिव, पीएचईडी द्वारा दिनांक 27 जुलाई को को निर्णय लिया गया था कि "राजस्थान जलप्रदाय एवं सीवरेज निगम एक्ट-1979 के क्लॉज-23 जिसमें जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अभियंताओं एवं कार्मिकों की सेवाऐं सरप्लस घोषित कर निगम के अधिकारी व कार्मिक बनाए जाने का प्रावधान वर्णित है, को निरस्त कर विभाग के अभियंताओं एवं कार्मिको की सेवाए प्रतिनियुक्ति पर ही लेने का प्रावधान करने हेतु आवश्यक संशोधन एक्ट में किया जावेगा"। परंतु लगभग एक माह का समय व्यतीत होने के उपरान्त भी इस संशोधन की कार्यवाही अपेक्षित है। महेन्द्र शर्मा ने विधायक गोपाल शर्मा से मांग रखी कि राज्य सरकार से जलदाय विभाग को जल निगम बनाने के फैसले को रूकवाने के लिए कोशिश करें। बैठक में कर्मचारी हित से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान संघ के विधिक सलाहकार गंगाराम शर्मा एंव मनीष मिश्रा उपस्थित रहे।

## ड्रेनेज सिस्टम सुधारने की मांग

**जयपुर**। सर्राफा समिति बड़ी चौपड़ जयपुर की ओर से सोमवार को दुकान नंबर 1 से 40 तक के व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद करके ड्रेनेज सिस्टम को सही करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि परकोटे में ड्रेनेज सिस्टम सुधारने के बजाय सरकारी महकमों के अफसर एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे है। नगर निगम की ओर से अधिशाषी अभियंता आशीष गर्ग व उनकी टीम, जयपुर मेट्रो प्रशासन के अधिकारी और स्थानीय पुलिस महकमा भी तुरंत मौके पर पहुंचे। समिति की ओर से अध्यक्ष सत्य प्रकाश अग्रवाल, महामंत्री विकास अग्रवाल, मंत्री अश्विनी तिवारी, मनीष मामोडीया, अजय सर्राफ, और सोहन लश्करी वार्ता में शामिल हुए। इन्होंने मांग रखी कि जल्द से जल्द बड़ी चौपड़ सर्राफा में ड्रेनेज सिस्टम सुधारें।

## शुचि त्यागी ने संभाला अतिरिक्त कार्यभार




वरिष्ठ आईएएस अधिकारी तथा सहकारिता विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी ने सोमवार को महिला एवं बाल विभाग की शासन सचिव के पद का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया।

**जयपुर**। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी तथा सहकारिता विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी ने सोमवार को महिला एवं बाल विभाग की शासन सचिव के पद का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की शासन सचिव के कार्यग्रहण के पश्चात निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओ.पी.बुनकर ने मुलाकात कर विभागीय कार्य, योजनाओं की जानकारी दी।

शुचि त्यागी ने सोमवार से शुरू हुए राष्ट्रीय पोषण माह को सफल बनाने के लिए सघनता से कार्य किये जाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने छः गतिविधियों आधारित इस अभियान की गतिविधि एनीमिया जाँच के सम्बन्ध में निर्देश दिए। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं की एनीमिया जाँच करने तथा अभियान की वृहद स्तर पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ियों पर होने वाली गतिविधियों की दैनिक रूप से मॉनिटरिंग की जाए तथा उनकी रिपोर्टिंग को रोजाना जनआंदोलन डेशबोर्ड पर अपलोड किया जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक चान्दमल वर्मा, अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) संजय शर्मा, वित्तीय सलाहकार पदमचंद तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'विकसित भारत-2047' विजन में इंजीनियर्स की भूमिका अहम : उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा




**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में प्रदेश के इंजीनियर्स महत्ती भूमिका निभाएंगे। ये कहना है प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का, वे सोमवार को स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बीटेक प्रथम वर्ष के स्टूडेंट्स के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'आगाज-2024' में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्टूडेंट्स से देश, परिवार, समाज और अपने क्षेत्र का गौरव बढाते हुए 2047 तक देश के विकसित बनने में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। एसकेआईटी की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने सिल्वर जुबली वर्ष में नव कीर्तिमान स्थापित करने की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर प्रीसाइडिंग गेस्ट डॉ जी एस चौहान, संयुक्त सचिव, यूजीसी, गेस्टस ऑफ़ ऑनर डॉ विजय चटर्जी, वरिष्ठ वैज्ञानिक, सीईईआरआई, आर. एस. जाखड एसडीएम, एलुमिनस, एसकेआईटी एवं श्री पंकज जांगीड़, एलुमिनस, एसकेआईटी भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुवात अतिथियों के स्वागत तथा दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से की। डॉ. जीएस चौहान ने नारी शक्ति का सम्मान करने एवं उन्हें आगे बढाने का आव्हान किया। संस्थान के चेयरमैन सुरजा राम मील ने अपने संबोधन में स्टडी के साथ साथ मानवता की भावना के विकास पर बल दिया, उन्होंने अंग दान के क्षेत्र में जागरूकता लाने की बात भी कही।

डॉ विजय चटर्जी ने स्टूडेंट्स का ध्यान इनोवेशनस की तरफ आकर्षित किया। राजेश जाखड ने संस्थान के अपने पुराने अनुभवों को साझा किया। पंकज जांगिड़ ने टाइम मैनेजमेंट के बारे में अपनी बात को प्रमुखता से रखा।

इस अवसर पर द सिल्वर जुबली मूवी भी दिखाई गयी, जिसमे संस्थान के बनने से अब तक प्रगति को चल चित्रों से दिखाया गया। आयोजन में स्टूडेंट्स के द्वारा बैंड प्रदर्शन, अर्ध-शास्त्रीय नृत्य तथा कृष्ण लीला का प्रदर्शन किया गया। संस्थान के निदेशक जयपाल मील, वाईस चेयरमैन अनिल बाफना, निदेशक अकादमिक डॉ. एस.एल. सुराणा एवं प्रिंसिपल डॉ. रमेश कुमार पचार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं संस्थान के स्वर्णिम 25 वर्षो के सफर की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में डीन प्रोफेसर आरके जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कृषि यंत्र खरीद पर मिलेगा 50 प्रतिशत तक अनुदान

**जयपुर**। खेती-किसानी में कृषकों द्वारा बुआई, जुताई और बिजाई जैसे कठोर कार्य किये जाते हैं। इन्हीं कार्यो को सुगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के प्रावधानों के अन्तर्गत किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों पर अनुदान देकर लाभान्वित किया जायेगा, जिससे किसानों पर आर्थिक भार कम पडेगा और कृषि कार्य आसान हो जायेंगे।

कृषि आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी ने बताया कि योजना के अन्तर्गत राज्य में लगभग 66 हजार किसानों को 200 करोड़ रूपये का अनुदान दिये जाने का प्रावधान रखा गया है। इसके लिए कृषक 13 सितम्बर तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्रों पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, लघु, सीमान्त एवं महिला किसानों को ट्रेक्टर की बीएचपी के आधार पर लागत का अधिकतम 50 प्रतिशत तक तथा अन्य श्रेणी के कृषकों को लागत का अधिकतम 40 प्रतिशत तक अनुदान दिया जायेगा। लघु एवं सीमान्त श्रेणी के किसानों को ऑन-लाईन आवेदन से पूर्व जन आधार में लघु एवं सीमान्त श्रेणी जुड़वाना आवश्यक है, आवेदन के दौरान उक्त प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। कृषि आयुक्त ने बताया कि राज किसान साथी पोर्टल पर ई-मित्र के माध्यम से जनाधार कार्ड, जमाबंदी की नकल, कृषि यंत्र का कोटेशन आदि दस्तावेजों की सहायता से ऑन-लाईन आवेदन कर सकते हैं। किसानों को राज्य में प्रचलित ट्रैक्टर संचालित सभी प्रकार के कृषि यंत्र जैसे रोटावेटर, थ्रेसर, कल्टीवेटर, बंडफार्मर, रीपर, सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, डिस्क हेरो, प्लॉउ आदि यंत्रों पर अनुदान दिया जायेगा। किसान द्वारा कृषि यंत्रों को पंजीकृत फर्म से खरीदने तथा सत्यापन के बाद अनुदान उनके जनाधार से जुड़े बैंक खाते में हस्तान्तरित किया जायेगा।

# सी.आई.डी. अपराध शाखा के 103 पुलिककर्मी सम्मानित

## कार्य क्षेत्र में आगे भी और अधिक जोश और ऊर्जा के साथ कर्तव्य का पालन करें : एडीजी दिनेश एम.एन.



सीआईडी अपराध शाखा के 103 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सोमवार को पुलिस मुख्यालय के चतुर्थ तल पर आयोजित अलंकरण समारोह में डीजीपी डिस्क, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक, सर्वोत्तम सेवा चिन्ह एवं अति उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**जयपुर**। सीआईडी अपराध शाखा के 103 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सोमवार को पुलिस मुख्यालय के चतुर्थ तल पर आयोजित अलंकरण समारोह में डीजीपी डिस्क, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक, सर्वोत्तम सेवा चिन्ह एवं अति उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध राजस्थान, जयपुर दिनेश एम.एन. एवं महानिरीक्षक पुलिस प्रफुल्ल कुमार द्वारा इस अवसर पर उत्कृष्ट, सराहनीय एवं प्रशंसनीय सेवाएं प्रदान करने वाले 33 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को डीजीपी डिस्क, 14 पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, 20 पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक, 14 पुलिस कर्मियों को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह तथा 22 पुलिस कर्मियों को अति उत्तम सेवा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

एडीजी क्राइम एमएन ने सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी आने वाले समय में और अधिक जोश व ऊर्जा के साथ अपने कार्य क्षेत्र में प्रदत कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करें।

डीजीपी डिस्क से सम्मानित होने वालों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरधन लाल सौंकरिया, सतीश कुमार यादव, शालिनी राज, भरत राज, पुलिस उप अधीक्षक प्रवेंद्र सिंह महला, ओमप्रकाश मीना, पुलिस निरीक्षक उमेश बेनीवाल, अन्तिम शर्मा, राम सिंह नाथावत, बृजभान सिंह (सेवानिवृत्त), उप निरीक्षक कदीर खान, सहायक उप निरीक्षक मुकेश राजावत व अमरचंद, हेड कांस्टेबल मोहम्मद यूनुस खान, बृजेश कुमार निगम, उस्मान अली, सुरेंद्र कुमार शर्मा व शंकर दयाल शर्मा, कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, नेतराम सैनी, अशोक सिंह, अशोक कुमार वर्मा, रामचंद्र, गिरवर सिंह, मनोज कुमार, नरेंद्र कुमार सैनी, सुभाष चन्द गोरेड़ा, सूरजमल, शंकर लाल, मनीष कुमार एवं अमन कुमार शामिल है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरधन लाल सौंकरिया व भरत राज, पुलिस उप अधीक्षक प्रवेंद्र सिंह महला, पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत, कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, रामचंद्र व गिरवर सिंह ने दूसरी बार डीजीपी डिस्क प्राप्त किया।

पुलिस निरीक्षक राम सिंह, उप निरीक्षक महेश कुमार टांक, जसवंत सिंह, राजेश कुमार शर्मा व बाबूलाल, हैड कांस्टेबल हरि सिंह कर्णावत, बृजेश कुमार निगम व गोपाल लाल, कांस्टेबल सूरजमल, वासुदेव गोस्वामी, सीताराम सामरिया, गोपाल बहादुर रांका, गिरधारी लाल व जुगल किशोर शर्मा को अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त करने वालों में पुलिस निरीक्षक सुनील शर्मा व उम्मेद सिंह, उप निरीक्षक राम सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह व बनवारी लाल शर्मा, हैड कांस्टेबल राजकुमार, सुशीला यादव व कृष्णा नायक, कांस्टेबल राकेश कुमार, स्वामी शरण, श्याम लाल, अमित कुमार भरतपाल यादव सत्यवीर दिलीप सिंह सुमन कुमारी व बीज राज, कांस्टेबल चालक रतनलाल मीणा, रमेश चन्द शर्मा व दिनेश चन्द शर्मा शामिल थे।

उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, हैड कांस्टेबल खेम सिंह गौड़, ओमप्रकाश बैरवा, संजय कुमार, जय सिंह मीणा, ओम प्रकाश, पवन कुमार शर्मा, किशोर सिंह, पृथ्वी पाल सिंह व कालूराम मीणा, कांस्टेबल राजकुमारी, कुतुबुद्दीन, सलीम खान व हरलाल को सर्वोत्तम सेवा चिह्न से सम्मानित किया। हैड कांस्टेबल दौलत सिंह, दिवाकर प्रसाद, सूरज कुमार, रामेश्वर सिंह व आत्माराम, कांस्टेबल कैलाश चन्द, कुशल चन्द, दातार सिंह, मेघ चन्द, सतवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, जतन लाल, राजेश कुमार, सांवरमल, कैलाश चंद्र, कमलेश कुमारज़ प्रमोद कुमार, विशम्भर दयाल, अशोक कुमार व महेंद्र सिंह, कांस्टेबल चालक सज्जन सिंह व शिवपाल सिंह को अति उत्तम सेवा चिह्न दिया।

## सार-समाचार

### ओ.पी.बुनकर ने किया पौधारोपण



**जयपुर**। आईसीडीएस निदेशक ओ.पी. बुनकर ने सोमवार को 7वें राष्ट्रीय पोषण माह के आरंभ होने के अवसर पर आईसीडीएस बाल विकास परियोजना जयपुर प्रथम के मुरलीपुरा के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। बुनकर ने आंगनबाड़ी केंद्र पर "एक पेड़ मां के नाम " अभियान के तहत पौधारोपण किया तथा पोषण माह रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। निदेशक ने निरीक्षण के दौरान महिलाओं व बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य की आवश्यकता पर बल दिया तथा उचित पोषण के अभाव में होने वाली बीमारियों तथा समस्याओं के बारे में अवगत कराया। बुनकर ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान 2 से 16 सितंबर तक अंतर्गत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन कराया जाना है। दूसरी किस्त के लिए पात्र लाभार्थियों के टीकाकरण विवरण को अद्यतन, महिला पर्यवेक्षक स्तर से सभी पात्र लाभार्थियों को प्रतिदिवस वेरिफाई करना है, सीडीपीओ स्तर से सभी पात्र लाभार्थियों को प्रतिदिवस अनुमोदन, पेमेंट जनरेट करना है ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों की योजना का लाभ दिया जा सके। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को अधिक से अधिक लाभार्थियों को इन योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के दौरान उपनिदेशक महिला एवम बाल विकास विभाग जयपुर महेश शर्मा एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी जयपुर प्रथम नरेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

### जेकेके में फोटोग्राफी कार्यशाला 6 से



**जयपुर**। जवाहर कला केंद्र में 6 सितंबर से 8 सितंबर तक आयोजित होने वाले "सुर ताल उत्सव" में फोटोग्राफी सीखने की इच्छा रखने वालों को बेहतरीन अवसर मिलेगा। इस कार्यशाला में मुंबई के प्रसिद्ध सेलेब्रिटी फोटोग्राफर शिरीष कर्राले प्रैक्टिकल फोटोग्राफी के गुर सिखाएंगे। डेल्फिक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान की अध्यक्ष और वरिष्ठ आईएएस श्रेया गुहा ने बताया कि 6 से 8 सितंबर तक "सुर ताल" उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ओडिसी नृत्य, हवेली संगीत, शास्त्रीय संगीत, ग़ज़ल, कई नृत्यों पर आधारित एक कोरियोग्राफ्ड प्रस्तुति के साथ ही फोटोग्राफी कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का प्रवेश निशुल्क रहेगा, इसके साथ ही फोटोग्राफी कार्यशाला हेतु इच्छुक व्यक्ति न्यूनतम राशि जमा करवाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। आवेदकों के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु ऑनलाइन राशि जमा करवाने के साथ ही मौके पर नक़द जमा करवाकर रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी रहेगी। उन्होंने बताया कि शिरीष कर्राले मुंबई के प्रसिद्ध सेलेब्रिटी फोटोग्राफर हैं जो 20 वर्षों से अधिक तक फोटोग्राफी की नामचीन पत्रिकाओं के संपादक रहे हैं। सेलिब्रिटी के फोटो शूट करते हैं तथा कई फिल्मों के स्टिल शूट भी किए हैं। इस तरह की कार्यशालाओं से सीखने वालों का मुंबई जाना और बहुत अधिक फीस देकर वहां की कार्यशालाओं में भाग लेने में होने वाला व्यय बच जाएगा। कार्यशाला तीनों दिन दिनभर चलेगी तथा भाग लेने वालों के लिए कार्यशाला स्थल पर ही लंच की व्यवस्था भी की गई है।

### 'फोटोग्राफी जीवन के क्षण सहेजती'

**जयपुर**। नजर फोटो एग्जिबिशन की अवार्ड सेरेमनी गुर्जर की थड़ी स्थित होटल ग्रैंड सफारी में आयोजित हुई। समारोह में मौजूद रहे राजनीति के दिग्गजों ने फोटोग्राफर्स की फोटो की सराहना करते हुए कहा कि फोटोग्राफी केवल कला नहीं है, बल्कि यह जीवन के क्षणों को संभाल के रखने का तरीका है। इस समारोह में कांग्रेस नेता वैभव गहलोत, जयपुर ग्रेटर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर, विधायक शत्रुघ्न गौतम और डॉ.शिखा मील बराला मौजूद रहे। समारोह में विजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट से नवाजा गया। विजेताओं को संबोधित करते हुए महापौर सौम्या गुर्जर ने कहा कि फोटोग्राफर की सोच उसकी फोटो को अनोखा बना देती है। केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि एक साथ 350 से अधिक भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय वन सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा, फोटो पत्रकार, फोटोग्राफर्स, डॉक्टर्स, स्टूडेंट, फ्रीलांस फोटोग्राफर्स की तस्वीरों को एक मंच देना बहुत बड़ा काम है।

### कृष्ण कुंज में भजन संध्या 5 को

**जयपुर**। राजधानी के कालवाड़ रोड स्थित कृष्ण कुंज विलाज में पांच सितम्बर को रात्रि साढ़े 7 बजे से भक्ति रस से ओतप्रोत भजन संध्या सहित कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। रतनगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सारस्वत ने बताया कि कृष्ण कुंज निवासियों की ओर से आयोजित भजन संध्या संत श्री निवृतिनाथ कृष्णा, पीठाधीश्वर प्रणवाश्रम गनेड़ी सीकर के सानिध्य में होंगी। भजन संध्या में बिसाऊ विकास मंडल समिति जयपुर, रंग रसिया सांस्कृतिक मंडल जयपुर और आराधना म्यूजिकल आर्ट एंड कल्चर ग्रुप, जयपुर के प्रसिद्ध कलाकार और गायक गीत और संगीत के साथ अपनी प्रस्तुति देंगे। सामाजिक कार्यकर्त्ता हेमंत सारस्वत ने बताया कि कार्यक्रम के लिए पदाधिकारियों और सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारी दी है जो आने वाले श्रद्धालुओं का ध्यान रखेंगे ताकि उन्हें कोई असुविधा न हो।

### जियोलॉजी साक्षात्कार 10 सितंबर को

**जयपुर**। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा- 2023 के अन्तर्गत जियोलॉजी विषय के साक्षात्कार का आयोजन 10 सितंबर 2024 को किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

### बैडमिंटन खिलाड़ी को बधाई दी

**जयपुर**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पेरिस पैरालंपिक में भारत को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाने पर बैडमिंटन खिलाड़ी नितेश कुमार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पूरा देश नितेश कुमार के खेल प्रदर्शन से गौरवान्वित हुआ है। बागडे ने भारतीय एथलीटों के शानदार प्रदर्शन के जारी रहने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि देश को अपने इन खिलाड़ियों पर नाज है।

### कत्थक नृत्य में श्रीजा खंडेलवाल प्रथम

**जयपुर** (कासं)। महावीर पब्लिक स्कूल में दिनांक 2 सितंबर 2024 को आयोजित 11वीं इंटर स्कूल कत्थक डांस कंपटीशन में सैंट एंसेल्म पिंक सिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 11वीं की छात्रा श्रीजा खंडेलवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस पर उसे 15 हजार रुपए का चेक पुरस्कार स्वरूप भेंट किया गया।

### 10 हजार पौधे बांटेगा जे.डी.ए. प्रशासन

**जयपुर**। जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से शहर में 6 स्थानों पर करीब 10 हजार फलदार व छायादार पौधे वितरित किये जाएंगे। जेडीए आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 4 सितम्बर 2024 से जेडीए प्रशासन की ओर से आमजन को निम्नानुसार वितरण केन्द्रों पर 10 हजार पौधे वितरित किये जायेंगे। करीब 10 फीट ऊंचाई के 10 हजार पौधे आमजन को रियायती दर पर दिए जाएंगे।




## Skyscraper Day


Skyscrapers have an interesting history that date back to the late 1800s, when the first building to be in this category was constructed in Chicago, Illinois, USA. *Skyscraper Day* provides the opportunity to learn more about the architects who commit a dream to paper and the construction crews that make it reality. The day is celebrated on September 3 each year, as this is the anniversary of the birth of Louis H. Sullivan, the American architect, who was influential in the world of building tall buildings and was even called the 'father of skyscrapers.'

#BRAINPOWER

# Controlling Feel Good



A ubiquitous neurotransmitter that carries signals between brain cells, dopamine, among its many functions, is involved in multiple aspects of cognitive processing.




From the thrill of hearing an ice cream truck approaching to the spikes of pleasure while sipping a fine wine, the neurological messenger, known as dopamine, has been popularly described as the brain's 'feel good' chemical, related to reward and pleasure.

A ubiquitous neurotransmitter that carries signals between brain cells, dopamine, among its many functions, is involved in multiple aspects of cognitive processing. The chemical messenger has been extensively studied from the perspective of external cues, or 'deterministic' signals. Instead, University of California San Diego researchers recently set out to investigate less understood aspects related to spontaneous impulses of dopamine. Their results, published in the journal *Current Biology*, have shown that mice can wilfully manipulate these random dopamine pulses.


Rather than only occurring when presented with pleasurable, or reward-based expectations, UC San Diego graduate student, Conrad Foo, led research that found that the neocortex in mice is flooded with unpredictable impulses of dopamine that occur approximately once per minute.

Working with colleagues at UC San Diego (Department of Physics and Section of Neurobiology) and the Icahn School of Medicine at Mount Sinai in New York, Foo investigated whether mice are aware that these impulses, documented in the lab through molecular and optical imaging techniques, are actually occurring. The researchers devised a feedback scheme in which mice on a treadmill received a reward, if they showed they were able to control the impromptu dopamine signals. Not only were mice aware of these dopamine impulses, the data revealed, but the results confirmed that they learned to anticipate and volitionally act upon a portion of them. "Critically, mice learned to reliably elicit (dopamine) impulses prior to receiving a reward," the researchers note in the paper. "These effects reversed when the reward was removed. We posit that spontaneous dopamine impulses may serve as a salient cognitive event in behavioural planning."

The researchers say that the study opens a new dimension in the study of dopamine and brain dynamics. They now intend to extend this research to explore if and how unpredictable dopamine events drive foraging, which is an essential aspect of seeking sustenance, finding a mate and as a social behaviour in colonizing new home bases.

"We further conjecture that an animal's sense of spontaneous dopamine impulses may motivate it to search and forage in the absence of known reward-predictive stimuli," the researchers noted.

In their efforts to control dopamine, the researchers clarified that dopamine appears to invigorate, rather than initiate, motor behaviour. "This started as a serendipitous finding by a talented, and curious graduate student with intellectual support from a wonderful group of colleagues," said study senior co-author David Kleinfeld, a professor in the Department of Physics (Division of Physical Sciences) and Section of Neurobiology (Division of Biological Sciences). "As an unanticipated result, we spent many long days expanding on the original study and, of course, performing control experiments to verify the claims. These led to the current conclusions."





# "They are a nasty, stinking, dirty race and nothing more can be said of them"

PART:2







In their advice manuals, *memsahibs* reiterated physical, moral, sexual, and intellectual inferiority of the Indian servant, and from the 1850s onwards, wider political and scientific discourse on 'race' fuelled feelings of British supremacy and legitimacy of imperialism. Speaking to his parliamentary colleagues in 1849, Disraeli claimed that *Race* implies difference and *Difference* implies superiority, and *Superiority* leads to predominance. By the end of the 1850s, discussions over 'scientific' grounds of racism and the Indian rebellion of 1857, an event which *memsahibs* described as the Sepoy Mutiny, made racist comments increasingly acceptable. *Memsahibs* became increasingly hostile in their criticism of their servants.



Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

#THE RAJ

During the nineteenth century, most *memsahibs* in India could barely speak or understand Hindi or any Indian language, so, they often miscommunicated with and misunderstood their servants. The linguistic barriers between British women and Indian servants contributed to the intolerance by *memsahibs* of the habits of the indigenous domestics, and their perceived image of servants as lacking in intelligence. Emma Walter wrote in her journal on 28 November, 1839 that she found her servants very attentive but slow, and sometimes, extremely dull in comprehension. Prescriptive literature written by *memsahibs* also painted Indian servants in similar derogatory terms. In an advice manual of 1864, one *memsahib* claimed that where it is possible to cheat, they (Indian servants) will generally do so. A friend of mine firmly believes a native never speaks the truth except by accident. One of the most disagreeable feelings in India is that of constant suspicion indeed, of the native characters. Another former *memsahib* aired similarly unfavourable remarks about Indian servants, "They may tell you stories, tis their nature to, and is not the heinous crime in their eyes that it is in yours."

Women were advised to regard the annoying acts of servants as they would those of children. British women could justify enforcing their personal rule over the servants through disciplinary practices, utilized by parents with children. In Victorian Britain, they ranged from giving or withholding of food to praise or verbal abuse. In India, British families did not provide food for their servants, so, *memsahibs* could not withhold food as punishment. Although beating of servants became illegal in Britain in 1860, most scholars agree that families generally did not use physical violence against their domestics in Britain during the nineteenth century. In sharp contrast, the beating of servants in India was mentioned and commented upon frequently. In her diary for 3 June, 1827, Mary Wimberley noted the flogging her carriage-driver received. In January 1859, Minnie Wood wrote to her mother from Rawalpindi that she could not find a decent ayah because her last ayah left and went around telling people that Minnie had flogged her. Whether Minnie was guilty or not, the making of such a charge and the presumed hope that it would sound plausible suggest that flogging may not have been an uncommon practice among *memsahibs*.

Flora Annie Steel, novelist and author of *The Complete Indian Housekeeper and Cook*, whipped one of her servants for mistreating her mule. Not all *memsahibs* used physical violence against their Indian servants, but some tacitly approved these acts by others, either family members or friends. In 1882, one *memsahib* wrote to her husband, "I told Dr. and Mrs. Dallas about the man disappearing just when he had to go with you because you had been angry with him in the morning, but, of course, I did not say you had struck him." Some *memsahibs* commented negatively upon the apparently prevalent practice of beating servants. One former *memsahib*, advising her readers against using physical force, reasoned in a manual, "I am often told that the better a native is treated, the more ungrateful he is, but I cannot divest myself of the idea that he is if a very bad specimen of the 'man and brother' at all events, a fellow creature, and I really cannot persuade myself or others that it does well to treat him like a brute. "

Although works of *memsahibs* like *The Letters of Eliza Fay* had been available to the public since 1817, from the late 1860s, there is an increase in the number of publications by *memsahibs* and to some extent in the hostility with which they described Indians. The Indian rebellion of 1857 directly and indirectly accounts for this change. During the rebellion British men, women, and children were massacred as were Indians. Obviously, outrage at the massacre of the British provoked a change of attitude in writers and created a market for personal narratives of domestic 'heroism' in the Empire. Once the rebels were crushed, the administration of India was transferred from the East India Company to the Crown, and more British wives came to India with their husbands and wrote about their experiences. By publishing their private writings for the female reading public, they identified themselves, as one *ex-memsahib* wrote, as 'part of the Great Empire.'

On 1 March, 1857, Minnie Wood wrote to her mother, "You, I am sure, would never stand them (servants)." Emily Short Wonnacott expressed similar sentiments, as noted earlier, when on 18 April, 1870, she wrote to her mother, "You would never like India." What these women implied was that by maintaining a domestic life in a hostile environment, they, like their husbands, participated in Britain's imperial venture.

In their advice manuals, *memsahibs* reiterated physical, moral, sexual, and intellectual inferiority of the Indian servant, and from the 1850s onwards, wider political and scientific discourse on 'race' fuelled feelings of British supremacy and legitimacy of imperialism. Speaking to his parliamentary colleagues in 1849, Disraeli claimed that *Race* implies difference and *Difference* implies superiority, and *Superiority* leads to predominance. By the end of the 1850s, discussions over 'scientific' grounds of racism and the Indian rebellion of 1857, an event which *memsahibs* described as the Sepoy Mutiny, made racist comments increasingly acceptable. *Memsahibs* became increasingly hostile in their criticism of their servants. Emily Short Wonnacott wrote to her mother from Poona on 15 August, 1869, "No one must expect to find it an easy matter to manage a number of native servants, who will have different castes, not one of whom have anything in common with their employers, whose ideas of honesty, cleanliness and truthfulness are not merely vague, but do not exist. Their delinquencies must be taken philosophically."

> In the 1860s and 1870s, *memsahibs*, for the first time, referred to the Indians as 'monkeys,' reflecting the influence of Social Darwinism into their discourse. Mrs. Gutherie described her ayah as very small, and very black, and as she sat in her low chair, or on the ground, with her skinny arms round the fair child, she looked exactly like a monkey wrapped up in white muslin. Another *memsahib* wrote that a great majority of Indian merchants have arms, legs, and body bare, strongly reminding one of the monkey tribes.

Emily Short Wonnacott wrote again to her mother on 27 July, 1870, about her ayah (nurse), "The native women are, as a rule, very immoral, but then, religion encourages them in that, for I have read that the *Hindoo* religion is nothing else but obscenity from first to last." During the post-Mutiny period, Hindus were routinely characterized as 'heathens.' One *memsahib* asserted, "It is a painful thing to any Christian heart to be surrounded in one's very home by heathens and Mahometans, especially when one is unable to speak to them of the faith that makes us to differ." When the sepoys, who were perceived as subservient, mutinied in 1857, the British were shocked for many reasons. The Sepoys' slaughter of British women and children in Cawnpore horrified the British community, but what astounded them the most was that the Sepoys did not act like the submissive, docile, and unreliable creatures, that many Anglo-Indians had perceived them to be. The British could not accept that such inferior people could attack British men's possessions, their women or their empire. *Memsahibs* and most of the British community viewed the Indian rebellion as 'mutiny' and as acts of Indian savages. Their mistrust of their domestics increased, and they became more negative in their general opinion of Indian servants. Brantlinger observes that Victorian accounts of the Mutiny show an absolute polarization of good and evil, innocence and guilt, justice and injustice, moral restraint and sexual depravity, civilization and barbarism. Letters and various other accounts of *memsahibs*, regarding their servants, reflected to some degree, the behavioral extremities, described by Brantlinger. After the rebellion of Indian troops in Jhelum, Minnie Wood wrote to her mother that the Mahomedans were the cause of all their miseries in India, and their servants were mostly Muslims. She continued, "I, who have been so short a time here, now begin to see the creatures one has to deal with. I think they are a nasty, stinking, dirty race and nothing more can be said of them." The Indian rebellion also popularized the term 'niggers.' Social Darwinism, used as a taxonomy of the human race, was applied to the situations in India where indigenous people were often cast as 'nigs' or 'niggers.' The atmosphere of racial prejudice was strong enough to prompt E.J., a former *memsahib*, to advise her readers, "Treat your servants as fellow creatures, not as 'nigs,' a term too often applied, and very incorrectly to the Indian native. Look after them, show that, though of a different race and colour, you do not, for that senselessly, despise them, but have sympathy with them for them." When the Governor of Madras invited Indians to a reception, Florence Marryat, author of *Gup,* wrote, "The gentleman, who by way of propitiating the natives, issued invitations to a lot of niggers (I know they are not really 'nigger' but I liked to call them so) to attend."

In the 1860s and 1870s, *memsahibs,* for the first time, referred to the Indians as 'monkeys,' reflecting the influence of Social Darwinism into their discourse. Mrs. Gutherie described her ayah as very small, and very black, and as she sat in her low chair, or on the ground, with her skinny arms round the fair child, she looked exactly like a monkey wrapped up in white muslin. Another *memsahib* wrote that a great majority of Indian merchants have arms, legs, and body bare, and squat upon their shopboards or their doorsteps, in attitudes, strongly reminding one of the monkey tribes. Because the servants were of other religions, *memsahibs* described them as morally inferior. Furthermore, as male domestics were performing women's jobs, *memsahibs* perceived them as effeminate.

During the last three decades of the nineteenth century, the number of domestics, employed by the *memsahibs*, declined. With the decrease in number of servants should have come less diversity in the composition of indigenous domestics, which, in turn, should have lowered the number of different sources of irritation for *memsahibs* in their dealings with the domestics. Then, one might expect to find less hostile representation of the Indian domestics in *memsahibs'* private and public writings during the later years. But that did not happen. Rather, the intensity of anti-Indian feelings remained strong, even if it did not increase. How did the *memsahibs'* feelings of dislike persist despite their having less contact with the domestics during the later years? The body of literature with derogatory comments about Indian domestics, written by earlier generations of *memsahibs*, was available to the women of these later years. Some of these India-bound women of later generations were socialized to expect the worst of Indian servants, amalgamating these expectations with their own experiences in the writings.

*rajeshsharma1049@gmail.com*

#DESTINATIONS

# Incredible Monsoon Safari Experiences

Most naturalists and park guides strongly believe that the monsoon makes forests come alive. Plan your monsoon getaway in advance.

*Safari* during the monsoon isn't what one would normally think of for a getaway, but given the geographical expanse of India and the different weather conditions in those geographies, many nature parks and wildlife reserves, around the country, are open all year round, including during the monsoon, and are stunning to visit.

Much-awaited sightings of wildlife might be harder but the *monsoon safari experience* is mesmerising and magical. Most naturalists and park guides strongly believe that the monsoon makes forests come alive, with rare species of plants, elephants revelling in the rain and tigers making their mark. Here are the national parks you can visit, this monsoon.

### Daroji Sloth Bear Sanctuary

**Karnataka**

Spread over 82.7 square kilometres, the *Daroji Sloth Bear Sanctuary* is home to more than 150 sloth bears, and is one of India's first sloth bear sanctuaries. Located near the town of Hampi in Karnataka, the wildlife safari can be enjoyed not only to witness the sloth bears but also a wide variety of wildlife, including leopards, wild boars, jackals and hyenas in the midst of a lush green forest, long grass. The rain also brings with it dancing peacocks, yellow-throated bulbul, painted spurfowl and peafowl. With sloth bears being predominantly nocturnal creatures, the sanctuary is open in the evenings from 4-6 pm each day, with safaris, guided tours and machan sightings available.



### Ranthambore National Park

**Rajasthan**

A favourite for all wildlife enthusiasts, the *Ranthambore National Park*, located in the Sawai Madhopur district of Rajasthan, is partially open during the monsoon season. The monsoon zones include 6, 7, 8, 9 and 10 and remain open all year round, and include three tiger territories. The park offers a perfect blend of dense trees, forming a blanket over the forest, along with dry shrubs of the desert region. Tiger sightings during the season are not uncommon and can be seen along with other jungle cats such as leopard and desert cat, jackals, nilgai and others. The monsoon travel experience at the national park should not be missed with its enthralling scenery and wildlife.

### Mhadei Wildlife Sanctuary, Goa



Ever heard of bioluminescent mushrooms? At the *Mhadei Wildlife Sanctuary* in the northern part of Goa, the advent of the monsoon season brings a wide variety of these mushrooms, which can be spotted by the bluish-green or bright violet light that they emit. The sanctuary is located near the town of Valpoi and the guided tour is highly recommended to witness endemic orchids, Indigenous trees, sambar deer and wild boar among others. Seen on occasion are the black panther, tiger, jungle cat and the 'big four' Indian venomous snakes such as the spectacled cobra and saw-scaled viper.

### Hemis National Park, Ladakh




Located just outside Leh, this park is home to the elusive snow leopard. And monsoon might be the best time to visit, especially if you've had enough rainfall by then. This region of Ladakh doesn't get a lot of rainfall, making it the ideal time to visit the park. Named after a monastery located within the park perimeter, *Hemis* is home to 200 or so snow leopards but you will have to be very patient to spot one.

### Jim Corbett National Park, Uttarakhand



While most of the park is closed off because heavy rain makes the paths muddy and hard to navigate even in a 4x4, you are welcome to go on safari in the *Jhirna Zone* as well as the buffer area known as *Sitabani Zone* during this time of year. Nature is in fresh, lush bloom, and you will readily spot wildlife such as deer, antelope and boar, who come out to play in the rain. This is also a great time for bird-watchers. So, train your peepers to spot Asian barbets, quail, partridge, owls, pheasants, parakeets and raptors in action hunting for prey.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman






# चेन स्नेचिंग गिरोह का पर्दाफाश, तीन महिलाएं सहित चार गिरफ्तार

## गिरोह के सदस्यों के खिलाफ पाली सहित कई शहरों में प्रकरण दर्ज

**राजसमन्द,** (निसं)। जिले में एसपी मनीष त्रिपाठी द्वारा सम्पति संबंधित अपराधों में अपराधियों की धरपकड के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एएसपी महेन्द्र पारिक एवं डीएसपी विवेकसिंह के नेतृत्व में गठित कांकरोली थाना टीम ने रक्षाबंधन के दिन कांकरोली बस स्टैण्ड पर हुई चेन स्नैचिंग के मामले में शातिर चेन स्नैचिंग गिरोह की तीन महिलाओं व एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी हनवंतसिंह सोढा ने बताया कि 18 अगस्त को प्रार्थी भंवरदास (66) पुत्र गणेशदास वैष्णव निवासी चारभुजा ने थाना में रिपोर्ट पेश की कि मैं अपनी धर्म पत्नी लीलादेवी के साथ कांकरोली बस स्टैण्ड से भीलवाडा के लिए निकल रहा था। उदयपुर से बारां डीपो में बस में चढ रहे थे, तब भीड़ में मैंने जब लीलादेवी के गले में देखा तो चेन नहीं थी। जो चेन कांकरोली बस स्टैण्ड पर अज्ञात व्यक्ति तोड कर ले गए। उसी दिन बस स्टैण्ड पर और भी औरतों पुष्पादेवी वैष्णव पत्नी कैलाश वैष्णव निवासी अमलोई के आभूषण नेकलेस एवं सुमित्रा पत्नी रामेश्वरलाल राव निवासी वणाई की डेढ तोला सोने की चेन जिसमें गणेशजी का लॉकेट भी तोडने की वारदात को अंजाम दिया गया। हम लोगों ने मिलकर वहां तलाश की मगर अज्ञात चोरों का कोई पता नहीं चला। रिपोर्ट पर कांकरोली थाना पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर अज्ञात



कांकरोली पुलिस ने शातिर चेन स्नेचिंग गिरोह के तीन महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बदमाशों की तलाश प्रारंभ की गई।

इस दौरान पेतरसी थाना कोतवाली पाली जिला पाली के प्रकरण में गिरफ्तारशुदा आरोपी श्याम पुत्र राजेन्द्र, कश्मीरा पत्नी अमरसिंह, अनारकली पत्नी कपिल, ज्योति पुत्री

■ **चोरी किए सोने के आभूषण बरामद**

अमरसिंह ने प्रकरण हाजा की घटना कांकरोली बस स्टेण्ड से करना बताया। चारों आरोपी श्याम पुत्र राजेन्द्र निवासी मेरठ उत्तरप्रदेश जो जिला कारागृह पाली में निरूद्व होना व कश्मीरा निवासी हाथीखेडा अजमेर हाल मलयाना फाटक मेरठ, अनारकली पत्नी कपिल निवासी मलयाना फाटक मेरठ उत्तरप्रदेश, ज्योति पुत्री अमरसिंह निवासी अजमेर हाल मलयाना फाटक मेरठ उत्तरप्रदेश को महिला बंदी सुधारगृह जोधपुर में न्यायिक अभिरक्षा में होना पाया गया।

जिस पर चारों अपराधियों को जरिए प्रोडक्शन वांरट प्राप्त कर अनुसंधान किया गया। अनुसंधान के दौरान आरोपियों के कब्जे से प्रकरण हाजा का मसरूका सोने की चैने व नेकलेस बरामद किया गया। इस गिरोह के सदस्य शातिर बदमाश होकर त्योहारों, मेलों अथवा भीड वाले अलग-अलग शहरों पर वाहन की सहायता से पहुंचते हैं व सभी सदस्य अलग-अलग होकर बिखर जाते हैं तथा सोने के गहने पहनी हुई महिलाओं की चैन, नेकलेस आदि आभूषणों को भीड का फायदा उठाकर तोडकर चुरा लेते है। फिर वाहन में बैठकर वापस मेरठ चले जाते हैं। इस गिरोह के सदस्यों के विरूद्व पाली सहित कही शहरों में प्रकरण दर्ज हैं। मुलजिमानों को बापर्दा रखा गया है।

# एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस ने पकड़े 77 बदमाश

## अभियान के तहत 241 जगहों पर दी दबिश



गंगापुर सिटी के तीन थानों की पुलिस ने कार्रवाई कर 77 आरोपियों को हिरासत में लिया है।

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गंगापुर सिटी के तीनों थाने सहित जिले के अलग-अलग थानों ने एरिया डोमिनेशन अभियान की कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में 77 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज भरतपुर के 2 दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान गंगापुर सिटी पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर के निर्देशन में चलाया गया।

अभियान में एएसपी गंगापुर सिटी राकेश राजौरा, गंगापुर सिटी पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार, बामनवास पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीणा, टोडाभीम पुलिस उपाधीक्षक मुरारीलाल के सुपरविजन में कुल 42 टीमों का गठन किया गया। इन टीमों में 162 अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत 241 जगहों पर दबिश देकर अलग अलग मामलों में कुल 77 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि एरिया डोमीनेशन अभियान के तहत एक्साइज एक्ट में 2, अवैध खनन में 1, दस हजार का इनामी अपराधी 1, वांछित अपराधी 8, एचएस अपराधी 3, स्थाई वारंटी 4, गिरफ्तार वारंटी 20, एनडीपीएस एक्ट में वांछित अपराधी 1, 13 आरपीजीओ 3 तथा 170 बीएनएस 32 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इस तरह थाने वाइज अभियान में कार्रवाई करते हुए 77 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

# बाइक की टक्कर से घायल महिला ने तोड़ा दम

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र में जसुपुरा गांव के पास सड़क किनारे बैठी महिला को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुई महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर लाया गया। महिला की हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए रेफर किया गया। जहां रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया।

महिला की मौत के बाद उसका पोस्टमार्टम करने के लिए जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे एएसआई घनश्याम सिंह चाहर ने बताया कि सड़क हादसे में महिला की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि महिला के पति लीलाधर पुत्र चरण लाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया है कि उसकी 37 वर्षीय पत्नी फूलन देवी रविवार को चारा लेने के लिए खेत पर गई थी। चारा लेकर लौटते वक्त रास्ते में परेशान होकर वह पेड़ के नीचे बैठ गई। इसी दौरान तेज रफ्तार में आते बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी।

हादसे के बाद स्थानीय लोग घायल महिला फूलन देवी को लेकर जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे। जहां महिला की हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए रेफर कर दिया। उच्च उपचार के लिए ले जाते वक्त महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करते हुए महिला का पोस्टमार्टम करा दिया है। वहीं हादसे को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# बैंक से 62 हजार नकदी लेकर आरोपी फरार

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। पुरानी मिल के पास कैंनरा बैंक में मौजूद अज्ञात बदमाश ग्राहक से 62 हजार की नकदी लूटकर फरार हो गया। फतेहलाल नगर निवासी बुजुर्ग कैलाश शर्मा बैंक में नगदी जमा कराने गया था, इसी दौरान रूपये गिनने में मदद करने के बहाने शातिर आरोपी ने कहा में नोट को सही तरीके से जमा देता हु, बुजुर्ग ने विश्वास कर नोट इसके हवाले कर दिये, पलभर में ही ठग 62 हजार 500 रूपये की नकदी चुराकर चम्पत हो गया। पीड़ित ने इसे इधर उधर देखा तो वह कही भी नजर नहीं आने पर इसके पैरो तले जमीन खिसक गई। मदनगंज थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर टोपी पहने हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# चाय की दुकान से रुपए चुराते युवक को पकड़ा

**अजमेर,** (कासं)। गंज थाना क्षेत्र के ज्ञान विहार गेट के पास स्थित एक चाय की दुकान पर के गल्ले से रुपए चुराने वाले युवक को रंगे हाथों पकड़ा लिया। आरोपी युवक कार से आया था, भागने से पहले ही दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। लोगों ने युवक जमकर धुनाई की और फिर पुलिस के हवाले कर दिया।

मार्बल नगरी किशनगढ़ में इन दोनों पूरी तरह चोरों के हवाले हो रखी है। चोरों के बुलंद हौसलों के चलते नगर में तीन चोरियों की घटनाएं हुई, जिसमें करीब चोर लाखों रुपए पर हाथ साफ कर गए।

■ **लोगों ने धुनाई कर पुलिस के हवाले किया**

पुलस मामले की जांच में जुटी है।

गंज थाना क्षेत्र के ज्ञान विहार गेट के पास स्थित चाय की दुकान के मालिक राजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि उसके के समय उसके गल्ले में ढाई हजार रुपए रखे हुए थे और ग्राहकों को चाय बनाकर देने में व्यस्त थे, तभी एक युवक मध्यप्रदेश नंबर की कार से आया और युवक ने पहले सुपारी सिगरेट ली और चुपके से पास ही खड़े होकर गल्ले से ढाई हजार रुपए निकाल लिए। जब किसी ग्राहको को पैसे देने के लिए गल्ला देखा तो उसमें से रुपए गायब मिले। गल्ले के पास खड़े युवक पर शक होने पर उसके आवाज दी तो वह कार में बैठकर भागने की फिराक में था, तभी शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और युवक को भागने से पहले उसे पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने युवक की पहले धुनाई की और फिर गंज थाना पुलिस को सूचना देकर मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी युवक और कार को जब्त कर थाने ले गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# विवाहिता की लाश कुंड में तैरती मिली

**चूरू,** (का.सं.)। चूरू जिले के रतनगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में बदनामी के डर से एक विवाहिता ने घर में बने कुंड में कूदकर सुसाइड कर लिया।

सूचना पर रतनगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी ली। रतनगढ़ थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि रतनगढ़ थाना इलाके के एक गांव के व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि उसका छोटा भाई पिछले एक साल से विदेश में मजदूरी कर रहा है। छोटे भाई की 25 वर्षीय पत्नी अपनी दो बेटियों के साथ खाना खाकर रात को घर में सो गई थी। विवाहिता के पास उसका 15 वर्षीय भतीजा भी सोता है। रात को ठंड लगने पर भतीजा उठकर कंबल लेने के लिए घर के अंदर बने कमरे में गया। जहां उसने देखा कि कमरे की लाइट जली हुई थी। विवाहिता के पास एक व्यक्ति और भी बैठा हुआ था। जो उसे देखकर वहां से भाग गया। इस पर 15 वर्षीय भतीजा वापस कमरे में आकर सो गया। सुबह जब विवाहिता परिजनों को नहीं मिली तो इधर-उधर तलाश किया। इस दौरान घर में बनी कुंड में देखा तो शव पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से विवाहिता की शव को कुंड से बाहर निकाला। रिपोर्ट में जेठ ने शंका जताई है कि रात के समय विवाहिता के पास जो व्यक्ति आया था। उसकी बदनामी के डर से उसने सुसाइड कर लिया।

# झरने पर नहाने पहुंचे युवकों पर पैंथर का हमला

## दो युवक गंभीर घायल, एक लापता

**कोटा,** (निसं)। कोटा से लगे मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित कनकेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र के झरने पर नहाने पहुंचे लड़कों पर पैंथर ने हमला कर दिया। इस हमले में जख्मी दो युवकों को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि एक युवक लापता बताया जा रहा है। यह घटनाक्रम कोटा जिले के चेचट के नजदीक मध्यप्रदेश की सीमा अंतर्गत पड़ने वाले कनकेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र में हुआ।

मौके पर पहुंचे बोरिना निवासी विनीत यादव ने बताया कि वो मंदिर के नजदीक पहुंचे थे तभी एक युवक ऊपर से भागता उनके करीब पहुंचा। उसने बताया कि उसके साथियों पर पैंथर ने हमला कर दिया है। इस दौरान एक अन्य युवक भी लहूलुहान हालत में नीचे आया। उसके बाद हम पहले आए युवक के साथ मौके पर पहुंचे, जहां एक अन्य युवक जख्मी हालत नजर आया। साथ ही जख्मी युवक ने बताया कि उनका एक साथी लापता है। इस एरिया में पैंथर घूम रहा है। इसलिए हम वापस नीचे आ गए। इनमें से एक घायल को चेचट अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि दूसरे जख्मी को एकलिंगपुरा घाटा अस्पताल भेजा गया।

फिलहाल इन युवकों के नाम और पता की पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं, घायल युवक के शरीर पर पैंथर के पंजों के निशान देखने को मिल हैं। इस संबंध में चेचट थाना अधिकारी मन्शीराम विश्नोई ने बताया कि घटना मध्यप्रदेश के जंगल में हुई है। ऐसे में इस मामले को वहां की पुलिस और फॉरेस्ट विभाग के जवान ही देख रहे हैं। वन विभाग के चेचट फॉरेस्टर के अधिकारी जुबेर खान ने बताया कि उन्हें 9.30 बजे के आसपास इस घटना की सूचना मिली। उसके बाद उन्होंने इस मामले से मध्यप्रदेश के फॉरेस्ट विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया। वहां से करीब 15 से 20 वन विभाग के जवानों की टीम घटनास्थल पर पहुंची।

# धोखे से लाखों की नकदी हड़पने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने असली भूखण्ड मालिक के स्थान पर दूसरे व्यक्ति को डमी मालिक को खड़ा कर भूखण्ड बेच कर पीडित से लाखों की नकदी हडपने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गजेन्द्रसिंह राव के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत के नेतृत्व में गठित दल ने थाने के प्रकरण संख्या 79/ 2024 धोखाधड़ी मामले में फरार आरोपी दामोदर नागदा पुत्र भीमशंकर नागदा निवासी सेक्टर 11 रामसिंह जी की बाड़ी सविना, प्रवीण पुत्र बाबूलाल शर्मा निवासी मयूर काम्प्लेक्स हिरणमगरी सेक्टर 4, शाहिद उर्फ कालु उर्फ राजा पुत्र चांद मोहम्मद निवासी रजा कॉलोनी सेक्टर 9 सविना को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 7 फरवरी 2024 को पीडिता वन्दना पत्नी रामकुमार गोयल निवासी प्रभातनगर हिरणमगरी सेक्टर 5 हॉल क्राउन बिल्डिंग सेक्टर 8 चार कोप कांदी वली वेस्ट मुम्बई ने पुलिस थानेमें प्रकरण दर्ज करवाया था। जिसमें पडिता ने बताया कि 1995 में शहर आई थी।

सेक्टर 14 में भूखण्ड खरीदा था। कुछ बदमाशों ने भूखण्ड को अपना बता कर हरकलाल पुत्र खेमराज जैन निवासी अशोका अपार्टमेंट नियर श्रद्वानंद रोड़ नवीन ठक्कर विलेपार्ले मुम्बई के पक्ष में फर्जी रजिस्ट्री करवा कर पट्टा जारी करवा दिया। कुछ समय बाद भूखंड पर साफ सफाई करने के दौरान पडताल की तो अज्ञात बदमाशों ने हरकलाल जैन को बेचने की जानकारी सामने आई। आरोपी दामोदर नागदा,प्रवीण व शाहिद उर्फ कालु ने मिल कर भूखंड के कूछ रचित दस्तावेज तैयार कर दिनेश कुमार बंब के स्थान पर फर्जी व्यक्ति दिनेश कुमार बंब बताकर हरकलाल जैन को बेच कर 75 लाख रूपये हडप लिए। इस मामलेमें दिनेश पुत्र शांतिलाल भांड़ निवासी कैलाश कॉलोनी सूरजपोल को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है।

# मेडिकल की दुकान में चोरी

**मकराना,** (निसं)। शहर के जूसरी पानी की टंकी तिराहा पर एक मेडिकल की दुकान में चोरी की वारदात हुई है। दुकान का शटर तोड़ रविवार रात चोर गल्ले में पड़ी नगदी चुरा ले गए। सोमवार सुबह मेडिकल संचालक गजेन्द्र सिंह दुकान पर आया तो उसे शटर टूटा हुआ मिला। शटर को किसी सरिए की सहायता से तोड़ा गया है। सूचना मिलने पर मकराना पुलिस मौके पर पहुंची और दुकान का मौका मुआयना किया। गजेन्द्र सिंह ने बताया कि दुकान के गल्ले में खुल्ले रुपए और कुछ नगदी पड़ी थी। जिसे चोर चुराकर ले गए हैं। कितने रुपए की चोरी हुई है, वह इस बारे में स्पष्ट नहीं बता सकता है।

# पुलिस ने कार्रवाई कर 162 अपराधियों को गिरफ्तार किया



ब्यावर में पुलिस ने 239 स्थानों पर दबिश देकर कुल 162 अपराधियों को गिरफ्तार किया।

**ब्यावर,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक दिवसीय अभियान के तहत जिले के समस्त थानों द्वारा आपराधिक तत्वों, वांछित अपराधियों, अवैध खनन के विरूद्ध कार्रवाई, गैर जमानती वारंट, 299 जा. फौ./धारा 173 (8) जा. फौ. में फरार अपराधियों, घोषित अपराधियों, जैर तफतीश प्रकरणों में फरार वांछित मुल्जिमानों के साथ साथ ईनामी अपराधियों एवं थाना व जिला स्तर के टॉप-10 अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर एक दिवसीय अभियान के तहत एरिया डोमीनशन की कार्यवाही की गई।

अभियान के दौरान जिला पुलिस के 155 पुलिस कर्मियों को सम्मिलित कर कुल 39 टीमों का गठन किया जाकर जिले के विभिन्न स्थानों के साथ साथ जिले के बाहर व राज्य के बाहर करीबन 239 स्थानों पर दबिश दी गई। इस दौरान कुल 162 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। दबिश के दौरान जिला पुलिस की समस्त टीमों ने प्रभावी कार्रवाई की जिसमें स्थाई वारण्टी अपराधी 26, गिरफ्तारी वारण्ट 65 टॉप-10 अपराधी 04, जघन्य अपराधो में वांछित अपराधी 02, अन्य प्रकरणों में वांछित अपराधी 05 , अन्य कार्रवाई 01, अन्य कुल कार्यवाहियों में गिरफ्तारी 59,पुलिस चैकिंग में संदिग्धों से पूछताछ संख्या 143 रही।

# मंदिर से चांदी का छत्र सहित नकदी चोरी

## शहर में चोरों का आतंक, इलेक्ट्रिक दुकान से लाखों का सामान पार

**राजसमन्द,** (निसं)। इन दिनों से शहर सहित गांव-ढाणियों में चोर गैंग सक्रिय होने से चोरी की वारदातें बढ़ गई है। रविवार रात्रि को राजनगर थाना क्षेत्र के कडेचों का गुडा में एक मंदिर में चोरी कर चांदी के छत्र सहित नकदी चोरी हो गई।

शहर के 50 फीट रोड पर एक इलेक्ट्रिक दुकान से लाखों रुपए की चोरी हो गई। राजनगर थाना क्षेत्र के कडेचों का गुडा गांव में रविवार रात्रि को करीब 12:30 बजे तीन नकाबपोश बदमाशों ने मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। गांव के शंकरसिंह ने बताया कि रविवार रात्रि को तीन बदमाश मंदिर पर पहुंचे जहां पर मंदिर का ताला तोड़ दिया। इसके बाद दो नकाबपेश बदमाश मंदिर के अंदर घुसे। जहां से तीन चांदी के छत्र, चार हजार रुपए नकदी, एक तोला चांदी की कंठी एवं तीन तलवारें चुरा ली।

मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे गांव के नरपतसिंह के मोबाइल में कनेक्ट थे। नरपतसिंह ने रात को करीब साढे बारह बजे सीसीटीवी कैमरे देखे तो मंदिर में दो नकाबपोश बदमाश



इलेक्ट्रोनिक दुकान में चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

चोरी करते दिखे। इसके बाद नरपतसिंह ने फोन पर ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने मंदिर से जाने वाले तीनों रास्तों को बंद कर दिया। लेकिन ग्रामीणों की जाग होने का पता बदमाशों को लगने पर वे मौके से फरार हो गए। इसी प्रकार कांकरोली शहर के 50 फीट रोड पर तिरूपति एंटरप्राइजेज की दुकान में रात्रि को अज्ञात बदमाशों ने दुकान के पीछे से लोहे के पतरे तोड कर दुकान से लाखों रुपए का इलेक्ट्रिक सामान चोरी कर लिया। सुबह दुकान मालिक दुकान पर पहुंचा तो दुकान में सामान बिखरा देख उसके होश उड़ गए।

चोरी की वारदात का पता चलने पर कांकरोली थाने में सूचना दी। इस पर कांकरोली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए। पीपली आचार्यान निवासी जयेश कुमावत ने बताया कि रविवार रात 8 बजे दुकान बंद करके घर चला गया। इसके बाद सोमवार को सुबह दुकान का शटर खोला तो दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा मिला। इसके बाद दुकान के ऊपर बने गोदाम में देखा तो दुकान के पीछे की साइड का एक लोहे का पतरा टूटा मिला। चोर दुकान के पीछे से अंदर घुसे। जयेश कुमावत ने बताया कि दुकान से मोटरें, वायर सहित इलेक्ट्रिक सामान चोरी हो गया। जिसकी कीमत करीब 6 लाख रुपए बताई। वहीं कांकरोली थाने में सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

## संक्षिप्त

### सोहनलाल ने पदभार संभाला

**दौसा, (निसं)।** सूचना एवं जनसंपर्क सेवा के अधिकारी सोहनलाल ने



सोहनलाल

सोमवार को यहां सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में सहायक निदेशक का पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व सोहनलाल प्रतापगढ, सिरोही एवं जालोर में जिला जनसंपर्क अधिकारी तथा कृषि विभाग, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम और निर्वाचन विभाग में जनसंपर्क अधिकारी के पद पर कार्य कर चुके हैं।

### विधायक ने आपदा प्रबंधन को लिखा पत्र

**मनोहरपुर, (निसं)।** शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने आपदा प्रबंधन सहायता एव नागरिक सुरक्षा विभाग के सयुंक्त शासन सचिव को मानसून वर्ष 2024 में भारी वर्षा से क्षतिग्रस्त सडकों की अस्थायी मरम्मत के लिए पत्र लिखकर अवगत करवाया है। विधायक यादव ने बताया कि मानसून वर्ष 2024 में भारी वर्षा के कारण सडकों में जगह जगह बडे गड्ढे हो गये है तथा सडके क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड रहा है।क्षतिग्रस्त सडकों के कारण आमजन हादसों के शिकार हो रहे है। विधायक ने पत्र के माध्यम से क्षेत्र की शाहपुरा, मनोहरपुर नगरपालिका सहित ग्रामीण क्षेत्रों को जोडने वाली लगभग 169 क्षतिग्रस्त सडकों की अस्थायी मरम्मत अविलंब करवाने के लिए अवगत कराया है ताकि आमजन की राह सुगम हो सके।

### गबन का आरोपी राशन डीलर पकड़ा

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र की मलारना डूंगर थाना पुलिस ने राशन सामग्री में गबन के दर्ज मामले में राशन डीलर लक्ष्मी चंद गुप्ता निवासी मलारना डूंगर को गिरफ्तार किया है। मलारना डूंगर थाना प्रभारी राधा रमण गुप्ता ने बताया कि 25 अक्टूबर 2023 को प्रवर्तन निरीक्षक वंदना मीणा ने उचित मूल्य दुकानदार आरोपी राशन डीलर लक्ष्मी चंद गुप्ता के खिलाफ पोश मशीन संख्या 1127 9 वितरण केंद्र मलारना डूंगर के विरुद्ध रसद विभाग सवाई माधोपुर में वितरण करने के लिए दी थी। इस मामले में अनियमियता बरतने पर एवं राशन सामग्री गबन करने का प्रकरण दर्ज कराया गया था। इस मामले को लेकर फरार चल रहे आरोपी लक्ष्मी चंद्र गुप्ता को सोमवार को मलारना डूंगर कस्बे से गिरफ्तार किया जाकर पूछताछ की जा रही है।

### घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के दिल्ली- मुंबई 8लाईन एक्सप्रेसवे पर 9 दिन पूर्व रविवार को हुई सडक दुर्घटना में एक महिला कविता देवी माली की मौके पर ही मौत हो गई थी एवं दूसरी महिला संतरा देवी माली उम्र 22 वर्ष को गंभीर घायल अवस्था में जयपुर रैफर किया गया था। 9 दिन जयपुर चिकित्सालय में उपचार के बाद महिला संतरा देवी की भी सोमवार को मौत हो गई। दोनों मृतका रिश्ते में देवरानी-जेठानी लगती थी जो की मवेशियों के लिए चार देने जा रही थी। इसी दौरान एक कार उन्हें टक्कर मार दी। आज महिला का गमगीन माहौल में बौंली नगर में दाह संस्कार कर दिया गया।

### जन्मदिन पर गौमाता को गुड़ खिलाया

**शाहपुरा, (निसं)।** राजस्थान श्रमजीवी पत्रकार संघ जयपुर ग्रामीण के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार दिनेश सिंह राठौड ने सोमवार को गौशाला में गौमाता को गुड खिलाकर अपना 54 वां जन्मदिन मनाया। इस दौरान राठौड ने बालाजी मंदिर में धोक लगाकर बालाजी महाराज से आशीर्वाद लिया। राठौड के जन्म दिन पर मित्रगण, पत्रकार व नेताओं ने फोनकर बधाई दी।

### सब जेल का औचक निरीक्षण

**कोटपूतली, (निसं)।** डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक व कोटपूतली एसएचओ राजेश शर्मा ने मय पुलिस टीम व आरएएसी जाप्ता के साथ गोपालपुरा रोड स्थित सब जेल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। चैकिंग के दौरान जेल में बंद कैदियों से उनकी विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा भी की गई।

# मंत्री यादव व भजनलाल सरकार किए वादे को पूरा करेगी : रामहेत

■ गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव की मांग पूरा होने पर खैरथल में खुशी का माहौल

**खैरथल, (निसं)।** पूर्व विधायक रामहेत यादव व क्षेत्र की जनता की मांग पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की अनुशंसा पर गरीब रथ एक्सप्रेस दिल्ली बांद्रा चलने वाली ट्रेन का सोमवार से खैरथल में ठहराव होने से खैरथल में खुशी का माहौल है। पूर्व विधायक रामहेत यादव पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाना जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर सहित स्थानीय नेताओं ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की अनुपस्थिति में उनका होर्डिंग लगाकर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सोमवार को खैरथल स्टेशन पर रेलवे विभाग के सीनियर डीसीएम के के मीणा की उपस्थिति में 10:59 पर दिल्ली बांद्रा दिल्ली गरीब रथ ट्रेन का ठहराव हुआ। ट्रेन ठहराव होने के साथ ही स्टेशन पर एकत्रित कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, पूर्व विधायक रामहेत यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। ट्रेन में साथ आए अधिकारी का माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने पहुंचे पूर्व विधायक रामहेत यादव, पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाना, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर का खैरथलवासियों ने फूल माला व साफा पहनकर स्वागत किया।



पूर्व विधायक रामहेत यादव, पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाना, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर आदि ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की अनुपस्थिति में उनका होर्डिंग लगाकर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

गरीब रथ एक्सप्रेस दिल्ली बांद्रा चलने वाली ट्रेन के खैरथल में ठहराव के अवसर पर रेलवे स्टेशन पर एकत्रित हुए खैरथल वासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को पूर्व विधायक रामहेत यादव ने संबोधित किया और कहा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का दिल्ली से ट्रेन में बैठकर खैरथल आने का कार्यक्रम था लेकिन आवश्यक बैठक होने के कारण नहीं आ सके हैं। पूर्व विधायक ने खैरथल में आमजान की ट्रेन ठहराव की मांग को पूरा करने पर खैरथलवासियों की ओर से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कहा गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव को लेकर खैरथल क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से मांग थी। खैरथल तिजारा जिला मुख्यालय होने के साथ खैरथल राजस्थान की प्रमुख अनाज मंडियों में एक है। इस ट्रेन के ठहराव होने से क्षेत्र के लोगों के साथ व्यापारियों को दिल्ली मुंबई आने जाने में आसानी होगी। यादव ने कहा खैरथल में और भी ट्रेनों का ठहराव कराया जाएगा। खैरथल में बाईपास का काम भी जल्दी ही शुरू कराया जाएगा। यादव ने कहा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और भजनलाल शर्मा की सरकार मिलकर खैरथल की जनता से किए गए हर वादे को पूरा करेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाना जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर ने लोगों को संबोधित किया।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रमिल जसोरिया रामनिवास यादव बलविंदर सिंह जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाड़ा जिला मंत्री उमेश चौधरी नगर सभापति प्रतिनिधि अनिल रोघा उपसभापति वरुण डाटा कोटकासिम अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी महामंत्री प्रकाश यादव दिलीप गुप्ता मनीष शर्मा व्यापार समिति अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता एक्सिस अकैडमी के संचालक सुनील यादव मंडल उपाध्यक्ष तरुण दुलानी डॉक्टर अनिल मांधू खैरथल विकास मंच अध्यक्ष और भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनोहर परवाना श्याम लाल शर्मा बने सिंह नरूका ईश्वर सरपंच नरेश भड़ाना पार्षद हरविंदर सिंह टिंकू पार्षद बलबीर सैनी महादेव सैनी कृष्ण यादव विक्रम यादव हरिराम पार्षद बनवारी लाल आर्य पूर्व चेयरमैन संजय जाटव सुभाष जांगिड रामहेर चौधरी किसान नेता टिल्लू शर्मा रतन लाल यादव लियाकत खान युवा मोर्चा महामंत्री अभिषेक मांधू रिंकेश योगी जाटव समाज अध्यक्ष रामबाबू जाटव शेरसिंह सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शराब तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**दौसा, (निसं)।** सैंथल थाना पुलिस ने सोमवार को पिछले दो वर्षो से फरार शराब तस्करी के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

सैथल पुलिस ने वर्ष 2023 में करीब 7 लाख रुपये की राजस्थान व पंजाब राज्य निर्मित अवैध अंठोजी शराब की 143 पेटियां व तस्करी में प्रयुक्त वाहन टाटा 407 को जब्त किया गया था।इस मामले में दीपक सैनी पिछले दो वर्ष से फरार चल रहा था। थानाधिकारी घासीराम ने बताया कि वर्ष 2023 में बासडी बाईपास एनएच 148 पर टाटा 407 से अवैध अंग्रेजी शराब मैक्ड्वैल व्हिस्की की 113 पेटियां जिसे पंजाब में बिक्री की अनुमति थी तथा ऑफिसर्स च्वाइस क्लासिक व्हिस्की की 30 पेटियां कुल 143 पेटियां व शराब तस्करी में प्रयुक्त टाटा 407 को जब्त किया था। इस दौरान मौके से मुलजिम फरार हो गया था। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त दीपक सैनी को भांकरोटा से गिरफ्तार किया गया। दीपक सैनी पुत्र कैलाश चन्द सैनी पीपली स्टेण्ड आंतेला थाना भाबरु जिला कोटपूतली बहरोड का रहने वाला है।

# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूलों का किया निरीक्षण

**कोटपूतली, (निसं)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कोटपूतली के ग्रामीण ईलाकों में स्थित सरकारी स्कूलों व आंगनबाडी केंद्रों का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मलपुरा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोरदा एवं मोरदा में स्थित आंगनबाडी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की गतिविधियों की धरातल पर क्रियान्वित व स्कूलों में शैक्षणिक स्तर की जांच की। आंगनबाडी केंद्रों के बच्चों से भी कलेक्टर ने बातचीत की और वर्क बुक में की गई गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों के शारीरिक माप रजिस्टर व संबंधित रिकॉर्ड की जांच की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि सभी बच्चों की हाईट व वजन लेकर पोषण ट्रैकर एप पर इंद्राज करें। साथ ही रिकॉर्ड संधारित करें। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर उड़ान योजना के तहत वितरित किये जाने वाले सेनेटरी नैपकिन की आपूर्ति के बारे में जानकारी लेकर आंगनबाडी कार्यकर्ताओं से सेनेटरी नैपकिन के सुचारू रूप से वितरण करने के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम बृजेश चौधरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने स्कूलों में शैक्षणिक स्तर की जांच की।

## कलेक्टर को मांगपत्र सौंपा

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न जन समस्याओं के निराकरण के लिए भाजपा नेता उपेन यादव जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित से मिले। उन्होंने जिला कलेक्टर को मांग पत्र भी सौंपा। उपेन यादव ने मांग की है कि बारिश की वजह से शाहपुरा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हुई सभी सडकों की एसडीआरएफ फंड के तहत मरम्मत करवाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने जल्द ही फंड रिलीज करवाकर क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार उपेन ने शाहपुरा कस्बे के तमिया स्थित खेल स्टेडियम की बदहाल स्थिति को सुधारने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है ताकि युवा खेल प्रतिभाओं को आगे बढने का मौका मिल सके। उपेन ने शाहपुरा कस्बे में स्थित उपजिला अस्पताल में 2 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगवाई जाए ताकि चिकित्सकों के अलावा यहां आने वाले मरीजों को सुरक्षा मिल सके और बाइक चोरी जैसे अपराधों पर रोक लग सके। इस पर जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी को रिपोर्ट बना भिजवाने के निर्देश दिए है।

# विभिन्न मामलों में छह आरोपी गिरफ्तार

**मनोहरपुर, (निसं)।** एसपी जयपुर ग्रामीण शांतनू कुमार सिंह ने बताया कि महानिरीक्षक जयपुर रेंज जयपुर अनिल कुमार टांक द्वारा चलाये गये वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु एक दिवसीय विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) हरिप्रसाद सोमानी, वृत्ताधिकारी शाहपुरा उमेश कुमार निठारवाल के निकटतम सुपरविजन में राजेन्द्र कुमार पु.नि. थानाधिकारी मनोहरपुर के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुये 5 गिरफ्तारी वारन्टियों व धोखाधड़ी मामले में 1 वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण ने बताया कि जिले में चलाये जा रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु एक दिवसीय विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना मनोहरपुर द्वारा सोमवार को गिरफ्तार वारन्टी कमलेश कुमार उर्फ कमलजाली पुत्र मक्खन लाल जाट निवासी खोरालाडखानी, सुरेश उर्फ जैल सिह पुत्र बनवारी लाल जाति मीणा उम्र 30 साल निवासी उदावाला, कमलेश मीणा पुत्र सुल्तान मीणा जाति मीणा उम्र 28 साल निवासी छारसा, गणेश जांगिड पुत्र नारायण जाति खाती उम्र 74 साल निवासी नवलपुरा, कृष्ण कुमार पुत्र घीसालाल जाति माली उम्र 35 साल निवासी टीबावाली ढाणी नवलपुरा थाना मनोहरपुर तथा धोखाधडी के मामले में एक वांछित अपराधी महेशचन्द पुत्र जगदीश प्रसाद उम्र 36 साल जाति गुर्जर निवासी टोडी को गिरफ्तार कर पेश न्यायालय किया गया है। आरोपियों को पकड़ने वाली टीम में राजेन्द्र कुमार पु.नि. थानाधिकारी, जयराम सउनि, लीलाधर हैड कानि, नीरज कानि, सुरज्ञान कानि, दीपचन्द कानि, अर्जुन कानि आदि की भूमिका सराहनीय रही।



मनोहरपुर पुलिस ने पांच गिरफ्तारी वारन्टियों व धोखाधड़ी मामले में एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया।

## डीजल चोरी करने वाले गैंग की एक महिला गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** थाना निवाई क्षेत्र के एनएच 52 बाईपास पर खडे वाहनों से डीजल की चोरी करने वाली गैंग की एक महिला को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी निवाई हरिराम ने बताया कि वाहन मालिकों द्वारा लगातार की जा रही रिपोर्ट के आधार पर बाईपास पर खडे वाहनों से डीजल चोरी करने वाली गैंग के खिलाफ कार्यवाही करते हुए विशेष टीम द्वारा निवाई क्षेत्र बाईपास एनएच 52 पर खडे वाहनों से चोरी करने वाली एक महिला कर्मा उर्फ सुमन पत्नी सुभाष पुत्री रामस्वरूप उर्फ गोपाल मोग्या उम्र 25 साल निवासी ढाणी हिगौटिया हॉल पांचकुआ कच्ची बस्ती निवाई हॉल निवासी नाले के पास वनस्थली मोड निवाई से डिटेन कर गिरफ्तार किया। कार्यवाही में घटनास्थल की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की गहनता से अवलोकन कर उक्त महिला को जयपुर से डिटेन किया गया। आरोपी ने बताया कि वह चोरी किये गये डीजल को घर में छुपाकर रखते थें। जिनके खिलाफ प्रकरण दर्ज अनुसंधान जारी हैं।

## मुक्तिधाम में 151 पौधे लगाये

**दौसा, (निसं)।** गायत्री परिवार एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा छोटी दौसा स्थित श्रीराम वाटिका मुक्तिधाम में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुक्तिधाम में 151 पौधे लगाये गये। पौधारोपण के दौरान गायत्री परिवार एवं विभिन्न संगठन के पदाधिकारी सेडूराम गुरुजी, जगदीश शर्मा, रूपनारायण शर्मा, रमाकांत शर्मा, विजेंद्र शर्मा, रमेश चंद्र लाटा, दीपक हरियाणा ने मुक्तिधाम पर पौधारोपण किया तथा आसपास के लोगो से पौधारोपण करने, मुक्तिधाम को स्वच्छ रखने की अपील की। युवा नेता दीपक हरियाणा ने बताया कि युवाओ को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया तथा सभी ने एक पौधा लगाने एवं उनकी देखभाल करने की शपथ ली।

# नकबजनी के तीन आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपियों से पूछताछ कर वारदात को अन्जाम देना स्वीकार किया

**टोंक, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक ने शहर में हो रही नकबजनी जैसी घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए निर्देश दिये थे। इस पर टोंक वृताधिकारी राजेश विधार्थी एवं सदर थाना टोंक थानाधिकारी बृजमोहन कविया के नेतृत्व में साईबर सैल टीम के राजेश शर्मा कानि. के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस दोरान वारदात का मुख्य सरगना सहित वारदात को प्लान करने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किये गये सोने व चांदी के जेवरात की बरामदगी की कार्यवाही की गई।

थानाधिकारी सदर टोंक ने बताया कि परिवादी बद्री प्रसाद दायमा निवासी बृजविहार कॉलोनी ने दिनांक 28 अगस्त को लिखित रिपोर्ट पेश की जिसमें बताया कि वह 19 अगस्त को रक्षा बन्धन के पर्व पर अपने परिवार के साथ अपने गांव हमीरपुर गया हुआ था। जब वह 20 अगस्त को सुबह उठकर अपने घर में लगे सीसीटीवी केमरे चेक किया तो रात्रि 2.30 पर मकान में रखें 500 ग्राम चांदी की 2 जोडी पायल, 2 चूडियां सोने की वजनी 30 ग्राम, 2 जोडी चांदी की छोटी पायजेब, 2 चुटकिया चांदी की, 1 सोने की नथ 2.5 ग्राम सोने का टीकला 5 ग्राम, 1 जोडी सोने के टोपीस 5 ग्राम, सोने की झुमकियां 10 ग्राम, 3 सोने के माण्डलिये वजनी 10 ग्राम 2 सोने की अंगुटिया वजनी 8 ग्राम एवं 55 हजार नगद चोरी हो गये है। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस द्वारा अनुसंधान प्रारम्भ कर तलाश शुरू की गई।

उक्त कार्यवाही में टीम द्वारा सम्बन्धित जानकारीयां जुटाई। सीसीटीवी फुटेज व टेक्निकल तथ्यों के आधार पर अपराधियों की तलाश की गई। जिस दौरान मुल्जिम रईश पुत्र अल्लारखां को बून्दी के नैनवा इलाके से डिटेन कर पूछताछ की गई तथा रवि पुत्र पूरणमल, योगेश उफज गौरया पुत्र पुरणमल को टोंक से डिटेन किया गया। आरोपियों से पूछताछ कर वारदात का अन्जाम देना स्वीकार किया। आरोपियों द्वारा चोरी में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को जप्त किया गया।



टोंक पुलिस ने आरोपियों से चोरी में प्रयुक्त बाइक जब्त की।

## चुनाव करवाने का लिया निर्णय

**कोटपूतली, (निसं)।** सैनी सभा संस्था आमसभा की बैठक संस्था अध्यक्ष राकेश सैनी की अध्यक्षता में सभा भवन नं. 1 पर आयोजित हुई। बैठक में सैनी ने संस्था के विभिन्न कार्यो की प्रगति रिपोर्ट देते हुये स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। कोषाध्यक्ष रामसिंह सैनी ने आय-व्यय का ब्यौरा दिया। इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फूले छात्रावास के निर्माण हेतु समाज के भामाशाहों से सहयोग लेकर निर्माण करवाये जाने, सर्वसम्मति से सभा के चुनाव करवाने हेतु आगामी बैठक 15 सितम्बर को चुनाव समिति का गठन किये जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी, शिम्भुदयाल, ख्यालीराम टमाटर वाले, रामकुमार, राजेश, ओमप्रकाश, मन्नालाल, विक्की माली, लीलाराम सैनी, विक्रम, सत्यनारायण, राज, कमल, शेरसिंह, विजय बिजवाडिया, महेश सैनी, धर्मेन्द्र सैनी आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### राकेश,इंद्रा,अरूण,महेंद्र को मिला सम्मान



**मालपुरा, (निसं)।** राजस्थान सरकार शिक्षा विभाग द्वारा सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिटी नम्बर 12 टोंक सभागार में जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में मालपुरा क्षेत्र शिक्षा की अलख जगाने एवं सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सहित शिक्षा विभाग के सहयोगी बने भामाशाह राकेश जैन, राउमावि कांटोली, इंद्रा जैन, राबाउमावि अम्बापुरा, अरूण कुमार काबरा प्रतिनिधि, रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन एवं भामाशाह प्रेरक महेन्द्र कुमार शर्मा प्रधानाचार्य राउमावि कांटोली को शिक्षा श्री सम्मान से नवाजा गया। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मीना लसाडिया, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा हीरालाल जाट, एसीबीईईओ गोपाल लाल मीणा,प्रधानाचार्य कुसुम विजय सहित गणमान्य अतिथियों ने तीनो भामाशाह एवं भामाशाह प्रेरक महेन्द्र शर्मा को शिक्षाश्री की उपाधि पर विभूषित करते हुये शिक्षा विभाग को उनके द्वारा दिये गये सहयोग पर आभार जताया।

### पौधारोपण कर बेटी का जन्मदिन मनाया



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** पौधे लगाने की लोगों से की अपील तहसील प्रचार मंत्री राकेश कुमार सैनी ने बताया कि जन्मदिन पर अपनी पुत्री अनन्या सैनी के जन्मदिन पर फूलदार पौधे लगाए। तहसील प्रचार मंत्री राकेश कुमार सैनी ने श्री कालिया लंकाधारी हनुमान मंदिर के पार्क में 19 से ज्यादा वैरायटी के फूलदार पौधे लगाए। इस दौरान शंकर लाल सैनी सुरेश वधवा,पवन कुमावत, बबलू सैनी, दीपक सैनी, सोनू सैनी, अभिनव कुमार उपस्थित रहे। सैनी ने बताया कि पौधे ऑक्सीजन प्रदान करते हैं साथ ही पर्यावरण को साफ सुथरा व संतुलित बनाए रखने पर पौधारोपण कर जन्मदिन मनाया।

### भुगतान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**दौसा, (निसं)।** ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार के पदाधिकारियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर जमा राशि का भुगतान नहीं होने के विरोध में धरना दिया तथा सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इधर पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंपकर कर पीडितों की जमा राशि का भुगतान करवाने की मांग की साथ ही समय पर भुगतान नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। पीडितों ने बताया कि संसद ने सर्वसम्मति से वर्ष 2019 में अनियमित जमा योजना पाबंदी कानून बनाकर कंपनी में सोसाइटी में डूबी हुई जमा राशि को पीडित आवेदक को 180 दिन में जमा राशि के दो से तीन गुना वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया था। इसके अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में पीडित आवेदकों से आवेदन देने और और उनका भुगतान करने के लिए भुगतान पोर्टल की स्थापना की गई। साथ ही लोगों के जमा धन की वापसी के लिए संसद में सरकार ने देश भर में विशेष न्यायालय, सक्षम अधिकारी, सहायक सक्षम अधिकारी और नोडल एजेंसीज का चयन व नियुक्ति की। साथ ही कानून बनाकर जनता को विश्वास दिलाया कि सरकार उनका डूबा हुआ धन वापसी करेगी। दोषियों को दंडित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कानून लागू हुए 5 वर्ष समाप्त होने के बाद भी लोगों को कोई फायदा नहीं हुआ। लाखों आवेदनों पर आज तक नोटिस नहीं किया गया। एनवीपी वेलफेयर फाऊंडेशन के सीएमडी मुकेश कुमार महावर ने बताया कि पीड़ितों को भुगतान नहीं मिलने के कारण निवेशकों एवं एजेंट में काफी तनाव बना हुआ है।

### कम्प्यूटर आधारित प्रशिक्षण शिविर

**चौमू/कालाडेरा, (निसं)।** राजस्थान राज्य संस्कृत शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान महापुरा जयपुर द्वारा आयोजित दक्ष प्रशिक्षकों के कम्प्यूटर आधारित प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन सोमवार 2 सितम्बर को कस्बे में स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, कालाडेरा में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा व्यवसायी रघुनन्दन भाला एवं नगेंद्र सिंह शेखावत रहे विशिष्ट अतिथि भगवान सहाय शर्मा, सहायक लेखा अधिकारी महेश कुमार जाट, वाइस प्रिंसिपल श्रवण कुमार शर्मा प्रधानाचार्या सुमन झालानी रही। दक्ष प्रशिक्षक नितेश कुमार शर्मा एवं भूपेन्द्र साँखला ने शिविर का परिचय दिया एवं शिविर में आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। सारस्वत अतिथि साँवरमल शास्त्री ने वर्तमान समय में कम्प्यूटर ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। पूर्व प्राध्यापक गिरधारी लाल शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त की किए। प्रधानाचार्य एवं केन्द्र प्रभारी हेमन्त चतुर्वेदी ने अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राजेन्द्र कुमावत, अमित योगी, भँवरलाल, सन्तोष नागर, उपेन्द्र शर्मा, गुलाब चन्द सैनी एवं गण मान्य नागरिक बन्धु उपस्थित रहे।

### पेंशनर समाज का स्नेह मिलन पांच को

**दौसा, (निसं)।** पेंशनर समाज के तत्वावधान में 5 सितंबर को विवाह पैलेस में शिक्षक दिवस एवं स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जावेगा। पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष हरसहाय शर्मा ने बताया कि 5 सितंबर को विवाह पैलेस गुप्तेश्वर रोड पर शिक्षक दिवस उत्सव एवं स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। पेंशन समाज के जिलामंत्री सीताराम शास्त्री ने बताया कि इस उत्सव में 75 वर्ष से अधिक आयु के शिक्षकों व अन्य पेंशनरों को जिला पेंशनर समाज द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इस हेतु संबंधित 75 वर्षीय पेंशनर्स को अपने पीपीओ नंबर पेंशन कार्यालय में अथवा महामंत्री पेंशनर समाज को व्यक्ति से जमा करने होंगे। यह भी निर्णय लिया गया है कि वर्ष 24 में सेवानिवृत्त हुए नए पेंशनरों को भी पेंशन समाज से जोड़ते हुए सम्मानित किया जाएगा । इस उत्सव में शैक्षिक सत्र 23-24 में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12 एवं 10 की बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को भी पेंशनर समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस उत्सव में लोक कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

### गणपत्ति महोत्सव समिति का गठन

**मालपुरा, (निसं)।)** हिन्दू समरसत्ता मंच के तत्वाधान मे आयोजित होने वाले मालपुरा के ऐतिहासिक गणपत्ति महोत्सव को लेकर हुई बैठक मे महोत्सव समिति का गठन किया गया। आठ सितम्बर से 17 सितम्बर तक शहर मे आयोजित होने वाले गणपत्ति महोत्सव को भव्य बनाने व घर-घर गणपत्ति की पूजा अर्चना के लिये कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये संयोजक मोतीलाल जाट,सहसंयोजक डॉ. राजकुमार गुप्ता, भवानीशंकर शर्मा, बादल सिंह अजमेरा,लक्ष्मण वर्मा पेन्टर,पवन सैन, रामसहाय वर्मा व दिनेश विजय को दी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी। नो दिन तक शहर के सभी वार्ड व मौहल्लों सहित मंदिरों में भगवान गणपत्ति की मूर्तियां स्थापित कर पूजा अर्चना की जायेगी।

### कलेक्टर ने समीक्षा बैठक ली

**खैरथल, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में अवैध खनन के संबंध में एसआईटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएफओ राजेंद्र हुड्डा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव, खनन अभियंता मनोज शर्मा, अतिरिक्त खनन अभियंता मौजूद रहे।



इस साल के अंत तक रिटायरमेंट के बारे में सोच रही हैं। बीमारी के कारण मेरे लिए सामान्य घंटों तक ट्रेनिंग करना भी मुश्किल हो गया है।
– सायना नेहवाल

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, अपने रिटायरमेंट को लेकर बात करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ जो रूट



**हाल** ही में जो रूट के नाम टेस्ट में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा शतक दर्ज हुए हैं। रूट 34 शतक लगा चुके हैं जबकि केन विलियम्सन के नाम 32, स्मिथ के नाम 32 और विराट कोहली के नाम 29 टेस्ट शतक दर्ज हैं। वहीं मौजूदा समय में टेस्ट क्रिकेट में फैब फोर में विराट कोहली, जो रूट, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन को शामि किया गया है। अगर इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतकों की बात करें तो इस लिस्ट में रूट 9वें नंबर पर पहुंच गए हैं। टेस्ट क्रिकेट में शतकों के मामले में भले ही रूट विराट कोहली से आगे चल रहे हों।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत के बीएस चन्द्रशेखर विश्व के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने अपने टेस्ट कैरियर में बनाए गए रनों से अधिक विकेट प्राप्त किये। उन्होंने टेस्ट मैचों में 166 रन बनाए और 242 विकेट लिये।

# नितेश कुमार ने किया कमाल, पैरा बैडमिंटन में जीता गोल्ड मेडल



पेरिस, 2 सितंबर। पैरालंपिक 2024 में भारत को दूसरा गोल्ड मेडल मिल गया है। पैरालंपिक के पांचवें दिन यानी सोमवार को नितेश कुमार ने पैरा बैडमिंटन के मेंस सिंगल्स 3 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता है। नितेश ने ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को फाइनल में हराया है। इसके साथ ही भारत की झोली में अब कुल 9 मेडल हो चुके हैं। इसके साथ ही पैरा- बैडमिंटन में अभी तक का भारत का ये पहला मेडल है। इस दौरान पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नितेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया।

उन्होंने ब्रिटिश खिलाड़ी डैनियल बेथेल को मुकाबले में 21-14, 18-21, 23-21 के स्कोर से हराया। इस मैच में नितेश ने पहला मैच 21-14 से जीता, जबकि दूसरे मैच में पिछड़ गए लेकिन तीसरे मैच में बेहतरीन वापसी करते हुए उन्होंने मुकाबले जीत लिया। ब्रिटिश खिलाड़ी से उनकी कड़ी टक्कर मिली। वहीं नितेश कुमार ने पैरालंपिक 2024 में भारत को दूसरा मेडल दिलाया है। इससे पहले अवनि लेखरा ने विमेंस 10 मीटर एयर राइफल 1 इवेंट में भारत को पहला गोल्ड दिलाया था।

बता दें कि, नितेश जब 15 साल के थे उस दौरान उनकी जिंदगी में दुखद मोड़ आया और 2009 में विशाखापट्टनम में एक ट्रेन दुर्घटना में उन्होंने अपना पैर गंवा दिया। बिस्तर पर पड़े रहने के कारण वह काफी निराश हो चुके थे। नितेश को आईआईटी-मंडी में पढ़ाई के दौरान बैडमिंटन की जानकारी मिली और फिर ये खेल उनकी ताकत बन गया।





## डिस्कस थ्रो में योगेश कथुनिया ने जीता सिल्वर मेडल

### भारत की झोली में आया 8वां मेडल

पेरिस, 2 सितंबर। पैरालंपिक 2024 के पांचवें दिन भारत को 8वां मेडल मिल गया है। दरअसल, मेंस डिस्कस थ्रो एफ56 इवेंट के फाइनल में भारत के पैरा एथलीट योगेश कथुनिया ने सिल्वर मेडल जीत लिया है। योगेश ने इस दौरान 42.22 के बेस्ट थ्रो के साथ ये मेडल अपने नाम किया है। वहीं एथलेटिक्स में भारत का ये चौथा पदक है। 27 वर्षीय योगेश ने पहले प्रयास में 42.22 मीटर का थ्रो किया, जो उनका बेस्ट प्रयास रहा। ब्राजील के के बतिस्ता डॉस सैंटोस क्लॉडनी ने इस इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। बतिस्ता ने 46.86 के बेस्ट थ्रो के साथ ये उपलब्धि हासिल की। जबकि ठोस के त्यौनीस कोंस्टेंटिनोस ने 41.32 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।बता दें कि, पेरिस पैरालंपिक में भारत के लिए एथेलिटक्स टीम ने शानदार खेल दिखाया है। अब तक देश को कुल चार पदक भारतीय एथलीट ने दिलाए हैं। प्रीति पाल ने महिलाओं के 100 मीटर और 200 मीटर रेस में देश के लिए दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। वहीं पुरुषों की हाई जंप में निषाद ने भारत को सिल्वर मेडल दिलाया। अब योगेश ने डिस्कस थ्रो में कमाल करते है सिल्वर मेडल अपने नाम किया है।

## कौन हैं प्रीति पाल जिन्होंने पैरालंपिक 2024 में दो कांस्य मेडल जीतकर रचा इतिहास





नई दिल्ली, 2 सितंबर। पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत की महिला धावक प्रीति पाल टी35 कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। पेरिस पैरालंपिक के ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में प्रीति का ये दूसरा मेडल था। शूटर अवनी लेखरा के बाद प्रीति ऐसा करने वाली भारत की दूसरी महिला एथलीट बनी हैं। उन्होंने 200 मीटर की रेस में 30.01 सेकेंड का समय निकालते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

प्रीति पाल उत्तर प्रदेश के मेरठ के गांव कसेरू बक्सर की रहने वाली हैं। एक सामान्य परिवार से आने वाली प्रीति के लिए एथलेटिक्स में करियर बनाना उनके लिए बिल्कुल भी आसान नहीं रहा। उनके पिता अनिल कुमार दूध की डेयरी चलाते हैं। प्रीति के संघर्ष किसी प्रेरणा से कम नहीं है। प्रीति को बचपन में ही सेरेब्रल पाल्सी का पता चला था। सेरेब्रल पाल्सी एक ऐसी बीमारी होती है जिसमें दिमाग और शरीर मांसपेशियों के बीच सही से संवाद नहीं हो पाता है। जिस कारण इस बीमारी में व्यक्ति किसी भी चीज पर रिएक्ट कनरे में ज्यादा समय लेता है।

ऐसा नहीं है कि प्रीति के पिता ने उनका इलाज नहीं करवाया बल्कि प्रीति को ठीक करने के लिए उनके पिता ने काफी प्रयास किया लेकिन वह पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाई। हालांकि, इसके बावजूद प्रीति का हौसला नहीं टूटा। बेहतर इलाज के लिए प्रीति दिल्ली आईं जहां उनकी मुलाकात जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कोच गजेंद्र सिंह से हुई। उन्हें के मार्गदर्शन में प्रीति ने ट्रेनिंग लेना शुरू किया। इसके बाद देखते देखते प्रीति ने पैरा खेलों में अपनी एक अलग छाप छोड़ी और पेरिस पैरालंपिक में दो-दो मेडल जीतकर इतिहास रच दिया।

## स्कॉटलैंड ने की महिला टी-20 विश्वकप के लिए टीम घोषित

एडिनबर्ग, 2 सितंबर। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अक्टूबर में होने वाले महिला टी-0 विश्वकप 2024 के लिए टीम की घोषणा कर दी। स्कॉटलैंड ने स्टार ऑलराउंडर कैथरीन ब्रायस कप्तान और उनकी बहन विकेटकीपर-बल्लेबाज सारा ब्रायस को उप-कप्तान बनाया गया है। इसके अलावा हाल ही में नीदरलैंड्स त्रिकोणीय सीरीज में टीम को जीत दिलाने वाली अनुभवी लेग स्पिनर अबताहा मकसूद को भी टीम जगह दी गई हैं।

महिला टी-20 विश्वकप के लिए घोषित की गई स्कॉटलैंड की टीम इस प्रकार है: कैथरीन ब्राइस (कप्तान), सारा ब्राइस (उपकप्तान), लोर्ना जैक-ब्राउन, एब्बी एटकेन-ड्रमंड, अब्ताहा मकसूद, सास्किया होर्ले, क्लो एबेल, प्रियानाज चटर्जी, मेगन मैककॉल, डार्सी कार्टर, ऐल्सा लिस्टर, हन्ना रेनी, राचेल स्लेटर, कैथरीन फ्रेजर और ओलिविया बेल। स्कॉटलैंड, पड़ोसी देशों इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के साथ प्रतियोगिता के ग्रुप बी में है।

## डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में इंग्लैंड को फायदा, श्रीलंका को हुआ नुकसान

नई दिल्ली, 2 सितंबर। हाल ही में जो रूट के दोहरे शतक और गस एटकिंसन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में शानदार जीत दर्ज की है। जिसके बाद इंग्लैंड के खाते में 81 डब्ल्यूटीसी अंक हो गए हैं और उनका डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स प्रतिशत 45 हो गया।

वहीं इंग्लैंड टीम मौजूदा समय में चौथे नंबर पर है।डब्ल्यूटीसी रैंकिंग की बात करें तो भारत मौजूदा समय में टॉप पर काबिज है। भारत के 74 पॉइंट्स हैं और टीम के नाम 9 मैच में 6 जीत, 2 हार और 1 ड्रॉ है। वहीं ऑस्ट्रेलिया 12 में से 8 मैच जीत, 3 हार और 1 ड्रॉ के सात दूसरे नंबर पर है और उसके पॉइंट्स 90 पॉइंट्स हैं। न्यूजीलैंड 6 मैच में 3 जीत और 3 हार के साथ तीसरे नंबर पर है। उसके 36 अंक और 50.00 पीसीटी है। इंग्लैंड 15 मैच में 8 जीत, 6 हार और 1 ड्रॉ के साथ चौथे नंबर पर है।





बता दें कि, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के पॉइंट में दोगुने से ज्यादा का अंतर है। इसके बाद भी न्यूजीलैंड आगे है क्योंकि रैंकिंग पॉइंट प्रतिशत से निर्धारित होती है। डब्ल्यूटीसी 2023-25 में, टीमों को जीत के लिए 12 अंक, ड्रॉ के लिए 4 अंक और टाई के लिए 6 अंक मिलते हैं। लीडरबोर्ड निर्धारित करने के लिए रैंकिंग पॉइंट प्रतिशत का इस्तेमाल किया जाता है। पॉइंट पर्सेंटेज कलकुलेशन टीम को मिले पॉइंट को कुल पॉइंट से भाग देकर 100 से गुणा करते हैं।

## पाक बनाम बांग्लादेश सीरीज पर टिकी अश्विन की नजरें

नई दिल्ली, 2 सितंबर। पाकिस्तान वर्सेस बांग्लादेश टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच गजब के रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच यह टेस्ट मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है और सीरीज का पहला टेस्ट मैच भी इसी मैदान पर खेला गया था, जहां बांग्लादेश ने 10 विकेट से जीत दर्ज की थी। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में यह पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश की पहली टेस्ट जीत थी। वहीं दूसरा टेस्ट मैच भी काफी रोमांचक हो गया है।

टीम इंडिया के स्टार स्पिनर आर अश्विन इस टेस्ट सीरीज पर नजर गड़ाए हुए हैं। बांग्लादेश को इसके बाद भारत दौरे पर आना है और यहां भी दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है, बांग्लादेश के बैटर्स ने अभी तक इस टेस्ट सीरीज में काफी बढ़िया प्रदर्शन किया है और लग रहा है कि अश्विन ने बांग्लादेशी बैटर्स के खिलाफ अपना होमवर्क करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच में पहली पारी में 274 रन बनाए, जवाब में एक समय बांग्लादेश ने 26 रनों तक छह विकेट गंवा दिए थे। ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान पहले टेस्ट की हार का बदला आसानी से ले लेगा, लेकिन इसके बाद लिटन दास और मेहंदी हसन मिराज ने मिलकर बांग्लादेश को मैच में वापसी दिलाई।

पाकिस्तान वर्सेस बांग्लादेश दूसरे टेस्ट मैच को लेकर आर अश्विन ने सोशल मीडिया (पहले ट्विटर) पर लिखा, 'पाकिस्तान वर्सेस बांग्लादेश टेस्ट मैच और टेस्ट सीरीज क्या शानदार होती जा रही है। बांग्लादेश अभी टॉप पर है, लेकिन पाकिस्तान भी इस टेस्ट मैच को अपने फेवर में खत्म कर सकता है।' बांग्लादेश ने पहली पारी में 262 रन बनाए। पाकिस्तान दूसरी पारी में महज 172 रनों पर ऑलआउट हो गया। बांग्लादेश अगर यह टेस्ट मैच जीत जाता है।





**जयपुर। क्रिकेट टूर्नामेंट के पोस्टर का विमोचन निदेशक महेन्द्र प्रताप भाटी ने किया। यह टूर्नामेंट 14 अक्टूबर से आयोजित होगे। इस मौके पर नर्सेज नेता प्यारे लाल चौधरी, महिपाल समोता, महेन्द्र कूडी, महेश चौधरी, योगेन्द्र चौधरी, हरि सिंह भाटी मौजूद रहे। सचिव मनोज दुब्बी ने बताया कि पंचम क्रिकेट टूर्नामेंट के पोस्टर का विमोचन स्वास्थय भवन जाकर करवाया। मौके पर नर्सेज नेता कैलाश शर्मा, सत्य प्रकाश, सतवीर, भरत जाटव, सुरेश मीना, भूपेन्द्र मीना आदि भी मौजूद**

## वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्य रहे कीर्ति आजाद की पत्नी का निधन

नई दिल्ली, 2 सितंबर। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर और टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद की पत्नी पूनम आजाद का निधन हो गया है। कीर्ति आजाद ने खुद इस बात की जानकारी दी है। कीर्ति आजाद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके बताया है कि उनकी पत्नी का निधन हो गया है। उन्होंने ये भी बताया है कि उनका अंतिम संस्कार दुर्गापुर में किया जाएगा। कपिल देव की कप्तानी में 1983 का विश्व कप जीतने वाली टीम का कीर्ति आजाद सदस्य रहे हैं। हालांकि, इस समय वे राजनीति में हैं और दरभंगा संसदीय क्षेत्र से टीएमसी के सांसद हैं।

कीर्ति आजाद ने सोमवार 2 सितंबर को एक्स पर दो पोस्ट किए। पहले पोस्ट में उन्होंने इस बात की जानकारी दी कि उनकी पत्नी दुनिया छोड़ चुकी हैं। उन्होंने लिखा था, ''मेरी पत्नी पूनम अब इस दुनिया में नहीं रहीं। दोपहर 12:40 बजे वह स्वर्ग सिधार गईं। आप सभी का श्रद्धांजलि देने के लिए धन्यवाद।'' उन्होंने एक और पोस्ट कुछ देर के बाद किया और बताया कि उनका अंतिम संस्कार कहां किया जाएगा। पूर्व क्रिकेटर ने लिखा, शाम 4 बजे दामोदर घाटी श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। दुर्गापुर में उन्हें यह जगह बेहद पसंद थी।

पूनम आजाद भी राजनीति में काफी समय से थीं, लेकिन शुरुआत में वे सामाजिक कार्यकर्ता थीं, लेकिन बाद में उन्होंने दिल्ली विधानसभा का चुनाव लड़ा। संगम विहार विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने उनको 2020 के चुनावों में उतारा, लेकिन उनको जीत नहीं मिली। उन्होंने आम आदमी पार्टी को 2016 में ज्वॉइन किया था और इससे पहले वह दिल्ली भाजपा की प्रवक्ता थीं। हालांकि, आम आदमी पार्टी के साथ उनकी पारी लंबी नहीं चली और जल्द ही उन्होंने कांग्रेस ज्वॉइन कर ली थी।

## बदइंतजामी ने फीकी की ईस्ट बंगाल-मोहन बागान मुकाबले की रंगत

लखनऊ, 2 सितंबर। फुटबॉल को उत्तर प्रदेश के युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाने की कवायद के तहत देश के दिग्गज फुटबॉल क्लबों मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच सोमवार शाम यहां खेले जाने वाला मैच आयोजकों की बदइंतजामी का भी गवाह बना। चिर प्रतिद्धंदी मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच मैच यहां शाम साढ़े छह बजे से हजरतगंज स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेला जाना था जिसको देखने के लिये नवाब नगरी के फुटबॉल प्रेमी शाम साढ़े चार बजे से ही यहां जमना शुरु हो गये थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस निशुल्क प्रदर्शनी मैच का उदघाटन करना था जिसके चलते पुलिस प्रशासन भी सक्रिय हो गया था। स्टेडियम पर पार्किंग के लिये कोई स्थान निर्धारित नहीं होने के कारण वाहनो का प्रवेश शाम पांच बजे से ही निषेध कर दिया गया था। मैच के बाहर फुटपाथ पर पुलिसकर्मियों ने अपनी अवैध वाहन पार्किंग बना ली और वाहन से आने वाले फुटबॉल प्रेमियों को बैरियर लगा कर रोक दिया गया जिससे बड़ी संख्या में दर्शक आयोजकों को कोसते हुये स्टेडियम के बाहर से ही घर वापस होने को मजबूर हुये।

बदइंतजामी का स्तर इस कदर था कि प्रेस प्रतिनिधियों के वाहनो को भी पुलिस अधिकारियों ने प्रवेश करने से रोक दिया और जब उनसे फुटपॉथ पर पार्क करने की मनुहार की गयी तो उनका जवाब था कि उन्हे साफ निर्देश मिले हैं कि उन्हे सिर्फ मुख्यमंत्री के लिये रास्ता साफ चाहिये और किसी भी वाहन का स्टेडियम अथवा फुटपाथ पर वाहन पार्क करना निषेध है।

स्टेडियम के भीतर भी हालात अप्रिय दिखे। मुकाबले में दर्शक जुटाने के लिये हालांकि पोस्टर बैनर पर खेल विभाग ने जम कर पैसे लुटाये लेकिन मैदान में प्रवेश करने से वंचित हुये खेल प्रेमी उन्हे कोसते नजर आये। यहां तक कि प्रेस दीर्घा के लिये भी कोई निर्धारित स्थान न होने से पत्रकारों ने भी दर्शकों के बीच बैठ कर मैच कवर किया।

रोमांचक मुकाबले के गवाह बनने से चूके दर्शकों ने स्टेडियम के बाहर पुलिस प्रशासन और आयोजकों की जमकर आलोचना की। इनमें अधिकतर का मानना था कि फुटबॉल की लोकप्रियता तभी बढ़ेगी जब प्रदेश के विभिन्न शहरों में इस स्तर की टीमों के बीच मुकाबलों की आवृत्ति में इजाफा हो मगर वीआईपी संस्कृति और मठाधीशों के चलते दर्शक शायद ही फुटबाल के मैदान को ओर रुख कर सकें।

## सचिन ने प्रीति और निषाद को मेडल जीतने पर दी बधाई

नई दिल्ली, 2 सितंबर। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने पैरालंपिक खेलों 2024 में पदक जीतने पर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया है साथ ही उन्हें बधाई भी दी है। रविवार को भारतीय खिलाड़ियों ने दो पदक जीते। जहां निषाद कुमार ने हाई जंप में सिल्वर मेडल जीता तो प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर रेस में ब्रॉन्ज मेडल जीता। जिसे देखकर सचिन तेंदुलकर भी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सचिन ने ओलंपिक गेम्स 2024 में पदक जीतने वाले और अच्छा प्रदर्सन करने वाले सभी खिलाड़ियों की सहारना की।

पूरी दुनिया में अपनी बल्लेबाजी का लोहा मनवाने वाले सचिन ने पेरिस में जारी पैरालंपिक खेलों के मेडलिस्ट को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा कि, निषाद को हाई जंप में सिल्वर मेडल के लिए बधाई, प्रीति पाल आपने 200 मीटर स्प्रिंट में एक और मेडल जीतकर इस पैरालंपिक में दो पदक अपने नाम कर लिए हैं।

## सूर्या का दिलीप ट्रॉफी के पहले राउंड में कटा पत्ता, चोट ने टेस्ट प्लान पर फेरा पानी

नई दिल्ली, 2 सितंबर। स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का दलीप ट्रॉफी 2024 के पहले राउंड से पत्ता कट गया है। वह चोट के कारण नहीं खेल सकेंगे। दलीप ट्रॉफी की शुरुआत पांच सितंबर से होने जा रही है। सूर्या हाल ही में बुची बाबू टूर्नामेंट में मुंबई की ओर से खेलते हुए चोटिल हो गए थे। उनके हाथ में हाथ चोट लगी थी।

माना जा रहा था कि सूर्यकुमार की चोट ज्यादा गंभीर नहीं है लेकिन पहले राउंड से बाहर होने के बाद भारतीय फैंस की टेंशन थोड़ी बढ़ गई है। सूर्या भारतीय टी20 टीम के कप्तान हैं। भारत को 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। उसके बाद दोनों टीम की 6 अक्टूबर से तीन मैचों की टी20 सीरीज में टक्कर होगी।





बता दें कि सूर्यकुमार चोट के कारण बुची बाबू टूर्नामेंट में तमिलनाडु क्रिकेट संघ एकादश के खिलाफ आखिरी दिन नहीं खेले थे। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, इंडिया सी का हिस्सा सूर्या को दलीप ट्रॉफी में पांच से आठ सितंबर तक अनंतपुर में इंडिया डी के खिलाफ खेलना था। हालांकि, सूर्या अब बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) जाएंगे ताकि पूरी तरह फिट हो सकें। प्रतियोगिता के दूसरे मैच में इंडिया ए और इंडिया बी टीम की बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भिड़ंत होगी।

## सुयश पैरालंपिक खेलों में भाग लेने के लिए पेरिस रवाना

नई दिल्ली, 2 सितंबर। भारतीय तैराक सुयश जाधव सोमवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में भाग लेने के लिए रवाना हो गए। एथलीट सुयश जाधव आज यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से पेरिस के लिए रवाना हुए। वह पेरिस में चल रहे पैरालंपिक खेलों में पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई एस7 स्पर्धा में भाग लेंगे।

## निहाल और आमिर मिश्रित निशानेबाजी स्पर्धा से बाहर

पेरिस, 2 सितंबर। भारतीय निशानेबाज निहाल सिंह और आमिर अहमद भट सोमवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की निशानेबाजी स्पर्धा में पी3 मिश्रित 25 मीटर पिस्टल एसएच1 क्वालिफिकेशन स्पर्धा बाहर हो गए। आज खेले गए मुकाबलों में निहाल सिंह और आमिर अहमद भट 10वें एवं 11वें स्थान पर रहे एवं स्पर्धा से बाहर हो गए।

# कृषि उपज भंडारण में करोड़ों के घोटाले में श्री शुभम लॉजिस्टिक के खिलाफ ए.सी.बी. की जांच शुरू

## मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री और ए.सी.बी. को पत्र लिखकर गहलोत सरकार में हुए इस घोटाले की जांच की मांग की थी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 2 सितम्बर। राजस्थान राज्य भंडारण निगम और श्री शुभम लॉजिस्टिक कंपनी के बीच अनुबंध की आड़ में करोड़ों रु. के घोटाले की जांच अब एंटी करप्शन ब्यूरो (ए.सी.बी.) ने भी शुरू कर दी है। ज्ञात रहे कि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और ए.सी.बी. महानिदेशक को पत्र लिखकर इस घोटाले की शिकायत की थी। इसके बाद ए.सी.बी. महानिदेशक के आदेश पर गत 16 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज करके इस प्रकरण की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर नगर प्रथम को सौंप दी है।

गौरतलब है कि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने राजस्थान राज्य भंडारण निगम द्वारा कल्पतरू समूह से जुड़ी श्री शुभम लॉजिस्टिक कंपनी के साथ कृषि उपज को भंडारण निगम व प्राइवेट गोदामों में सुरक्षित रखने के लिए किए गए अनुबंध के प्रकरण में करोड़ों रु. के घोटाले के आरोप लगाए थे।

- ज्ञातव्य है कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय, जून-2020 में भंडारण निगम ने गोदाम निर्माण, गोदामों को पी.पी.पी. मोड़ पर देने और उनका प्रबंधन करने के लिए श्री शुभम लॉजिस्टिक और ऑरिगो कंपनी के साथ अनुबंध किया था।
- लेकिन इन फर्मों ने शर्तों का उल्लंघन करते हुए गोदामों में रखी 3000 करोड़ बाजार मूल्य वाली कृषि उपज का बीमा नहीं करवाया। इसके अलावा तयशुदा बैंक गारंटी की राशि भी विभाग में जमा नहीं करवायी।
- डॉ. किरोड़ीलाल का कहना था कि पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के राज में हुआ यह टैंडर शुरू से ही विवादों में था, क्योंकि इसकी शर्तें कुछ इस प्रकार तय की गई थीं कि इन दोनों कंपनियों के अलावा कोई इस निविदा में भाग ही नहीं ले सके।

मंत्री किरोड़ीलाल ने इससे पहले 16 मई को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत दी थी कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय जून-2020 में भंडारण निगम ने गोदाम निर्माण, गोदामों को पी.पी.पी. मोड पर देने और उनका प्रबंधन करने के लिए श्री शुभम लॉजिस्टिक और ऑरिगो कंपनी को टैंडर दिया था, लेकिन इन फर्मों ने शर्तों का उल्लंघन करते हुए गोदामों में रखी 3000 करोड़ की बाजार मूल्य वाली कृषि उपज का बीमा नहीं करवाया। इसके अलावा, तयशुदा बैंक गारंटी की राशि भी विभाग में जमा नहीं करवायी। किरोड़ीलाल मीणा ने 21 जनवरी 2024 की सी.ए.जी. रिपोर्ट का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से इस घोटाले की जांच करवाने, टैंडर निरस्त करने और दोषी बड़े अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की मांग की थी।

डॉ. किरोड़ीलाल का कहना था कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राज में हुआ यह टैंडर शुरू से ही विवादों में था, क्योंकि इसकी शर्तें कुछ इस प्रकार तय की गई थीं कि इन दोनों कंपनियों के अलावा कोई इस निविदा में भाग ही नहीं ले सके।

हैरानी की बात यह थी कि इस टैंडर के खिलाफ राजस्थान हाईकोर्ट में भी एक याचिका दायर हुई थी, जिस पर अदालत ने टैंडर पर रोक लगा दी थी। इसके बाद तत्कालीन गहलोत सरकार व राज्य भंडारण निगम ने श्री शुभम लॉजिस्टिक कंपनी को टैंडर देने के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी और अदालत ने कुछ समय के लिए हाईकोर्ट के आदेश पर अस्थाई रोक हटायी थी, इसी बीच विभाग ने कंपनियों के साथ अनुबंध कर लिया। आज भी इस प्रकरण पर अंतिम फैसला आना शेष है।



मु.मंत्री भजनलाल शर्मा ने मदुरै-रामेश्वरम तीर्थ यात्रा स्पेशल ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मु.मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस वर्ष 36 हजार वरिष्ठ नागरिकों तीर्थ यात्रा करायेगी। राज्य सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों की यात्रा एवं भोजन प्रबंधन के लिए 80 करोड़ का बजट तैयार किया है। सरकार करीब 6 हजार तीर्थ यात्रियों की हैलिकॉप्टर की जरिये काठमांडू (नेपाल) की यात्रा करवायेगी।

# मुख्यमंत्री ने जयपुर से मदुरई-रामेश्वरम् तीर्थ यात्रा स्पेशल ट्रेन को हरी झण्डी दिखाई

## मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार इस वर्ष 36 हजार बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराएगी

जयपुर, 2 सितंबर (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे जीवन में तीर्थ यात्रा का बहुत महत्व है। हमारे तीर्थ स्थल सांस्कृतिक विरासत और समृद्ध संस्कृति का प्रतीक हैं तथा हमारी संस्कृति में भी इनकी असाधारण महिमा बताई गई है। उन्होंने कहा कि तीर्थ स्थलों पर जाने से मन को शांति मिलती है तथा नई ऊर्जा एवं सकारात्मकता का संचार होता है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को, दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत जयपुर से मदुरई व रामेश्वरम् के लिए निकली, इस वित्तीय वर्ष की प्रथम तीर्थ यात्रा स्पेशल ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में उन्होंने कहा, प्रत्येक व्यक्ति के मन में यह उत्कंठा एवं हार्दिक इच्छा रहती है कि वह अपने जीवन काल में महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों की यात्रा कर आत्मिक सुख प्राप्त करे। मगर कुछ लोग आर्थिक अभाव और अन्य कारणों से तीर्थ यात्रा पर नहीं जा पाते।

- मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार की तीर्थ यात्रा योजना से उन वर्गों को लाभ मिल रहा है जो आर्थिक अभाव में तीर्थ यात्रा नहीं कर पाते हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार धार्मिक एवं तीर्थ स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

हमारे लिए यह खुशी की बात है कि राज्य सरकार की "वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना" का सर्वाधिक लाभ समाज के ऐसे तबके को मिल रहा है।

शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत इस साल 36 हजार तीर्थ यात्रियों में से 15 हजार तीर्थ यात्रियों को अयोध्या तथा 15 हजार तीर्थ यात्रियों को अन्य तीर्थ स्थलों की यात्रा करवाई जाएगी, जिनमें रेल द्वारा रामेश्वरम्-मदुरई, जगन्नाथपुरी, तिरूपति, द्वारकापुरी-सोमनाथ, वैष्णो देवी-अमृतसर, प्रयागराज-वाराणसी, मथुरा-वृंदावन -बरसाना, सम्मेद शिखर-पावापुरी-बैद्यनाथ, उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्रयम्बकेश्वर (नासिक), गंगासागर (कोलकाता), कामाख्या (गुवाहाटी), हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या, मथुरा-अयोध्या, बिहार शरीफ, वेलकानी चर्च (तमिलनाडु) की यात्रा शामिल हैं। साथ ही, 6 हजार तीर्थ यात्रियों को काठमांडू (नेपाल) स्थित पशुपतिनाथ मंदिर की तीर्थ यात्रा भी हवाई जहाज से करवायी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन तीर्थ यात्रियों के आवागमन, परिवहन, भोजन, आवास इत्यादि समस्त व्यवस्थाएं राज्य सरकार द्वारा की जाएंगी, जिन पर लगभग 80 करोड़ रुपये का व्यय होने का अनुमान है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राज्य बजट में प्रमुख धार्मिक एवं तीर्थ स्थलों का विकास करने की घोषणा की गई है। इसके साथ ही प्रदेश के 600 मन्दिरों में त्यौहारों पर सजावट के लिए 13 करोड़ रुपये की राशि भी मंजूर की गई है।

जयपुर से मदुरई एवं रामेश्वरम् हेतु 7 दिवसीय यात्रा के लिए रवाना हुई विशेष ट्रेन में जयपुर, दौसा, सवाईमाधोपुर एवं कोटा जिले के लगभग 780 वरिष्ठजन यात्रा कर रहे हैं। इस तीर्थ यात्रा में यात्रियों की देखरेख के लिए हर कोच में 2 सरकारी कर्मचारियों की अनुदेशक के रूप में ड्यूटी लगाई गई है।

साथ ही यात्रियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए ट्रेन में एक डॉक्टर, 2 नर्सिंग अधिकारी तथा सुरक्षाकर्मी भी मौजूद हैं।

इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, बालमुकुंदाचार्य, गोपाल शर्मा, जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, देवस्थान विभाग की शासन सचिव शैली किशनानी, उत्तर पश्चिम रेलवे के डीआरएम विकास पुरवार सहित वरिष्ठ तीर्थयात्रीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## 'हम सरकार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की इस अवधि में भाजपा एन.डी.ए. के प्रधान पार्टनर की हैसियत से व्यवहार एवं कार्य करेगी।

लेकिन इस तथ्य का श्रेय नीतीश कुमार को जरूर जाता है कि

- भाजपा की नीतीश कुमार से सदा यह शिकायत रही है कि उन्होंने बिहार में भाजपा के स्थानीय नेतृत्व को पनपने नहीं दिया, अतः भाजपा नीतीश कुमार की, बड़े भाई की छवि से मुक्त होना चाहती है।

लम्बे समय तक भाजपा को स्थानीय नेतृत्व तैयार नहीं करने दिया।

लेकिन आगामील महीनों में जे.डी.यू. और भाजपा के बीच लुप-छिप कर वार करने वाले इस खेल में वृद्धि होने के आसार हैं।



पेरिस पैरालिंपिक में भारत ने सोमवार को एक स्वर्ण पदक, दो रजत सहित चार मैडल अपने नाम किये। पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नितेश कुमार ने स्वर्ण, थुलसिमथी मुरुगेसन ने रजत और मनीषा रामदास ने कांस्य पदक जीता। भारतीय पैरा एथलीट निषाद कुमार ने पुरुषों की टी47 ऊंची कूद स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया है। नितेश ने आज खेले गए पुरुष एकल एसएस3 श्रेणी के फाइनल मुकाबले में ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने बेथेल को 21-14, 18-21, 23-21 से हराया। नितेश ने पैरालंपिक खेलों में भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता है। इससे पहले महिला निशानेबाज अवनि लखेरा ने स्वर्ण पदक जीता था।

## दूसरे स्वतंत्रता संग्राम...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विवेकानंद की बड़ी-बड़ी तस्वीरें उठा रखी थीं और वही नारा लगा रहे थे- "हमें न्याय चाहिए।" बंगाल में इन पूजनीय नामों के आह्वान की एक स्पैशल अपील तथा पवित्रता है।

साथ ही साथ, विरोध प्रदर्शन जारी रखते हुए बंगाल में मैडिकल छात्रों ने सड़कों पर धरना दिया और लेडी डॉक्टर के रेप व हत्या के मामले में उनके आचरण के लिए कलकत्ता पुलिस कमिश्नर के इस्तीफे की मांग की। छात्र लोग पुलिस की कई अनियमितताओं का हवाला दे रहे हैं, जिसमें, असली आरोपियों को छुपाना तथा सभी साक्ष्य मिटाना आदि शामिल है।

पुलिस ने पूर्व नियोजित तरीके से तुरत-फुरत शव का दाह संस्कार करवा दिया था, यहाँ तक कि, उस रात जो अन्य दाह संस्कार होने थे उनको पीछे छोड़कर महिला डॉक्टर का क्रिमेशन पहले करवाया था। डॉक्टर के माँ-बाप को भी शव के पास आने नहीं दिया तथा जल्दी से शव को उनके पास से ले गए।

यह बंगाल सरकार के खिलाफ चल रहे आंदोलन की ही गूंज है। ममता बनर्जी के नेतृत्त्व वाली प्रदेश सरकार ने आर.जी. कार अस्पताल में एक पी.जी. छात्रा महिला डॉक्टर के दुष्कर्म व हत्या के मामले, उचित जांच प्रक्रिया को रोकने की हरसंभव कोशिश की।

बंगाल में कई गीत है जिन्हें "स्वदेशी गान" कहते हैं, ये सभी देशभक्ति गीत है। इन्हें आज़ादी के आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानी गाते थे। इन गीतों ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा किए जा रहे अन्याय और लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन को महसूस किया जा सकता है।

बंगाल इस समय दूसरे स्वतंत्रता संग्राम से गुजर रहा है, डॉक्टर आंदोलन कर रहे हैं। सिविल सोसायटी के सदस्य आंदोलन कर रहे हैं और आज़ादी के आंदोलन के दौरान गाए जाने वाले गीत गा रहे हैं। एक अन्य जानी-मानी गायिका श्रेया घोषाल ने कोलकाता में कार्यक्रम करने से मना कर दिया और कहा, यह "अमया" के लिए दुख मनाने का समय है, ऐसे में संगीत कार्यक्रम नहीं किए जा सकते।

बड़े-बड़े कलाकार सड़कों पर उतर कर जांच में अडंगा लगाने के सरकार के प्रयासों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे है। उनका सवाल है कि सरकार इन अपराधियों को क्यों बचा रही है।

# सी.बी.आई. ने आर.जी. कार मैडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल को गिरफ्तार किया

## संदीप घोष की यह गिरफ्तारी आर.जी. कार मैडिकल कॉलेज में हुये भ्रष्टाचार के मामले में की गई है

कोलकाता, 2 सितम्बर (वार्ता)। सैन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वैस्टिगेशन (सी.बी.आई.) ने आर.जी. कार कॉलेज व अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉक्टर संदीप घोष को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि घोष की गिरफ्तारी डॉक्टर दुष्कर्म व हत्याकांड मामले को लेकर नहीं बल्कि आरजी कर मैडिकल कॉलेज में हुए भ्रष्टाचार के मामले में हुई है। आखिरकार आर.जी. कार मैडिकल कॉलेज अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को सीबीआई ने सोमवार की रात को गिरफ्तार कर लिया।

गौरतलब है कि 16 अगस्त से बीच में दो दिन छोड़कर 16 दिनों तक संदीप को सीबीआई की पूछताछ और दो बार पॉलीग्राफ टेस्ट का सामना करना पड़ा। सिर्फ पिछले शनिवार और रविवार को घोष से पूछताछ नहीं हुई थी।

घोष को सोमवार को फिर से सीबीआई की सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित दफ्तर बुलाया गया था। शाम को सीबीआई अधिकारी संदीप को वहां से आर्थिक भ्रष्टाचार इकाई के अपने दफ्तर निजाम पैलेस ले आए। इसके बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ने जानकारी दी कि उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि गत नौ अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के बाद विभिन्न हलकों में तत्कालीन प्रिंसिपल संदीप घोष की भूमिका पर सवाल उठ रहे थे। सीबीआई ने उन्हें पहली बार 15 अगस्त को तलब किया था। उस दिन वह उपस्थित नहीं हुए।

सीबीआई की टीम ने 25 अगस्त की सुबह कोलकाता के बेलेघाटा स्थित संदीप के घर पर छापेमारी की थी। सीबीआई अधिकारियों को 75 मिनट तक बाहर इंतजार करने के बाद संदीप ने दरवाजा खोला था। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर महिला डॉक्टर से रेप और हत्या मामले की जांच सीबीआई कर रही है।

## मु.मंत्री रेड्डी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बरतने की नसीहत देते हुए सोमवार को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक गुंटाकंडला जगदीश रेड्डी और तीन अन्य की याचिका पर कांग्रेस नेता रेड्डी के अलावा अन्य आरोपियों से दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। बीआरएस नेता और अन्य की याचिका में मुकदमे को स्थानांतरित करने की मांग करते हुए कहा गया है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के पास गृह मंत्रालय का भी प्रभार है और वह इस मामले में सार्वजनिक रूप से बयान दे रहे हैं।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सी ए सुंदरम ने मुख्यमंत्री के कुछ बयानों का उल्लेख किया तो पीठ ने कहा, जब कोई व्यक्ति इतने ऊंचे पद पर होता है, तो कुछ संयम की उम्मीद की जाती है।

सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे लोगों को सावधान रहना चाहिए।

# बाड़मेर में वायुसेना का फाइटर प्लेन क्रैश

बाड़मेर, 2 सितम्बर। राजस्थान के बाड़मेर जिले में वायुसेना का -29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। वहीं वायुसेना के अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में पायलट खुद को सुरक्षित रूप से विमान से बाहर निकलने में कामयाब रहा है। हादसा वाली जगह पर किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं। वायुसेना ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया है।

हादसे के बाद भारतीय वायु सेना की ओर से बयान जारी किया गया। वायुसेना ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा- बाड़मेर सेक्टर में एक नियमित रात्रि प्रशिक्षण मिशन के दौरान, एक मिग-29 में एक गंभीर तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण पायलट को विमान से इजेक्ट करना पड़ा। पायलट सुरक्षित है और जमीन पर जान-माल के किसी नुकसान की खबर नहीं है। इस हादसे की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश जारी कर दिए गए हैं। वहीं बाड़मेर के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र मीना ने बताया कि रात के वक्त बाड़मेर में मिग-29 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना आबादी वाले इलाके से दूर हुई। घटनास्थल पर भी अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। विमान में गंभीर तकनीकी खराबी के चलते हादसे की आशंका है। दुर्गम इलाका होने के कारण दमकल की गाड़ियां दुर्घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाई हैं।

## राहुल ने बुलडोज़र ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

योग्य है। बुलडोज़र के नीचे मानवता और इंसाफ को कुचलने वाली भाजपा का संविधान विरोधी चेहरा अब देश के सामने बेनक़ाब हो चुका है।

## आर.पी.एस.सी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुनवाई के दौरान, एस.ओ.जी. ने आरोपी राईका को अदालत में पेश किया।

एस.ओ.जी. ने आरोपी से विस्तृत पूछताछ के लिए उसे नौ दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपने की गुहार की। इस पर अदालत ने आरोपी को 7 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार, अदालत कक्ष में एक वकील ने राईका को कहा कि उन्हें शर्म नहीं आती, जो बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इस पर राईका ने वकील को वहां से भागने और थप्पड़ मारने की बात कही। गौरतलब है कि एस.ओ.जी. ने पेपर लीक मामले में रामू राम राईका के अलावा एस.आई. बनी उसकी बेटी शोभा और बेटे देवेश को भी गिरफ्तार किया है।

## श्री शुभम लॉजिस्टिक कंपनी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बाजार मूल्य वाली कृषि उपज का बीमा नहीं करवाने तथा तयशुदा बैंक गारंटी की राशि भी विभाग में जमा नहीं करवाने समेत अन्य शर्तों का उल्लंघन करने के बावजूद भी राज्य भंडारण निगम और राज्य सरकार की ओर से अदालत में उचित जिरह नहीं की गई, जिससे कंपनी पर शिकंजा कसा जा सके।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट में उचित पैरवी नहीं होने के कारण भंडारण निगम और राज्य सरकार को आश्वासन देना पड़ा कि शर्तों के उल्लंघन के कारण श्री शुभम लॉजिस्टिक कंपनी का रोका गया भुगतान का 25 प्रतिशत तुरंत जारी करेगी। इसके साथ ही 25 प्रतिशत राशि बैंक गारंटी प्राप्त होने के बाद जारी कर देगी।

रिपोर्ट्स में विधि विभाग के रवैये को ढुलमुल माना गया है, क्योंकि मुख्य सचिव को आश्वासन देने के बावजूद भी विधि विभाग ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। यहां तक कि करोड़ों रुपये के इस घोटाले का मात्र अनुबंध में शर्तों के उल्लंघन से जुड़े मामूली प्रकरण की तरह निस्तारण किया। रिपोर्ट में कहा गया कि 1 अगस्त को विधि विभाग के जूनियर अफसरों ने इस मामले में बैकफुट पर आते हुए यहां तक कह दिया कि "विधि विभाग के स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित प्रतीत नहीं होती है।"

उल्लेखनीय है कि रिपोर्ट में यह तथ्य भी लिखा गया है कि 1 अगस्त को अतिरिक्त महाधिवक्ता ने भंडारण निगम को पत्र लिखकर कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार श्री शुभम लॉजिस्टिक कंपनी को तीन सप्ताह के भीतर बैंक गारंटी प्राप्त करके 50 प्रतिशत राशि सौंप दी जाये। गौर फरमाने योग्य है कि शुभम लॉजिस्टिक, भंडारण निगम के 92 गोदामों में से 71 को पी.पी.पी. मोड पर संचालित करता है, जिनमें 2790 करोड़ रुपये की कृषि उपज रखी हुई थी। इसी फर्म की दूसरी सहयोगी ऑरिगो कमोडिटीज़ स्वयं के 23 गोदामों का संचालन करती है, जिसमें 900 करोड़ रुपये की कृषि उपज का भंडारण किया गया था।

जैसा कि विदित है कि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा जिन्होंने यह मामला उठाया था, ने इसमें एक अहम् बात यह भी कही थी कि 3 हजार करोड़ से ज्यादा बाजार मूल्य वाली कृषि उपज का बीमा भी ठीक ढंग से नहीं कराया गया था। मुख्य सचिव को भेजी गई रिपोर्ट में भी बताया गया है कि दिसंबर 2023 से मई 2024 तक ऑरिगो कंपनी द्वारा कृषि उपज का बीमा ही नहीं कराया गया था। वहीं, श्री शुभम लॉजिस्टिक कंपनी ने भी 25 अप्रेल से 12 जून तक 2790 करोड़ रु. की कृषि उपज का कोई बीमा नहीं कराया था। वर्तमान में भी करोड़ों रुपये की कृषि उपज बिना किसी इंश्योरेंस के गोदामों में रखी हुई है। यह उपज कृषि विभाग की थी, जिसे खाद्य विभाग के जरिये आमजन में वितरित किया जाता है। अगर बारिश, आग, चोरी अथवा सड़ने से गोदामों में रखी उपज का कोई नुकसान होता है तो सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी.डी.एस.) प्रभावित होती। परन्तु यह जानते हुए भी विधि विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

## लोक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विभाग ने गत 31 जनवरी को सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए थे कि वे संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश से परामर्श कर निचली अदालतों में लोक अभियोजकों की नियुक्ति के लिए वकीलों की पैनल लिस्ट तैयार कर उपलब्ध कराएं। इस सूची में प्रत्येक पद के लिए कम से कम तीन और अधिकतम पांच वकीलों को शामिल किया जाए। याचिका में बताया गया कि विभाग ने गत 26 जून को एक नया पत्र जारी कर जिला कलेक्टरों को आवेदन करने वाले वकीलों में से एक अतिरिक्त पैनल भेजने के निर्देश दिए। पत्र में यह भी कहा गया कि अतिरिक्त पैनल में पूर्व में प्रस्तावित नामों से अलग अधिवक्ताओं के नाम होने चाहिए। याचिका में कहा गया कि अतिरिक्त पैनल बनाने के पीछे मनचाहे वकीलों को लोक अभियोजक पद पर नियुक्ति देना है। ऐसे में नई पैनल लिस्ट से लोक अभियोजक पद पर नियुक्तियों को रोका जाए। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने नई पैनल लिस्ट से नियुक्तियां देने पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## सेबी चेयरमैन माधवी बुच के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

खेड़ा ने कहा, "2021-23 के दौरान, वर्तमान सेबी-अध्यक्ष को आई.सी. आई. सी.आई. बैंक से 2.84 करोड़ रू. के ई.एस.ओ.पी. मिला था। यह आई.सी.आई.सी.आई. एम्प्लॉयीज़ स्टॉक ऑप्शन स्कीम, 2000 की धारा 10 का उल्लंघन है।"

उन्होंने आगे कहा, "सेबी अध्यक्ष को, 2017 में उनके सेबी में आने से लेकर आज तक, आई.सी.आई.सी.आई. से कुल 16.80 करोड़ रू. प्राप्त हुये हैं, यह चौंकाने वाली राशि है। यह राशि इसी अवधि में उन्हें सेबी से हुई आय की 5.09 गुना है। इस अवधि में, उन्हें सेबी से 3.30 करोड़ रू. ही प्राप्त हुये हैं।"

कांग्रेस प्रवक्ता ने इस मामले में मोदी से भी अनेक प्रश्न पूछे हैं।

खेड़ा ने पूछा है, "नियामक संस्थाओं के प्रमुखों की नियुक्ति के सही एवं उचित मानक क्या हैं? क्या अपॉइन्टमेन्ट कमेटी ऑफ केबिनेट (ए.सी.सी.), जिसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री हैं, की जानकारी में ये स्तब्धकारी तथ्य हैं या क्या ए.सी.सी. प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रति पूरी तरह आउटसोर्स्ड है? क्या प्रधानमंत्री इस बात को जानते हैं कि सेबी अध्यक्ष किसी अन्य लाभ के पद पर हैं तथा सेबी में काम करने की अवधि में आई.सी.आई.सी.आई. से वेतन/आय प्राप्त कर रही हैं? सेबी अध्यक्ष को कौन बचा रहा है और क्यों? प्रधानमंत्री को अपनी स्थिति साफ करनी चाहिये तथा इन प्रश्नों के उत्तर देने चाहिये।"

इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'एक्स' पर कहा, "नरेन्द्र मोदी जी, आपने अपने चहेते मित्रों की मदद करने के लिये भारत की पुरानी संस्थाओं की स्वायत्तता एवं स्वतंत्रता को कुचलने के 10 साल पूरे प्रयास कर लिये हैं। यह चीज हमने सी.बी.आई., ई.डी., आर.बी.आई., सी.ई.सी. में नियुक्तियों के मामलों में देखी हैं, अब उसी चीज का सामना हम सेबी में कर रहे हैं।"

उन्होंने कहा, "आपने आवश्यक योग्यता के बिना ही सेबी के अध्यक्ष की नियुक्ति पहली बार सीधे एवं स्वैच्छिक प्रवेश द्वारा की। इससे सेबी की प्रतिष्ठा पर काला धब्बा लगा तथा इससे बाजार की इस नियामक संस्था की विश्वसनीयता कम हो गई। आखिर, सेबी कम तथा मध्यम आय वाले निवेशकों की गाढ़ी कमाई को संरक्षण प्रदान करती है।"

राज्यसभा में विपक्ष के नेता खड़गे ने कहा, "हमारी माँग है कि सर्वोच्च न्यायालय इन नये रहस्योद्घाटनों का संज्ञान ले। सेबी अध्यक्ष तत्काल बर्खास्त की जायें। अडानी मेगा स्कैम की जाँच के लिये जॉइन्ट पार्लियामेन्ट्री कमेटी (जे.पी.सी.) गठित की जाये। चूँकि सेबी अध्यक्ष की नियुक्ति मोदी - (अमित) शाह के नेतृत्व वाली कमेटी ने की थी, इसलिये वे भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े इन नये रहस्योद्घाटनों से स्वयं को अलग नहीं रख सकते।"

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908